ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



अवैध प्रवासन यूरोपीय देशों के लिए सबसे ... पेज 10 पर

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 18 दिसम्बर 2023 • वर्ष-30 • अंक-62 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

## गागर में सागर

### पलामू : सड़क दुर्घटना में एक भाई की मौत, दूसरा रिम्स रेफर

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के जेलहाता चौक के पास शनिवार देर रात घटित सड़क हादसे में एक भाई की जहां मौत हो गयी। वहीं गंभीर रूप से घायल दूसरे भाई को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। दर्दनाक हादसे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि ग्राम सिंगरा पूर्णाडीह निवासी महेंद्र राम के पुत्र मनी राम उम्र 35 वर्ष व बबलू कुमार उम्र 30 वर्ष शनिवार रात एक बजे अपने छोटे भाई को डालटनगंज रेलवे स्टेशन छोड़ने गये थे। वापस लौटते समय जेलहाता चौक के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंचे टीओपी तीन प्रभारी इंद्रदेव पासवान द्वारा दोनों को उपचारार्थ सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के क्रम में मनीराम मौत हो गयी। जबकि बबलू की गंभीर स्थिति को देखते हुये चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गयी है।

### हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में जिंदा जला बिहारी मजदूर का परिवार

**हिमाचल प्रदेश (एजेंसी)।** ऊना जिले के हरोली विधानसभा क्षेत्र में दर्दनाक हादसे में झुग्गी झोपड़ी में सो रहे बिहार के मजदूर के परिवार की जलने से मौत हो गई। मृतकों में नौ माह का बच्चा और पांच साल की बच्ची समेत 25 साल की महिला शामिल है।वहीं पुरुष को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया है।उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने 21 दिसंबर को सीडब्ल्यूसी की बैठक बुलाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हार के कुछ दिनों बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक बुलाई है, जो पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। यह बैठक 21 दिसंबर को बुलाई गई है। सीडब्ल्यूसी की बैठक तीन राज्यों में पार्टी की हार और हाल ही में संसद में बड़े पैमाने पर सुरक्षा चूक के मद्देनजर हो रही है। बैठक में 14 सांसदों - 13 लोकसभा से और एक राज्यसभा से - को शीतकालीन सत्र के शेष समय के लिए निलंबन पर भी चर्चा हो सकती है। 19 दिसंबर को भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन (इंडिया) ब्लॉक की बैठक निर्धारित की गई है। पार्टी नेता ने कहा कि सीडब्ल्यूसी के दौरान 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए पार्टी की रणनीति सहित कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### राम मंदिर से 7 दिन पहले जगन्नाथ मंदिर कॉरिडोर का उद्घाटन

**पुरी (एजेंसी)।** अयोध्या राम मंदिर से पहले ओडिशा की नवीन पटनायक सरकार ने पुरी में श्री मंदिर प्रोजेक्ट पूरा कर लिया है। अब राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से 7 दिन पहले पुरी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। 15 से 17 जनवरी के बीच जगन्नाथ मंदिर कॉरिडोर का उद्घाटन कार्यक्रम है। इसके लिए चार धाम समेत 1000 से अधिक मंदिरों को न्यौता भेजा गया है। दुनियाभर के प्रमुख हिन्दू मंदिरों और नेपाल के राजा को भी निमंत्रण भेजा है। प्रोजेक्ट में 943 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। ओडिशा में अगले साल विधानसभा चुनाव भी होने है, इसके मद्देनजर भी यह कार्यक्रम पटनायक सरकार के लिए काफी अहम माना जा रहा है। 15 से 17 जनवरी के बीच ओडिशा सरकार भव्य कार्यक्रम के जरिए पुरी में प्रतिष्ठित जगन्नाथ मंदिर के कॉरिडोर का उद्घाटन करने वाली है। इसे श्री मंदिर परिक्रमा प्रोजेक्ट नाम दिया गया जो 943 करोड़ की लागत से तैयार किया गया है।

### नागपुर में विस्फोटक बनाने वाली फैक्ट्री में विस्फोट, 9 की मौत

**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नागपुर में आज विस्फोटकों की एक फैक्ट्री सोलर इंडस्ट्रीज में हुए विस्फोट में 9 लोगों की मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस और अजित पवार ने घटनास्थल का दौरा किया है। विस्फोट उस समय हुआ जब कर्मचारी कोयला खदानों में इस्तेमाल होने वाले बूस्टर बनाने का कार्य कर रहे थे।

## लकड़ी बोटा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, एक फरार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व में इस समय लकड़ी की स्मगलिंग पर गहरी नजर रखी जा रही है। वन कर्मियों की तत्परता से वन क्षेत्र से साइकिल पर बेशकीमती लकड़ी का बोटा लेकर निकल रहे दो तस्करों को पकड़ लिया गया। वहीं मौका पाकर एक तस्कर साइकिल छोड़कर फरार हो गया। बेतला के रेंज अधिकारी शंकर पासवान ने बताया कि वन क्षेत्र की सुरक्षा के लिये वन कर्मियों को सख्त निर्देश दिये गये हैं। छिपादोहर पूर्वी रेंज स्थित ओपाग जंगल के रास्ते साइकिल पर साल व बीज का बोटा लेकर जा रहे तीन लोगों को



वन्यपाल नवीन कुमार प्रसाद के नेतृत्व में वन कर्मियों ने धर दबोचा। इस दौरान मौका पाकर एक व्यक्ति अपनी साइकिल वहीं छोड़कर फरार हो गया। पकड़े गये आरोपियों ने अपना नाम सुखलाल पहाड़िया उम्र 29 वर्ष व करमदेव पहाड़िया उम्र 18 वर्ष बताया। बताया जाता है कि बरामद लकड़ी की कीमत बाजार में 15 से 20 हजार रुपये है। वन कर्मियों ने पकड़े गये आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया है। रेंज अधिकारी ने बताया कि वन व वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से सतर्कता बरती जा रही है।

## विकसित भारत और भारत-लोकतंत्र की मातृका थीम पर तैयार होगी झांकी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में प्रदर्शित की जाने वाली झांकी के लिए झारखंड को भी आमंत्रित किया गया है। इसके लिए केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने झारखंड को सूचना दी है। मंत्रालय ने दो थीम पर राज्य की झांकी का निर्माण करने को कहा है। इनमें से एक है विकसित भारत और दूसरा है भारत-लोकतंत्र की मातृका। सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के



मुताबिक, इस थीम के आलोक में झारखंड के परिप्रेक्ष्य में नई दिल्ली में राज्य की झांकी के डिजाइन और निर्माण की तैयारी की जा रही है। निदेशालय ने इस कार्य में लोगों से भी सहयोग मांगा है। इसके लिए 21 दिसंबर तक लोगों को अपने विचार और सुझाव देने को कहा गया है। इसके लिए विभाग के सूचना भवन, मेयर्स रोड, रांची स्थित पते पर लेटर भेज कर सुझाव दिए जा सकते हैं या फिर ई-मेल iprd123@gmail.com के जरिये भी इसे शेयर किया जा सकता है।

### प्रधानमंत्री ने वाराणसी में केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से किया संवाद

# विकसित भारत यात्रा मेरी कसौटी, मेरी भी परीक्षा : पीएम

- तमिल संगमम के द्वितीय चरण का शुभारंभ करेंगे, स्वर्वेद महामंदिर का करेंगे लोकार्पण

**वाराणसी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को सांसद के नाते समय देकर सफल बनाने का दायित्व उनका भी है।

प्रधानमंत्री ने नदेसर स्थित छोटा कटिंग मेमोरियल परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी के अवलोकन के बाद केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार जो योजना बनाती है, जिसके लिए बनाती है, वह योजना बिना परेशानी के उसके पास तक पहुंचे। लाभार्थी को चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। कई लोगों को योजना का अब भी लाभ नहीं मिला है, तो हमने तय किया कि हम पता लगाएंगे तो हिसाब-किताब भी मिल जाएगा। ये यात्रा मेरी भी कसौटी है, मेरी





भी परीक्षा है। मैं आपसे सुनना चाहता था कि काम हुआ है कि नहीं। उन्होंने कहा कि गरीब कहता है कि मेरे घर चूल्हा आते ही गरीब और अमीर का भेद मिट गया। पक्का घर मिलते ही आत्मविश्वास बढ़ गया। जिन्होंने आयुष्मान कार्ड का लाभ उठाकर गंभीर से गंभीर बीमारियों के इलाज का फायदा उठाया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में नंदघर पहुंचे प्रधानमंत्री ने बच्चों से मुलाकात की। छोटे-छोटे बच्चों से संवाद भी किया। बच्चों से सवाल पूछे।

इसके बाद विभिन्न सरकारी योजनाओं के स्टाल पर जाकर उनके बारे में जानकारी ली। लाभार्थियों से भी मिले। उनसे योजनाओं तक आसान हुई पहुंच के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने आयुष्मान योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को अपनी कसौटी बताया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'विकसित भारत' का संकल्प भी लोगों को दिलाया। यहां से प्रधानमंत्री एक भारत-श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत नमो घाट पर आयोजित तमिल संगमम के द्वितीय चरण का शुभारंभ करेंगे। साथ ही कन्याकुमारी-वाराणसी तमिल संगमम ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री बरेका गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। सोमवार को प्रधानमंत्री चौबेपुर उमरहा में विहंगम योग संत समाज के 100वें वार्षिकोत्सव समारोह में भाग लेंगे। स्वर्वेद महामंदिर धाम के प्रथम चरण के निर्माण का लोकार्पण करेंगे।

### एंबुलेंस को रास्ता देने के लिए पीएम मोदी ने अपना काफिला रोका

**वाराणसी (यूपी) (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वाराणसी में अपने रोड शो के दौरान एक एम्बुलेंस को रास्ता देने के लिए अपना काफिला रोक दिया। प्रधानमंत्री के वाहनों का काफिला एक बैरिकेड वाली सड़क के किनारे रुक



गया, जबकि एम्बुलेंस को उसके बगल से जाने दिया गया। प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर हैं, जहां वह वाराणसी और पूर्वांचल के लिए 19,000 करोड़ रुपये से अधिक की 37 परियोजनाओं का शुभारंभ और उद्घाटन करेंगे। इसमें सड़क और पुल, स्वास्थ्य और शिक्षा, पुलिस कल्याण, स्मार्ट सिटी और शहरी विकास परियोजनाएं, रेलवे और हवाई अड्डों को लेकर परियोजनाएं शामिल हैं।

## कोयला लदी मालगाड़ी बेपटरी एनटीपीसी को लाखों का नुकसान



नवीन मेल संवाददाता

**साहिबगंज।** साहिबगंज के बोरियो प्रखंड के तेलो बथान टोला में मालगाड़ी का वैक्यूम काटने के कारण ट्रेन बेपटरी हो गयी। गनीमत रही कि इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटनास्थल पर ट्रैक को दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है। अनुमान है कि ट्रैक को दुरुस्त करने में तीन दिन का समय लग सकता है। फरक्का से क्रेन और कई तरह की मशीनें मंगाई जा रही हैं। इस हादसे से एनटीपीसी को लाखों के नुकसान का अनुमान है। रविवार सुबह करीब 3.30 बजे एनटीपीसी का 3,360 मिट्रिक टन कोयला लेकर ललमटिया से फरक्का जा रही तभी एक मालगाड़ी की चार बोगी बोरियो प्रखंड के तेलो बथान टोला के पास बेपटरी हो गयी। कोयला चोरों के द्वारा मालगाड़ी का वैक्यूम खोल देने के कारण ट्रेन घंटों रुकी रही। इसके बाद जैसे ही ट्रेन आगे बढ़ी वैसे ही मालगाड़ी की चार बोगी ट्रैक से नीचे उतर गई। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही एनटीपीसी फरक्का के जीएम और डीजीएम ने घटनास्थल का मुआयना किया।

## विवाह पंचमी पर मना सीता-राम विवाहोत्सव



**मेदिनीनगर।** निवारनपुर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर तपोवन मंदिर में विवाह पंचमी के उपलक्ष्य श्रीराम विवाहोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कुसाई कालोनी स्थित श्रीराम मंदिर से दुल्हा श्रीराम के साथ भव्य बारात निकाली गयी। बैंड बाजे के थाप पर नाचते-गाते बाराती निवारनपुर तपोवन मंदिर पहुंचे। बारात के स्वागत में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने दिव्य आतिशबाजी की। बाराती में पुजारी कृष्ण कुमार पांडेय, प्रेमलता मिश्रा, राधा देवी, डीके तिवारी आदि शामिल रहे। जबकि बारातियों का स्वागत तपोवन मंदिर के महंत ओमप्रकाश शरण ने किया। इस दौरान परंपरागत मांगलिक गीत के मध्य सीता-राम का विवाह विधि-विधान पूर्वक संपन्न कराया गया। कार्यक्रम मे मुदित धरणीधरका, अमित बजाज, उत्कर्ष पोद्दार, अयोध्या दास आदि मौजूद रहे। अंत में सभी को महाप्रसाद दिया गया।

### कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भाजपा पर उठाए सवाल

## संसद की सुरक्षा उल्लंघन पर बहस से भाग रहे पीएम मोदी

### भारत की सभी पार्टियां गृह मंत्री से बयान की मांग कर रही : रमेश

### विपक्ष पर मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया भाजपा ने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर संसद में सुरक्षा उल्लंघन पर बहस से भागने का आरोप लगाया। कांग्रेस के मुताबिक, संसद के कक्ष में कूदने वालों को दर्शक दीर्घा में प्रवेश की मंजूरी मैसूर के भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा ने दी थी और इससे पार्टी पर सवाल खड़े हो सकते है। विपक्षी दल का हमला तब हुआ जब पीएम मोदी ने कहा कि संसद में सुरक्षा उल्लंघन की गंभीरता को कम करके नहीं आंका जा सकता है और संसद में विपक्ष के विरोध के बीच इस मुद्दे पर कोई झगड़ा नहीं करने का आह्वान किया। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, 'प्रधानमंत्री ने आखिरकार 13 दिसंबर को लोकसभा में हुई असाधारण घटनाओं पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उनका कहना है कि बहस की नहीं बल्कि जांच की जरूरत है और ऐसी जांच चल रही है।' रमेश ने कहा कि भारत की सभी पार्टियां गृह मंत्री के एक बयान की मांग कर रही हैं और इसके लिए दबाव डालना जारी रखेंगी कि 13 दिसंबर को क्या हुआ और वास्तव में यह कैसे हुआ। लोकसभा में घुसपैठियों के प्रवेश को सुविधाजनक बनाने में मैसूर के भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा की भूमिका पर सवाल उठाए जाएंगे।' इधर प्रधानमंत्री ने कहा कि जांच एजेंसियां घटना की जांच कर रही हैं और कड़े कदम उठा रही हैं, यह देखते हुए कि इसके पीछे के लोगों और उनके उद्देश्यों की जड़ तक जाना भी उतना ही आवश्यक है।

### शाह से मांगा गया इस्तीफा

वहीं, कुछ सदस्यों ने शाह का इस्तीफा भी मांगा है। सरकार ने जोर देकर कहा है कि संसद परिसर में सुरक्षा की जिम्मेदारी लोकसभा सचिवालय की है और वह अध्यक्ष के निर्देशोंका पालन कर रही है। इसमें विपक्ष पर मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुए अतीत में भी ऐसे कई उल्लंघनों का हवाला दिया है।

## शिक्षा के बड़े मंदिरों में भ्रष्टाचार और राजभवन



सुनील बादल

**झारखंड** के कुलाधिपति राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कुछ दिनों पूर्व एक समारोह में जो कहा था वह 23 साल के झारखंड पर एक ऐसी सटीक टिप्पणी थी जिसकी सर्वत्र चर्चा हो रही है। उन्होंने दो बातें कहीं पहली तो यह कि कुलपतियों की नियुक्ति में पैसे लिए जाते हैं जो अब नहीं होगा और पता चलने पर उन्हें हटा दिया जाएगा। दूसरी महत्वपूर्ण बात उन्होंने विश्वविद्यालयों के संदर्भ में कही कि सिर्फ.बिल्डिंग बनाने पर नहीं रैंकिंग यानी रिजल्ट सुधारने पर ध्यान दीजिए। देश के अन्य विश्वविद्यालयों में भी भ्रष्टाचार की शिकायतें चर्चित होती रहीं हैं पर बिहार-झारखंड की बात ही अलग है। बिहार के जमाने से ही विश्वविद्यालय राजनीति के केंद्र रहे हैं क्योंकि नियमतः वहां कार्यरत शिक्षक चुनाव तक लड़ सकते हैं और ऐसे अनेक उदाहरण भी हैं जब बड़े नामचीन लोग नेता मंत्री के अलावा विश्वविद्यालय दोनों से वेतन आदि का आर्थिक लाभ लेते रहे और नेता से रिटायर होकर बिना पढ़ाए प्रोफेसर या प्रिंसिपल तक बन गए। नेताओं की अनेक पौध भी इन्हीं विश्वविद्यालयों से निकली भी पर दिनों दिन बढ़ती दलीय राजनीति से न सिर्फ इन विख्यात विश्वविद्यालयों का शैक्षिक माहौल खराब हुआ बल्कि पैरवी पहुंच के बलबूते अनेक आरोपी और भ्रष्ट लोग भी बड़े बड़े पदों पर पहुंच गए। नियुक्तियों से लेकर खरीददारी तक में सवाल उठ खड़े हुए और पूर्व राज्यपाल ने तो कड़े कदम उठाकर स्थानांतरण से लेकर बर्खास्त तक ऐसे लोगों को किया। सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति राधाकृष्णन ने भ्रष्टाचार के आरोपों पर कार्रवाई करते हुए धनबाद के बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सुखदेव भोई को बर्खास्त कर दिया था। संवाददाताओं से उन्होंने कहा था, ''भ्रष्टाचार कोई नई घटना नहीं है। हर कोई इसे खत्म करना चाहता है। हमें 100 प्रतिशत भरोसा है कि हम अपने सभी विश्वविद्यालयों में शून्य भ्रष्टाचार सुनिश्चित करेंगे।" उन्होंने कहा कि उनका कार्यालय इस दिशा में काम कर रहा है। राज्यपाल ने भरोसा जताते हुए कहा, ''हम इसे यथासंभव कम से कम समय में करेंगे।"

जिस संस्थान में देश की भावी पीढ़ी यह सब देखेगी वह आगे चलकर कितनी चरित्रवान या विद्रोही होगी यह तो समय बताएगा पर इतना तो तय है कि अभिभावक सरकारी सहायता से चलने वाले इन विश्वविद्यालयों में जिनकी पढ़ाई का स्तर और सत्र या अन्य गतिविधियां संतोषजनक ना प्रतीत हों अपने बच्चों को या तो अन्य राज्यों में भेजना पसंद करेंगे या झारखंड बिहार में बिना समुचित परिसर या सुविधाओं के धड़ाधड़ खुल रहे निजी विश्वविद्यालयों में। सभी सरकारी विश्वविद्यालय ऐसे हैं नहीं कहा जा सकता आज भी कई ने लाखों प्रतिभावान नागरिक दिए हैं पर सभी अच्छे हैं यह भी नहीं कहा जा सकता।कई विश्वविद्यालय तो भव्य भवनों के साथ सामान्य से कम रिजल्ट दे रहे हैं जबकि प्रिंसिपल या कुलपति जैसे अधिकारियों का जोर पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारने के बजाय फर्नीचर या अन्य संसाधन खरीदने से लेकर बिल्डिंग बनाने पर ज्यादा रहता है जिसपर राज्यपाल महोदय ने कड़ी टिप्पणी की है । सरकारी स्कूलों की तरह बच्चों की उपस्थिति की ऑनलाइन एंट्री और अवांछित लोगों की विश्वविद्यालयों में रोक तथा भ्रष्टाचार पर रोक के लिए आई कार्ड की अनिवार्यता तथा सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति जैसे उपाय भी होने चाहिए। रांची विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के भव्य भवन में महीनों से जबरन परीक्षा टेबुलेशन सेंटर खोल दिया गया है। सुदूरवर्ती अनेक महाविद्यालों में उपस्थिति कम होने के कारण अनेक हैं जिन्हें कई बार डर से लोग नहीं बताते । फैकल्टी की नियुक्ति में भी जाति,धर्म और राजनैतिक पैरवी के बलबूते लोग पहुंचते हैं जिसकी सूचना सीधे राजभवन तक भेजने की शुरूआत हो तो निश्चित ही सुधार संभव है और पुराने गौरवपूर्ण दिन वापस आ सकते हैं। राजभवन की पहल के साथ आमजन भी भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए आगे आएं तभी ऐसा संभव है।

## अवैध संबंध में मारा गया संजय पत्नी और साले ने दी सुपारी

### पत्नी सालो देवी सहित आठ गिरफ्तार, साढ़े चार लाख की दी थी सुपारी

**रांची।** रांची के सदर थाना क्षेत्र के बुटी बस्ती में समाजसेवी व जमीन कारोबारी संजय पाहन की हत्या का खुलासा रविवार को पुलिस ने कर दिया। पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि हत्या का मूल कारण एक अन्य महिला से संजय पाहन का अवैध संबंध और पत्नी सालो सहित बच्चों की लगातार उपेक्षा थी। इस मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी सालो देवी सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि संजय पाहन की हत्या उसकी पत्नी सालो देवी ने अपने भाई (साला) कमरु नाग के साथ मिलकर करायी थी। इसके लिए दोनों ने साढ़े चार लाख रुपये की सुपारी दी थी। एसएसपी ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश में आई है कि विगत एक-डेढ वर्ष से संजय पाहन अपनी पत्नी से अलग किसी दूसरी महिला के संपर्क में थे और अधिकतम समय दूसरी महिला के साथ ही व्यतीत करने थे। अपनी पत्नी और चार बेटी और एक बेटा पर ध्यान नहीं दे रहे थे। इसके कारण उनकी अपनी पत्नी सालो देवी से अक्सर विवाद होते रहता था। संजय प्रायः रोज देर रात शराब के नशे में घर लौटता था।

### दुर्व्यवहार व मारपीट से ऊब चुकी थी सालो

पत्नी और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार एवं मारपीट के कारण पत्नी सालो देवी इस हद तक ऊब चुकी थी कि उन्होंने आपबीती अपने भाई कमरू और गांव के चाचा मानवेल उर्फ छोटू को बताई। वह भाई और चाचा पर किसी तरह अपने पति संजय पाहन को रास्ते से हटाने के लिए दबाव देने लगी। तब सालो देवी के भाई कमरू नाग और मानवेल उर्फ छोटू ने डोरंडा के आशीष नेपाली से संपर्क कर संजय पाहन की हत्या की सुपारी दे दी। आशीष नेपाली ने अपने सहयोगी सूरज कुमार, सूरज ठाकुर और पीएलएफआई के पूर्व उग्रवादी धनेश्वर भगत के साथ मिलकर योजना बनाई। इसके बाद दाउद एक्का उर्फ बच्चा और मृतक की पत्नी सालो देवी के साथ सुनियोजित ढंग से संजय पाहन की हथोड़ा से जख्मी कर गोली मारकर उसकी हत्या दी।

## गागर में सागर

### वार्ड 16 में जल निकासी की समस्या दूर

**मेदिनीनगर।** नगर निगम द्वारा शहर के वार्ड 16 में जलनिकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुये क्षतिग्रस्त नाली की मरम्मत की गयी। नागरिकों ने बताया कि लंबे अरसे से नाली क्षतिग्रस्त होने के कारण नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। जन समस्या को देखते हुये नगर निगम द्वारा युद्धस्तर पर मरम्मती का कार्य कराया गया। इससे नागरिकों ने राहत की सांस ली है।

### सिगसिगी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक



बैठक में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता

**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की बैठक मंडल अध्यक्ष अनुज चौधरी की अध्यक्षता मे की गई। मंच संचालन महामंत्री संजय मेहता ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डा. ईश्वर सागर चंद्रवंशी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं द्वारा बूथ सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। मौके पर प्रभारी पंकज तिवारी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, मीडिया प्रभारी उपेंद्र तिवारी, महामंत्री प्रदीप चौधरी, मंत्री मनोज बैठा, सोशल मीडिया प्रभारी जोगिंदर पासवान, राहुल गुप्ता,कोषाध्यक्ष विक्रांत कुमार मौजूद थे।

### पीएम मोदी के सपने को करेंगे साकारः मनोज

**पाटन।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज



विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल लोग

पाटन प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार और पाटन-छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने लोगों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण को लेकर सभी तनमन से जुट जायें। आनेवाले समय में भारत एक बार फिर से विश्वगुरू बनाना है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लाभार्थियों के संवाद को सभी ने ध्यानपूर्वक सुना। इस मौके पर भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पुजारी श्यामसुंदर वैद्य के दाहसंस्कार में उमड़े लोग

**हरिहरगंज।** शहर के मेन बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित श्यामसुंदर वैद्य (90 वर्ष) के रविवार को दाह संस्कार में हजारों लोगों ने सहभागिता की। वे करीब 60 वर्षों से दुर्गा मंदिर में क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि के लिए अनुष्ठान करते रहे थे। उनकी शव यात्रा में रविवार को दुर्गा मंदिर से निकलकर मेन बाजार, एनएच 98 , महावीर मंदिर, थाना रोड़ होते बटाने नदी घाट पहुंची। जहां मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र महावीर मंदिर के मुख्य पुजारी वृंदावन बिहारी लाल ने दी। शव यात्रा में जगह-जगह फूलों की वर्षा होती रही तथा गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़े के साथ लोग श्मशान घाट पहुंचे। क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने भी शोक संवेदना व्यक्त की है । शव यात्रा में वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल, व्यवसायी भोला गुप्ता, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह ,पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता,भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा, रॉबर्ट गुप्ता, पुरुषोत्तम जायसवाल, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, चंदन जायसवाल, मुन्ना विश्वकर्मा, सोनू जायसवाल, सनी गुप्ता, शिक्षक सुरेश सिंह, बीनू जायसवाल, अजय स्वर्णकार, एनसीपी नेता अजय सिंह शामिल थे।

### चोरी का धान बरामद, आरोपी को भेजा गया जेल

**हैदरनगर।** मोहम्मदगंज स्थित रविवारीय बाजार निवासी रामजी चौरसिया को धान चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि आरोपी पर दूसरे के खेत से धान का बोझा चोरी करने के संबध में दिलीप चौरसिया ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि मोहम्मदगंज निवासी दिलीप चौरसिया के खेत में काटकर कुल 49 बोरा में रखे गये 22 क्विंटल धान के बोझा को मोहम्मदगंज निवासी रामजी चौरसिया, उसके परिजन व सहयोगियों ने गुरुवार की रात चोरी करने का मामला आया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने छानबीन के बाद रविवारीय बाजार स्थित सरकारी भवन के कमरे से उक्त सभी चोरी के धान को बरामद भी कर लिया गया है।

---

जिला पैक्स अध्यक्ष संघ ने दी आन्दोलन की चेतावनी

## धान अधिप्राप्ति केन्द्र नहीं खुलने से किसानों को हो रही परशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पैक्स संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि किसानों के लिए महत्वाकांक्षी योजना धान अधिप्राप्ति पलामू में पूरी तरह से फेल हो चुकी है। अभी तक सरकार द्वारा धान अधिप्राप्ति केंद्र नहीं खोलने के कारण किसान अपना धान औने-पौने दामों में बिचौलिये के हाथों बेचने के लिए मजबूर हैं। केंद्र खुलने के इंतजार में लगभग 50 प्रतिशत किसान अपना धान बेच भी चुके हैं। केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य रु. 2183 और राज्य सरकार द्वारा निर्धारित रु.117 प्रति क्विंटल बोनस की राशि मिलाकर 2300 प्रति क्विंटल होता है, जो किसान के लागत के बराबर भी नहीं है। दोनों सरकारें किसान विरोधी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की माली हालत दिन-प्रतिदिन दयनीय होती जा रही है। अगर सरकार किसानों की भलाई चाहती है तो धान का समर्थन मूल्य कम से कम 2500 रुपए प्रति क्विंटल और बोनस की राशि 500 रुपए, यानी 3000 रुपए प्रति क्विंटल मिलना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर इस पर सरकार गंभीरतापूर्वक विचार नहीं करती हैं तो किसान आन्दोलन करने को बाध्य होंगे। जिसकी जिम्मेदारी शासन -प्रशासन की होगी।

---

धूमधाम से नगर में निकली श्री राम की बारात, बरसे फूल

## राम विवाह में खूब बजे झूमर व मंगल गीत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर स्थित राम मंदिर में रविवार को पारंपरिक तीन दिवसीय राम विवाह महोत्सव मनाया गया। इस महोत्सव का शुभारंभ 15 दिसंबर को रामाचर्या पूजन के बाद 16 दिसंबर को हल्दी व मटकोड़ का रस्म पूरा कर किया गया। अपने आराध्य श्री राम-सीता के विवाहोत्सव को लेकर रविवार को सुबह से ही हैदरनगर में मंगल गीत शुरू हो गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को झालरों व रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों से सजाया गया है। जगदगुरु गोविंदाचार्य स्वामी जी महाराज व निर्मल स्वामी जी महाराज के सानिध्य में मुख्य पुजारी पं. जयप्रकाश स्वामी के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में पं. अमर अभय शास्त्री, लवकुश शास्त्री, संदीप शास्त्री, रामानुज शास्त्री, राधे शास्त्री ने वैदिक मंत्रों के साथ राम सीता का विवाह कराया। मंदिर में परंपरागत रुप में विभिन्न पूजन व



श्रीराम दरबार का मनमोहक दृश्य

अनुष्ठान के बाद सबसे पहले भगवान श्री राम व माता जानकी के विवाह में तिलकोत्सव, हल्दी, मेंहदी, तेल पूजा, मंड़वा, घृतधारी, बारात, जयमाला, हल्दी की रस्म पूरी की गई। श्रीराम व सीता को फूल मालाओं से सजाकर अलंकृत किया गया। पिता जनक के रुप में धनंजय सिंह सह पत्नी अंजू सिंह व प्रभु राम के पिता दशरथ की भूमिका कामता दूबे और माता कौशल्या के रुप में सुधा देवी ने अपनी भूमिका का बखूबी निर्वहन किया। भंडारे में सैकड़ों भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्थापक डा. अजय जायसवाल, पिंटू सोनी, कृष्णा लाल अग्रवाल, कमलेश प्रजापति आदि कई युवाओं का योगदान विशेष रहा । सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार सिंह, समाजसेवी अरविंद सिंह, युवा समाजसेवी मुकेश कुमार मेहता ने भी सहयोग किया।

---

विश्रामपुर में लगा श्रीसर्वेश्वरी समूह का मेगा स्वास्थ्य शिविर

## 25 डाक्टरों ने किया चार हजार मरीजों का इलाज

### आवश्यकतानुसार जांच के बाद चिकित्सकों द्वारा मरीजों को परामर्श दिया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्रीसर्वेश्वरी समूह द्वारा विश्रामपुर के जनता उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 25 से ज्यादा विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने एलोपैथ और होम्योपैथ पद्धति से लगभग चार हजार मरीजों का जांचोपरांत उपचार किया गया। मरीजों को दवा भी निःशुल्क दिया गया। शिविर में पैथोलाजी सेंटर भी लगाया गया। जिसमें आवश्यकतानुसार जांच के बाद चिकित्सकों द्वारा मरीजों को परामर्श दिया गया। इससे पहले शिविर का उद्घाटन गुरुपद संभव राम जी ने



शिविर का जायजा लेते गुरुपद

परमपूज्य अवधूत भगवान राम जी की पूजा अर्चना कर किया। उन्होंने शिविर में लगाये गये सभी स्टालों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर भाजपा के राजमहल विधायक अनंत ओझा व पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी मौजूद रहे। मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन सर्वेश्वरी समूह के प्रयागराज शाखा और प्रमंडलीय समूह शाखाओं ने मिलकर किया था। समूह के डालटनगंज शाखा उपाध्यक्ष रागिनी राय ने शिविर की सफलता के लिए इसमें सक्रियता के साथ कार्य करने वालों के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि श्रीसर्वेश्वरी समूह मानव मात्र के कल्याण का कार्य करती रहेगी। मौके पर विश्रामपुर राजपरिवार के मुखिया रंजीत राय, मंत्री प्रताप नारायण शाही ,व्यवस्थापक योगेंद्र सिंह ,प्रचार मंत्री अनुराग सिंह, अजय बक्स राय ,राहुल सिंह, सनत चटर्जी , मनीष ,विवेक ,मंटू सिंह अरुण कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव,अजय बक्स राय, रंजीत सिंह, रणधीर सिंह, राजेंद्र केशरी, नागेंद्र प्रसाद पांडेय, राजन पांडेय, रामपुकर पांडेय, रामू वाजपेयी, तीर्थराज सिंह, प्रमोद सिंह, जितेंद्र बहेलिया, धर्मेंद्र चौधरी, टुन्नु बक्सराय, सुनील कुमार चौधरी,पूनम देवी,विजय कुमार रवि,आगम दास सहित कई लोग मौजूद थे।

---

## टूर्नामेंट में लपेया ने दमवा को 3-0 से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के कर्पूरी मैदान पर खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में रविवार का मैच हैदरनगर प्रखंड के लपेया बनाम पिपरा प्रखंड के दमवा के बीच खेला गया। पहले हाफ से ही दमवा की टीम संघर्ष करती हुई नजर आई। दूसरी तरफ लपेया ने आक्रामक खेल जारी रखा और एक बाद एक लगातार तीन गोल कर मैच को 3-0 से अपने नाम कर लिया। इस मैच के दौरान अनुमंडल मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा। इसके पूर्व मुख्य अतिथि किसान ब्रिगेड के हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष भोला पासवान, मशहूर फुटबालर जयकुश सिंह, डबल सिंह, विनय कुमार सिंह, समाजसेवी प्रेमचंद चौधरी, गणेश प्रजापति व जय प्रकाश ने सभी खिलाड़ियों से मिलकर उनकी हौसला अफजाई की। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन कर क्वार्टर फाइनल में क्वालीफाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। निर्णायक की भूमिका का निर्वहन सुदय सिंह, सगीर अहमद, नेहाल मिर्जा व तकि रिजवी ने किया। मौके पर शुभम सिंह, पियूष पाठक, वीर बहादुर सिंह, सुदेश प्रजापति, प्रवीण कुमार सिंह उपस्थित थे। प्रतियोगिता में सोमवार का मैच काजीनगर बनाम पतरा कला के बीच अपराह्न दो बजे से खेला जाएगा।



दोनों टीमों के खिलाड़ी

---

## सीओ ने गरीबों में किया कंबल वितरण



जरुरतमंदों को कंबल देते सीओ

**नवन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के न्यू बस स्टैंड, पुरानी बस स्टैंड, मछली मार्केट तथा कॉलेज मोड सहित आधा दर्जन से अधिक जगहों पर शनिवार की शाम सीओ यामुन रविदास ने अलाव की व्यवस्था करायी। वहीं गरीब, निर्धन तथा दिव्यांग लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया। इस दौरान सीओ ने शहर के विभिन्न चौक, चौराहा पर अलाव जलवाने के साथ ही शहर वासियों से मिलकर उनकी समस्याओं को भी जानने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए शहरी क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गयी है। इस मौके पर नाजिर प्रीतम प्रफुल्ल एक्का, राहुल कुमार, अमित रंजन गुप्ता, जितेंद्र कुमार, संतोष उरांव, विश्वनाथ राम, श्याम कुमार , पप्पू चौधरी मौजूद थे।

---

लामबंद ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से की तत्काल कार्रवाई की मांग

## डबल कनेक्शन का बिजली बिल आने से उपभोक्ता परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के ग्रामीण अंचलों में बगैर कनेक्शन लिये ही बिजली विभाग द्वारा डबल कनेक्शन का बिल भेज दिये जाने से नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि कभी गरीब लोगों को बिजली कनेक्शन लेने के लिये बिजली विभाग का चक्कर लगाना पड़ता था। तब बिजली का कनेक्शन मिल पाता था, लेकिन अब बिना परेशान हुए एक ही व्यक्ति के नाम से दो-दो बिजली कनेक्शन का बिल भेज दिया जा रहा है। हरिहरगंज प्रखंड के जहाना गांव में लगभग दो दर्जन घरों में दो-दो बिजली कनेक्शन का बिल आने से ग्रामीण सकते में हैं। गांव के रौशन कुमार, प्रयाग राम, संजय भुईयां, सुमित्रा देवी, कईल



प्रदर्शन करते ग्रामीण

भुइयां आदि ने बताया कि हम लोगों के नाम पर बिजली विभाग से दो-दो बिल आया हुआ है। साथ ही विभाग के अधिकारियों द्वारा बगैर नोटिस दिए प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। स्थिति यह है कि नियमित रूप से बिल का भुगतान करने के बाद भी हजारों रूपये बिल अवशेष बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने विभाग के उच्च पदाधिकारी से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। मौके पर सीपीआई के नेता जनेश्वर भुइयां, राजेश कुमार, सागर कुमार, धनंजय प्रजापति, अंजली देवी आदि मौजूद रहे।

---

विधायक ने निकाह भवन का ऑनलाइन किया शिलान्यास

## सबका काम, सबका सम्मान एनसीपी की नीतिः कमलेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हैदरनगर के बंशीपुर-बभंडी में निकाह भवन निर्माण कार्य व संतोषडीह में मुख्य पथ से मंदिर तक पीसीसी पथ का ऑनलाइन शिलान्यास किया। शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह की उपस्थिति में किया गया। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के एक-एक गांव का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सबका काम और सबका सम्मान की नीति रखती है। क्षेत्र के सभी लोग उनके परिवार के समान हैं। जात-पात और धर्म की राजनीति से विकास नहीं हो सकता। सभी को साथ लेकर चलने में वह विश्वास रखते हैं। विधायक



शिलान्यास करते विधायक प्रतिनिधि

प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि विधायक कोटे की राशि जनता द्वारा पारित योजनाओ पर खर्च होती है। मौके पर गुड्डू सिंह, समाजसेवी सेराज अंसारी, उप प्रमुख पप्पू कुमार पासवान, मुखिया जितेंद्र सिंह, मोजीबुद्दीन अंसारी, धीरज सिंह, सुरेंद्र सिंह, मोबिन अंसारी, प्रमोद सिंह, संजय सिंह, रेयाजुद्दीन अंसारी, रविंद्र सिंह, संजय सिंह, रविरंजन सिंह मौजूद थे।

---

### शीतलहर की चपेट में पलामू

मेदिनीनगर। तापमान में भारी गिरावट के साथ पलामू भीषण शीतलहर की चपेट में आ गया है। प्रतिकूल मौसम का बच्चों व बुजुर्गों पर सर्वाधिक दुष्प्रभाव देखा जा रहा है। लुढ़कते पारे ने सूरज की तपिश को भी थाम रखा है। दिन में भी लोगों के हाथ-पांव ठिठुर रहे हैं। तापमान में गिरावट के कारण सुबह मार्निंग वाक पर निकलने वालों की संख्या में भी भारी कमी दर्ज की गई है। टहलने वालों से गुलजार रहने वाले पार्कों में वीरानी देखी जा रही है। चिकित्सकों ने इस मौसम में लोगों को खान-पान सहित दिनचर्या में विशेष सावधानी बरतने की हिदायत दी है। जाड़े के मौसम में गरीबों की परेशानी बढ़ गई है।

---

## अब्बास अंसारी बने मुस्लिम समाज के अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला धरहरा मदरसा में रविवार को मुस्लिम समाज की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट अजीमुद्दीन अंसारी ने की। बैठक में आज के परिवेश में मुस्लिम समाज में फैल रही कुरीतियों से लोगों को बचाने के लिए विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के बिना ही किसी भी समाज में बुराईयां फैलती है। इसलिए आज के परिवेश में मुस्लिम समाज के लोगों को अपने बाल बच्चों को शिक्षित करना जरूरी है। इस दौरान इसलाहूल मुस्लेमीन कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अब्बास अंसारी को अध्यक्ष, शिक्षक जुबैर अंसारी को सचिव, शमशेर आलम व मो. अली को उपाध्याक्ष, सुलतान अंसारी को उपसचिव , अब्दुल कुद्दुस अंसारी व इजहार अंसारी को संरक्षक बनाया गयां। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पूर्ण निष्ठा के साथ दायित्व निर्वहन का संकल्प जताया।इस मौके पर असलम अंसारी, यासीन अंसारी, सगीर अंसारी, बसरुद्दीन अंसारी मौजूद थे।



बैठक में उपस्थित मुस्लिम समाज के लोग

---

बीआरसी भवन में बैठक कर कल रांची पहुंचने की भरी हुंकार

## सहायक अध्यापकों ने बनाई विधान सभा घेराव की रणनीति



बैठक करते सहायक अध्यापक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** विधानसभा घेराव को लेकर रविवार को सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के सभी सहायक शिक्षकों ने प्रखंड अध्यक्ष ललन साव की अध्यक्षता में बीआरसी भवन के प्रांगण में बैठक की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि झारखंड सरकार ने सहायक शिक्षकों के साथ वादा करके मुकरने वाला काम किया है। उसका कड़ा विरोध करते हुए मंगलवार को विधान सभा का घेराव किया जायेगा। प्रखंड अध्यक्ष ललन साव ने कहा कि सरकार समझ ले। यह चेतावनी नहीं है। विधान सभा का घेराव क्रांतिकारी रूप लेगा। सहायक शिक्षक अब किसी भी दबाव के आगे घुटने नहीं टेकेंगे। मौके पर अर्जुन मेहता, संजय कुमार यादव,सुनील गांधी,जीवन कुमार,भीम साहू, विदेशी साव, विनोद चौधरी, मोहम्मद असगर, श्रवण राम,दिनेश विश्वकर्मा, हबीबुल्लाह अंसारी,राजेश महतो, लीलू सिंह, ओम प्रकाश सिंह, निरंजन कुमार, संजय लकरा, अशोक कुमार, विनोद यादव, कर्मचंद गांधी मौजूद थे।

---

**अनुकरणीय**

बालिका उच्च विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## गरीबों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना पुनीत कार्यः प्रमुख

### हुसैनाबाद के लिए गर्व की बात है कि यहां के डाक्टर रांची में सेवा दे रहे हैः राजकुमारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर के सिंघना गांव निवासी रांची के हॉपवेल हॉस्पिटल के मुख्य सर्जन डा. शाहबाज आलम के सानिध्य में रविवार को प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय हुसैनाबाद परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, नगर पंचायत हुसैनाबाद के निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार, डाक्टर नादिर रिजवी, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मसरूर अहमद, आरजेडी



शिविर को संबोधित करते अतिथि

नेता राज अली ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में सकड़ों मरीजों की जांच कर दवा दी गई। प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कार्यक्रम में कहा कि हुसैनाबाद के लिए गर्व की बात है कि यहां के डाक्टर रांची में सेवा दे रहे हैं। शशि कुमार ने कहा कि क्षेत्र के चिकित्सक होने का लाभ आम लोगों के साथ गरीब मरीजों को भी मिलेगा। सर्जन डाक्टर शाहबाज आलम ने कहा कि पलामू से उनका आत्मिक लगाव है। उन्होंने दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भी काम किया। मगर उन्हें अपने क्षेत्र के लोगों की सेवा करने के जज्बा ने रांची आने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने बताया कि पेट से संबंधित सभी तरह की आधुनिक सर्जरी उनके अस्पताल में होती है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना का लाभ मरीजों को अधिक से अधिक मिले, इसका वह ख्याल रखते हैं। कार्यक्रम में असलम खान,रिजवान खान, नसीम खान, दिनेश सिंह, विरेंद्र सिंह के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## गागर में सागर

### अवकाश प्राप्त मजिस्ट्रेट भोला बाबू नहीं रहे



**मेदिनीनगर।** शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता सह बांका बिहार से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रहे भोला प्रसाद अग्रवाल का रविवार की सुबह नई मुहल्ला स्थित आवास पर निधन हो गया। मृत्यु का कारण अधिक उम्र का होना बताया जा रहा है। उनकी मृत्यु पर शहर के कई प्रबुद्ध लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। उनके भतीजे अरविन्द अग्रवाल ने बताया कि उनकी मृत्यु से एक युग का अंत हो गया है। उनकी सादगी से पूरा शहर प्रभावित रहा है। शोक व्यक्त करने वालों में व्यास मुनी त्रिपाठी,संतोष कुमार,अनिल कुमार सोनी इत्यादि के नाम प्रमुख हैं। इनका अंतिम दाह संस्कार राजा हरिश्चंद्र घाट पर कर दिया गया। बताते चलें कि उनके बड़े बेटे मनोज कुमार झारखंड उच्च न्यायालय में वकालत करते हैं। दूसरे बेटे संदीप मेदिनीनगर में व्यवसाय करते हैं। उनके निधन की खबर सुनते ही बार के अधिवक्ता गण सहित गणमान्य नागरिकों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### हृदयगति रुकने से जैप आठ के रसोईया की मौत

**मेदिनीनगर।** नावा जयपुर थाने में रसोईया के रूप में कार्यरत सेवालाल मौर्या उम्र 60 वर्ष की रविवार की सुबह हृदयगति रुकने के कारण मौत हो गई। बताया जाता है कि रविवार की सुबह सेवालाल मौर्या थाने में तैनात जवानों का खाना बनाने के बाद खुद भोजन कर बैठे थे। इसी बीच अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़े। इसके बाद थाना के कर्मियों द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के क्रम उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर नावा जयपुर थाना प्रभारी संजय रजक दलबल के साथ अस्पताल पहुंच कर शव का पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस द्वारा सलामी देने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### जरूरतमंदों में कंबल वितरित

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था ने जरूरतमंदों के बीच शनिवार देर रात कंबल का वितरण किया। संस्था के पदाधिकारियों द्वारा कड़ाके की ठंड में सदर अस्पताल, रिक्शा चालक, राहगीर, दोना-पत्तल, दातून बेचने वालों सहित अन्य जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने बताया कि अभियान निरंतर जारी रहेगा। मौके पर शैलेन्द्र सिंह, अहिल्या गिरि, बैजंती गुप्ता, वीणा गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

### भाकपा पदाधिकारियों ने किया मौका मुआयना

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, सदर उप प्रमुख शीतल सिंह चेरो व मृत्युंजय तिवारी ने रविवार को बिनहुआ टोला के पास रेलवे क्रॉसिंग का निरीक्षण किया। वहां व्याप्त व्यापक जनसमस्या को देखते हुये सभी ने एक स्वर में बिनहुआ टोला के पास रेलवे अंडर पास बनाने की मांग की। जिला सचिव श्री तिवारी ने आरोप लगाया कि बिनहुआ टोला के पास जो रेल लाइन बिछाया गया है वह सर्वे का रोड है । रेल पदाधिकारियों द्वारा इस बात को ध्यान में न रखकर सर्वे के सड़क में ही रेल लाइन बिछा दिया गया। ऐसे में सुआ कौड़िया, भूसही, लहसुनिया, परिहिया टोला, बखरी, लाली माटी टोला, डीटीएस टोला,नवका अहरा, निराला टोला, सरजा,पोलपोल सहित दर्जनों गांवों के हजारों लोगों व जानवरों के सुचारू आवागमन के मद्देनजर उक्त स्थल पर तत्काल रेलवे अंडर पास का निर्माण कराया जाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि उक्त स्थल पर पिछले वर्ष आदिम जनजाति के एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मृत्यु हो गई थी। इसके बाद भी रेलवे द्वारा इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी 23 दिसंबर को पुनः इसी जगह बैठक कर आंदोलनात्मक निर्णय लिया जाएगा। मौके पर करीमन पासवान, दिलदार सिंह, हृदय सिंह, विलास माझी, संतोष सिंह, राजेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, रवि पासवान, राम लखन सिंह, अरुण कुमार यादव, प्रदीप प्रजापति, मंतोष कुमार, रवि पासवान आदि ने रेलवे अंडर पास बनाने के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया।

### मुस्लिम समाज की बैठक में बनी रणनीति

**मेदिनीनगर।** शहर के पहाड़ी मुहल्ला स्थित गौसिया मदरसा में मुस्लिम समाज की बैठक आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता सैय्यद रजी अहमद ने की। मौके पर मुस्लिम समाज के प्रबुद्धजनों एवं विभिन्न संस्था के लोगों ने भाग लिया। बैठक में 20 दिसंबर को पहाड़ी मोहल्ला के राहत नगर स्थित ईदगाह में आयोजित कार्यक्रम को लेकर कई बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि बुधवार को सुबह 9 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। मुस्लिम समाज के लोगों के हितों की रक्षा करने एवं व्याप्त जनसमस्याओं के समाधान को लेकर तहरीक ए बेदारी इस्लाहे मुआसरा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में उर्दू भाषा के विकास,राज्य में उर्दू विश्वविद्यालय की स्थापना,वक्फ बोर्ड का गठन,समाज में व्याप्त नशाखोरी,दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को दूर करने सहित समाज के विकास के लिए अन्य मुद्दे पर चर्चा किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रमुख लोगों को कार्य दायित्व सौंपा गया। मौके पर मौलाना महताब आलम जेयाई, महताब आलम नूरी, मुफ्ती मुजीबुल्लाह, कारी जसीमुद्दीन, मौलाना एजाज अहमद,अमीन रहबर, पलामू सदर मुस्तफा कमाल, मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर शहरेयार अली, बादल, सोनू शाह, जफर महबूब, आतिफ खान आदि मौजूद रहे।

---

### नये तरीके में कहीं पैरामिलिट्री तो कहीं सिविल पुलिस अधिकारी के ड्रेस का कर रहे इस्तेमाल

# सावधान! फांसने के लिये वर्दी का इस्तेमाल कर रहे साइबर ठग

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** ज्यों-ज्यों दवा की मर्ज बढ़ता गया। साइबर ठगी रोकने के लिये प्रशासनिक महकमा जैसे-जैसे नयी तकनीक अपना कर जालसाजों पर शिकंजा कसते जा रहा है। उससे दो कदम आगे बढ़ते हुये साइबर ठग नित्य नयी-नयी तकनीक इजाद कर रहे हैं। अब तो प्रशासनिक कवायद को मात देने के लिये साइबर ठग पुलिस व पैरामिलिट्री की वर्दी का इस्तेमाल कर रहे हैं। वाट्सअप अथवा वीडियो काल पर बकायदा वर्दी पहले आदमी को देख लोग भी सहजता से उनके झांसे में आ जा रहे हैं। हालांकि कुछ लोग किस्मत के धनी हैं, जो समय रहते उनकी चालाकी समझ जाने से ठगी का शिकार होने से बच जा रहे हैं। कुछ दिन पूर्व ऐसा ही वाक्या शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष पांडेय के साथ घटित हुआ। श्री पांडेय ने बताया कि उनके मोबाइल पर एक फोन आया। उधर से बताया गया कि



वह सीआरपीएफ अधिकारी बोल रहा है। उसके कैंप से एक जवान का ट्रांसफर हुआ है। उसे तत्काल वहां पोस्टिंग लेनी है। ऐसे में वह टीवी, कूलर, फ्रीज, आलमीरा, वाशिंग मशीन, सोफासेट, पलंग, डाइनिंग टेबल सहित अन्य सामान सस्ते दामों पर बेचना चाह रहा है। कुछ देर बातचीत के बाद उसने कहा कि सभी सामान 70 हजार रूपये में वह दिलवा सकता है। अंततः सौदेबाजी के बाद बात 40 हजार पर तय भी हो गया। लेकिन एडवांस पेमेंट की बात पर पेंच फंस गया। उधर से बात करने वाला जब इस पर उतारू हो गया कि अभी कम से कम 10 हजार रूपये ही दिलवा दीजिये। तब वकील दिमाग जागा एवं सहयोगी अधिवक्ताओं से चर्चा के बाद सच्चाई सामने आ गयी। बताया जाता है कि वर्दी का इस्तेमाल कर साइबर ठग ट्रांसफर-पोस्टिंग का भी खेल रच रहे हैं। उनके झांसे में सरकारी कर्मी भी आ जा रहे हैं।

---

### स्टेट बार काउंसिल के निर्देश के बाद लिया जायेगा अग्रिम निर्णय

# हंगामे के कारण बार चुनाव का मतगणना रुका

**मतगणना रोकने के समय 500 मतों की हो चुकी थी गणना, 27 मतों की गिनती शेष**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बैलेट पेपर को लेकर कतिपय उम्मीदवारों व समर्थकों के हंगामे के बाद बार चुनाव की मतगणना रोक दी गयी। चुनाव समिति के पदाधिकारियों द्वारा वस्तुस्थिति से पर्यवेक्षकों को अवगत करा दिया गया है। झारखंड स्टेट बार काउंसिल के निर्देश के बाद आगे का कदम उठाया जायेगा। रविवार की सुबह निर्धारित समय पर पलामू डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन चुनाव की काउंटिंग शुरू की गयी। मुख्य चुनाव आयुक्त बैद्यनाथ चौबे, चुनाव आयुक्त सतीश



कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं को समझाती पुलिस

चंद मेहता व शौकत अली, व्यवस्थापक संजय दुबे की उपस्थिति में पड़े 527 मतों में से 500 वोटों की गणना भी की जा चुकी थी। तभी कतिपय उम्मीदवारों व उनके समर्थकों ने बैलेट पेपर में सभी चुनाव पदाधिकारियों का हस्ताक्षर न होने की बात कहते हुये हंगामा शुरू कर दिया। काफ समझाने के बाद भी जब शोरगुल शांत नहीं हुआ तो चुनाव समिति के पदाधिकारियों ने पर्यवेक्षक एमके सिन्हा व बीपी सिंह को सूचना देकर मतगणना रोक दिया गया।

#### स्टेट बार काउंसिल ने मांगे सीसीटीवी फुटेज

चुनाव प्रक्रिया के व्यवस्थापक संजय दुबे ने बताया कि झारखंड स्टेट काउंसिल ने मतदान व मतगणना प्रक्रिया के फुटेज मंगाये हैं। स्टेट काउंसिल का निर्देश आने के बाद ही मतगणना व चुनाव परिणाम की घोषणा के संबंध में निर्णय लिये जायेंगे। अब सभी की नजरें स्टेट बार काउंसिल के निर्णय पर टिकी है।

---

### आवास पर मुलाकात के दौरान डीसी ने दिया आश्वासन

# दौड़ से छूटे महिला अभ्यर्थियों को मिलेगा मौका



डीसी आवास के बाहर खड़ीं महिला अभ्यर्थी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** होमगार्ड बहाली के प्रवेश पत्र पर दिन व तारीख दर्ज नहीं होने के कारण दौड़ से वंचित महिला अभ्यर्थियों को डीसी ने पुनः मौका देने का आश्वासन दिया है। बताते चलें कि शहर व सदर प्रखंड क्षेत्र की कुछ महिला अभ्यर्थियों ने बताया कि उन्हें 15 दिसंबर को दौड़ में शामिल होना था,परंतु एडमिट कार्ड में डेट व तारीख नहीं रहने के कारण असमंजस में करीब 18 अभ्यर्थी दौड़ में भाग नहीं ले पायी। इसे लेकर 17 दिसंबर को सभी अभ्यर्थी पलामू उपायुक्त से मिलने छह मुहान चौक स्थित आवास पर पहुंचीं। उपायुक्त शशि रंजन ने सभी अभ्यर्थियों को आश्वासन देते हुए कहा कि जितने भी अभ्यर्थी छूट गए हैं। उनका फिर से दौड़ की तिथि निर्धारित कर शामिल होने का अवसर दिया जायेगा। इससे दौड़ में भाग लेने से वंचित अभ्यर्थियों में हर्ष देखा जा रहा है।

---

### यहां आने वाले सभी सैलानियों का मन मोह लेती है जिले का अनुपम नैसर्गिक सौंदर्य

# पलामू के सभी पिकनिक स्पॉट तैयार, अब आगन्तुकों का है इन्तजार

संजय कुमार पांडेय

**मेदिनीनगर।** वर्ष 2023 गुजरने को है। लोग नये वर्ष की स्वागत की तैयारियों में जुट गये हैं। पिकनिक का दौर शुरू हो चुका है। पिकनिक स्पॉट गुलजार होने लगे हैं। जो लोग पिकनिक की प्लानिंग कर रहे हैं, उनके लिए शहर के करीबी कुछ स्पॉटों को जानना जरुरी है। जहां प्रकृति के सुरम्य वादियों के बीच पिकनिक सेलिब्रेट किया जा सकता है।

**बंदूआ पहाड़ पर नए वर्ष पर पिकनिक मनाने के लिए लोग आते हैं** : शहर से सटे चैनपुर प्रखंड के बंदूआ गांव में स्थित है यह पहाड़। इस पहाड़ की ऊंचाई करीब 50 से 60 फीट है। यहां से सूर्यास्त का नजारा बेहद खास होता है। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह काफी खूबसूरत स्थान है। वहीं पहाड़ के करीब झारखंड का प्रसिद्ध मंगला गौरी मंदिर है। जहां बिहार व छत्तीसगढ़ से भी लोग पूजा करने आते है। इस मंदिर की मान्यता है कि मां का भभूति लगाने से मनोकामनायें पूर्ण होती हैं।



शाहपुर का चलानी किला



चैनपुर का रानीताल डैम

#### शाहपुर का चलानी किला

शाहपुर का चलानी किला पलामू आदिवासी शासन के सैकड़ों वर्ष के इतिहास को समेटे हुए है। यह जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के कोयल नदी के तट पर स्थित है। यहां हर वर्ष नया साल में पिकनिक मनाने लोग आते हैं। 1766 से 1770 ई. के काल खंड में किले का निर्माण हुआ था। कहा जाता है कि यहां से रहस्यमई गुफा पलामू किला तक थी जो अब बंद है। पलामू किला पर अंग्रेजो का आक्रमण और एकाधिकार होने के बाद शाहपुर किला राजा मेदिनीराय का अंतिम निवास स्थान था।आज भी उनके वंशज इस स्थान की देख रेख करते हैं।

**कोयल रिवर फ्रंट :** पलामू की लाइफ लाइन मेदिनीनगर कोयल नदी के तट पर भी लोग पिकनिक मनाने आते है। यहां नगर निगम द्वारा कोयल रिवर फ्रंट के रूप में विकसित किया गया है। बैठने और घूमने की खास सुविधा है। यहां एक ओपन जिम भी है। हर शाम कोयल रिवर फ्रंट पर घुमक्कड़ों की भीड़ उमड़ती है।

#### चैनपुर का रानीताल डैम

प्रकृति प्रेमियों के लिए शहर के सबसे नजदीक रानी ताल डैम है, जो पिकनिक मनाने के लिए लोगों की पसंद है। यहां प्रकृति की खूबसूरती के साथ सुकून और शांति मिलती है। मेदिनीनगर नगर निगम से महज पांच किलोमीटर की दूरी पर है रानी ताल डैम, जो दो पहाड़ों से घिरा डैम है। यहां शाम का नजारा देखते ही बनता है।

**चियांकी पार्क :** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से रांची रोड में करीब दो किलोमीटर दूर चियांकी पार्क भी पिकनिक पर्यटकों की खास पसंद है। चियाकी पहाड़ पर लोग पिकनिक मनाने जाते हैं। यहां से शहर का नजारा बेहद खूबसूरत देखने को मिलता है।यहां गुफा में भगवान शिव भी विराजमान हैं, जहां लोग अक्सर पूजा करने जाते हैं। पहाड़ की आधी चढ़ाई तक सड़क बनी है। वहीं पहाड़ के नीचे दो एकड़ में फैला चियांकी पार्क फैमिली के मनोरंजन का अच्छा स्थान है।पहाड़ से सटे होने के कारण लोग माउंटेन का भी मजा लेते है। चियांकी पार्क में एंट्री फीस 10 रुपए है। वहीं 5 साल तक के बच्चो के लिए कोई एंट्री फीस नहीं लगती।

**अमानत नदी का किनारा :** दो नदियों के संगम स्थल पर पिकनिक मनाने के लिए जगह तलाश रहे हैं, तो मेदिनीनगर शहर के सबसे नजदीक सिंगरा गांव आ सकते हैं। यहां कोयल तट और अमानत तट पर पिकनिक मनाने लोग आते हैं। यहीं से करीब आधा किलोमीटर दूर कोयल और अमानत नदी का संगम स्थल है। जहां जाने के लिए आपको अमानत नदी के किनारे किनारे जाना होगा। चारो तरफ नीले आसमान के नीचे खुला स्थान लोगों को बेहद रोमांचित करता है।

---

# सड़क सुरक्षा विषय पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



बच्चे को पुरस्कृत करते अतिथि

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कोयल रिवर फ्रंट पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फ्लैट व अपार्टमेंट कल्चर से निकलकर बच्चे खुली हवा व धूप में इस आयोजन में आकर बेहद प्रफुल्लित नजर आये। तीन वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता के निर्धारित विषय सड़क सुरक्षा में उत्कृष्ट चित्रकारी कर ग्रुप ए में रानू कुमार,ग्रुप बी में खुशी कुमारी व ग्रुप सी में अनुराग कुमार को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। पुरस्कार वितरण उपमेयर मंगल सिंह ने किया। झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के कोषाध्यक्ष मन्नत सिंह बग्गा ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। समाजसेवी विकास दुबे ने भी अपनी भागीदारी दी। साथ ही टीम के सक्रिय सदस्य राखी सोनी, मयुरेश दुबे, रोहित गुप्ता, कंचन गुप्ता, फरहा नाज, खुशबु शर्मा, लक्ष्य श्रेष्ठ, सौभाग्य सृजन, दीक्षा कुमारी एवं विवेक वर्मा आदि व्यवस्था की देखरेख में जुटे रहे। ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा ने तमाम अभिभावकों एवं स्कूल प्रबंधन से ऐसे आयोजनों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया है। निर्णायक की भूमिका का निर्वहन अमन चक्र व राजेश कुमार ने किया।

---

### कांग्रेस के पीसीसी सदस्य ने कहा सुव्यवस्था के लिये भाजपा को हराना जरूरी

# मिला टिकट तो चतरा से लड़ेंगे चुनाव : श्याम नारायण

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कसमार पंचायत भवन तरहसी में जनसम्पर्क अभियान के दौरान कांग्रेस शिक्षा विभाग के स्टेट चेयरमैन एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य श्याम नारायण सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। लोगों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के वर्तमान राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक हालात अत्यंत खराब हो चुके हैं। देश लगातार अराजकता की ओर बढ़ रहा है। ऐसे समय में हमें कांग्रेस पार्टी को अपनाने की जरूरत है। कांग्रेस पार्टी व इसके नेता राहुल गांधी की नीतियां हीं देश को सुव्यवस्थित रख सकेगी। श्री सिंह ने कहा कि बेरोजगारी एवं



कार्यकर्ताओं से मंत्रणा करते कांग्रेस के पदाधिकारी

महंगाई से देश त्रस्त हो चुका है। इससे राहत के लिये अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ताच्युत करने की जरूरत है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी ने चतरा लोकसभा से टिकट देती है तो वे अगले चुनाव में भाजपा को पराजित कर ही दम लेंगे। भाजपा के सांसद ने पिछले 10 वर्षों से क्षेत्र की घोर उपेक्षा की है। बैठक के अंत में शिक्षा विभाग द्वारा प्रकाशित स्मारिका कांग्रेस पार्टी के 137 वर्षों का सफरनामा लोगों के बीच वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूर्यदेव पासवान ने की। मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता धनंजय सिंह, सत्येंद्र पाहन, विंदेश्वर रवि, रमेश पासवान, मदन कुमार, अनिरुद्ध विश्वकर्मा, अनिल कुमार मेहता, धर्मजीत यादव, नंदकिशोर पासवान, कृष्णा यादव, बिन्दु गुप्ता आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कांग्रेस की नीतियों पर चलने का संकल्प लिया।

---

## तैयारी

### विवि प्रशासन ने सत्र नियमित करने की जतायी प्रतिबद्धता

# एनपीयू में वर्ष 2024 में 57 परीक्षाओं का कैलेंडर घोषित

**टीम वर्ष 2024 में घोषित सभी 57 परीक्षाओं के आयोजन की पुरजोर कोशिश करेगी : प्रभारी कुलपति**

**परीक्षा विभाग को इन सभी परीक्षाओं के लिए समय अनुसार तैयारी करने का निर्देश दिया गया**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्थानीय नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में वर्ष 2024 कैलेंडर वर्ष में कुल 57 परीक्षायें लेने का कार्यक्रम घोषित किया गया है। इनमें कुछ बैकलॉग व कुछ नये सत्र के भी बैकलॉग परीक्षा सम्मिलित हैं। विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने बताया कि उनकी टीम वर्ष 2024 घोषित सभी 57 परीक्षाओं के आयोजन की पुरजोर कोशिश करेगी। परीक्षा विभाग को इन सभी परीक्षाओं के लिए समय अनुसार तैयारी करने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब हो कि साल 2024 एक लीप ईयर है। यानी इस साल फरवरी 28 की जगह 29 दिनों का एवं साल 365 की जगह 366 दिन का होगा। नये वर्ष में 72 छुट्टियां व रविवारों की संख्या 52 है। इस तरह कुल 124 दिनों तक विवि बंद रहेगा। ऐसे में शेष 242 दिनों में विवि परीक्षा विभाग किस रफ्तार से 57 परीक्षाएं लेगा। यह देखने का विषय है। हालांकि इस संबंध में प्रभारी कुलपति पूरी तरह आश्वस्त हैं। उन्होंने पिछड़े सत्र को नियमित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जतायी है।



एनपीयू का प्रशासनिक भवन

#### लोकसभा व विधान सभा चुनाव पेश करेंगे चुनौती

वर्ष 2024 के पूर्वार्द्ध में लोकसभा का चुनाव है। जबकि उत्तरार्द्ध में झारखंड विधानसभा का चुनाव। बताया जाता है कि जब भी चुनाव हुआ है। जिला चुनाव पदाधिकारी शहर में स्थित तीनों कॉलेजों को सुरक्षा बलों के ठहरने के लिए लगभग 10 दिन पहले अधिग्रहण कर लेते हैं। जीएलए कॉलेज का भवन व कैंपस तो चुनाव के कार्यों को लेकर लगभग एक माह तक फंसा रहता है। ऐसी स्थिति में 57 परीक्षा का आयोजन निश्चित ही विवि प्रशासन के समक्ष गंभीर चुनौती है। प्रभारी कुलपति का कहना है कि उनकी प्राथमिकता होगी कि जो परीक्षायें पहले से लटकी हैं। उन्हें हर हाल में जनवरी व फरवरी माह के अंत तक करा लिया जाये। फिर समय रहते उनके रिजल्ट का प्रकाशन भी कर दिया जाये। ताकि विलंबित सत्र की भरपाई हो सके।

---

### सभी प्रखंडों में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने की बैठक

# जिले के चार प्रखंड के पंचायतों में पहुंचा अयोध्या का पूजित अक्षत

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अयोध्या से आए पूजित अक्षत और आमंत्रण पत्र वितरण के लिए रविवार को जिले के सतबरवा, मनातू, विश्रामपुर एवं पांडू प्रखंड में विश्व हिन्दू परिषद की बैठक हुई। जिसके बाद कार्यकताओं के माध्यम से पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र को वितरण के लिए पंचायतों में भेजा गया। सतबरवा की बैठक में जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री अमित तिवारी और जिला बलोपासना प्रमुख विकास कुमार कश्यप जिला प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित थे। वहीं मनातू में बैठक के दौरान जिला प्रतिनिधि के रूप में प्रखंड संयोजक दिलीप गिरी और जिला गौरक्षा प्रमुख रामब्रत सिंह उपस्थित थे। विश्रामपुर और पांडु में जिला प्रतिनिधि के रूप में जिला संपर्क प्रमुख किशोर पाण्डेय( अधिवक्ता) ने भाग लिया। बताया गया कि अभी सभी पंचायतों में कलश भेजा जा रहा है। इसे पंचायत के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं के दर्शन और पूजा अर्चन के लिए घुमाया जाएगा। जिसके बाद एक जनवरी से 15 जनवरी तक पूजित अक्षत और आमंत्रण पत्र को घर घर पहुंचाने का काम कार्यकताओं के द्वारा किया जाएगा। प्राण-प्रतिष्ठा के दिन सभी गांव और पंचायतों में मंदिर आधारित कार्यक्रम होंगे और अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा को बड़े स्क्रीन पर दिखाने की व्यवस्था की जाएगी। 22 जनवरी 2024 को पलामू के प्रत्येक गांव, पंचायत और प्रखंड तथा जिला मुख्यालय में भव्य दिवाली मनाई जाएगी। चारों प्रखंड समिति के कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में दिन रात लगे हुए हैं।



पूजित अक्षत सौंपते विहिप के पदाधिकारी

## गागर में सागर

### दान देकर ही जरूरतमंद को उपलब्ध कराया जा सकता है रक्त : मिथिलेश




**गढ़वा।** शहर के मदरसा रोड स्थित तैबा हॉस्पिटल में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, डॉ. यासीन अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में 51 यूनिट रक्तदान किया गया। इस मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि शरीर के अन्य अंग आर्टिफिशियल उपलब्ध कराये जा सकते हैं, लेकिन रक्त एक दूसरे के दान देने के बाद ही उपलब्ध हो सकता है। उन्होंने कहा कि आज गढ़वा विकास के क्षेत्र में आगे जा रहा है। पहले गढ़वा में अच्छे चिकित्सक आने से बचते थे, लेकिन आज गढ़वा में अच्छे-अच्छे डॉक्टर आते हैं और मरीजों को बेहतर स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने कहा कि पहले गढ़वा में वेंटिलेटर तक नहीं था, लेकिन आज सदर अस्पताल से लेकर विभिन्न निजी अस्पतालों में भी अच्छे-अच्छे वेंटिलेटर हैं। मौके पर एसडीपीओ अवध यादव, थाना प्रभारी केके साहू, विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर, डॉ. अरशद अंसारी, डॉ. असजद अंसारी, डॉ. पंकज प्रभात, डॉ. पतंजलि केसरी, मदनी खान, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओबेदुल्ला हक आदि उपस्थित थे।

### 'एफटीओ किसानों को न्यूनतम मूल्यों पर उपलब्ध कराता है बीज-खाद'

**श्री बंशीधर नगर।** विष्णुबल्लभ ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के प्रथम स्थापना दिवस पर पुराने प्रखंड भवन के सभागार में रविवार को सभी शेयर धारकों के बीच सर्टिफिकेट वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीडीएम (नाबार्ड) लक्ष्मण कुमार, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम, कुमार कनिष्क, एफटीओ अध्यक्ष बाबू लाल दुबे ने सयुक्त रूप से किया। डीडीएम नावार्ड ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुये कहा कि एफटीओ किसानों का एक संगठन है जो सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। यह नावार्ड के निर्देशानुसार संचालित किया जाता है। उन्होंने सरकार द्वारा किसानों के लिए संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए बनाये गये इस समूह को विभिन्न प्रकार की सुविधा सरकार दे रही है। इसमें मुख्य रूप से केसीसी है, जिसके अंतर्गत खाता धारकों को पैसा ससमय वापस करते रहने पर बहुत ही कम ब्याज चुकाना होता है। उन्होंने कहा कि प्रति एकड़ 28000 रुपये बैंक किसानों को उपलब्ध कराता है, जिससे किसान अपने खेतों में बीज, खाद की पूर्ति कर सकते हैं। उन्होंने एफटीओ के बारे में बताया कि एफटीओ किसानों को कम से कम मूल्यों पर बीज और खाद उपलब्ध कराता है। इतना ही नहीं एफटीओ के कुल सदस्यों की संख्या 300 से अधिक होने पर भारत सरकार के निर्देशानुसार उतना ही सहयोग बैंकों द्वारा मदद के तौर पर एफटीओ को उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि किसान अगर छोटे कार्य करना चाहते हैं तो उसके लिए भी बैंक उन्हें 10 लाख रुपये तक का लोन बहुत ही कम ब्याज दर पर 35 प्रतिशत सब्सिडी के साथ उपलब्ध कराता है। बशर्ते पैसे की वापसी भी निर्देशानुसार होती रहे। मौके पर केतार एफटीओ अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, किसान सुदेश्वर विश्वकर्मा,अनिल पासवान, श्रीराम पासवान, धीरेंद्र चौबे, नीलू चौबे, सोनू गुप्ता, धनंजय प्रसाद, राजेश्वर चौधरी, रामकेश चौधरी आदि उपस्थित थे।

### विद्या मंदिर के बच्चों ने लहराया परचम



**भवनाथपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर टाउनशिप के भैया बहनों ने राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद में 15 दिसंबर से 17 दिसंबर तक आयोजित तीन दिवसीय प्रांतीय कला संगम में विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर टाउनशिप के भैया बहनों ने मूर्ति कला, पोस्टर मेकिंग, चित्रकला, गीत प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया। विद्यालय की समिति, प्रधानाचार्य और आचार्यों ने बच्चों को बधाई दी है।

### श्राद्धकर्म में मुखिया ने किया सहयोग

**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता ने रविवार को चेचरीया गांव निवासी मृतक लाइची कुंवर के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की और श्राद्धकर्म में सहयोग किया। मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि 2010 में मृतका के पति चंद्रदेव सिंह की मृत्यु भ्सड़क दुर्घटना में हो गई थी। इस मौके पर रमेश राम, मनीष कुमार गुप्ता, समोद राम, राजू सिंह आदि मौजूद थे।

## सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से लोगों खासकर, महिलाओं को परेशानी के साथ-साथ झेलनी पड़ती है शर्मिंदगी

# केतार बाजार में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव

**बिट्टू सिंह। केतार**



प्रखंड मुख्यालय के केतार बाजार में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। भवनाथपुर से सात पंचायतों को अलग कर नवंबर 2008 में केतार को प्रखंड बनाया गया था, लेकिन 15 वर्ष बीत जाने के बाद भी बाजार में आमजनों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गयी हैं। यहां अब तक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण नहीं कराया जा सका है। प्रखंड की सात पंचायतों के अलावा दूसरे प्रखंडों के सैकड़ों महिला- पुरुष ग्रामीण प्रतिदिन दुकानों में खरीदारी करने, बैंक, ब्लॉक सहित अन्य कार्यों से केतार बाजार आते हैं। वहीं यहां से भवनाथपुर, गढ़वा, मेदिनीनगर, कांडी, रॉबर्ट्सगंज, वाराणसी और अन्य जगहों पर जाने के लिए प्रतिदिन बस व ऑटो के इंतजार में यात्री व राहगीर घंटों कपुर्री गेट के पास रहते हैं। इस दौरान शौच के लिए सार्वजनिक शौचालय और मुत्राशय (यूरिनल) नहीं होने से उन्हें खुले में शौच जाने को मजबूर होना पड़ता है। सबसे ज्यादा समस्या महिला दुकानदार व दूर-दराज के गांवों से बैंक या दुकानों में खरीदारी करने आने वाली महिलाओं व यात्रियों को होती है। इन लोगों को शौच के लिए झाड़ियों के सहारे खुले में ही बाजार से दूर जाना पड़ता है। केतार बाजार में सब्जी बाजार से लेकर कपुर्री गेट तक सैकड़ों दुकानें हैं। यहां पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में खरीदारी करने लोग हर रोज पहुंचते हैं। सामुदायिक शौचालय नहीं होने से लोगों को परेशानी के साथ- साथ शर्मिंदगी भी उठानी पड़ती है। रविवार को केतार बाजार में दुकानों में खरीदारी करने आयी महिलाओं ने बताया कि हम लोग बैंक या दुकानों में खरीदारी करने सप्ताह में चार- पांच दिन आते हैं, लेकिन यहां सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं दुकानदारों ने भी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि दुकानदारों को भी बहुत परेशानी होती है। सार्वजनिक शौचालय का निर्माण नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी







जिला परिषद सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद ने कहा कि केतार बाजार में सार्वजनिक शौचालय होना अतिआवश्यक है। लोगों को परेशानी होती है। जिला परिषद की बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाऊंगा। केतार मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराने के लिए अंचल द्वारा बाजार में जमीन उपलब्ध कराई गई, जिसमें पंद्रहवें वित्त आयोग मद से आमजनों के लिए सार्वजनिक शौचालय का निर्माण तत्काल कराया जायेगा। पंचायत समिति सदस्य धर्मशिला देवी ने कहा कि केतार बाजार में सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से दूर-दराज के गांवों से बाजार व बैंक में आने वाली महिलाओं को बहुत परेशानी होती है। सार्वजनिक शौचालय निर्माण कराने के लिए पंचायत समिति की बैठक में प्रमुखता से इस मामले को उठाऊंगी। प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने कहा कि केतार बाजार में सार्वजनिक शौचालय नहीं होने की जानकारी मिली है। केतार बाजार में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराने के लिए प्रयास किया जायेगा। प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि मुखिया द्वारा केतार बाजार में सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लिए ग्रामसभा कर प्रतिवेदन देने के पश्चात शौचालय निर्माण कराने के लिए प्रयास करूंगी। बाजार में सार्वजनिक शौचालय होना जरूरी है।

## हर समाज को संगठित होकर रहने की आवश्यकता : मिथिलेश ठाकुर

### पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री ने डंडई गांव में किया वीर लोरिक स्मारक प्रतिमा का भूमि पूजन



**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड क्षेत्र के रारो खेल स्टेडियम में रविवार को गोवर्धन पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रंजन कुमार यादव के साथ-साथ भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी के पी यादव ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री मिथिलेश ने कहा कि हर समाज के लिए एकता बड़ी पूंजी है। एकता की बदौलत ही प्रखंड में यदुवंशी समाज की देखरेख में आज गोवर्धन पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसी तरह हर समाज को संगठित होकर रहने की आवश्यकता है।

अपने संबोधन में राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने कहा कि घर से वंचित रहे लोगों को अब अबुवा आवास दिलाया जा रहा है, जो तीन कमरों के साथ-साथ शौचालय से लैस होगा। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का सभी लोग जरूर लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि प्रखंड की आधी आबादी के घरों में नल से पानी मिलना शुरू हो गया है। 2024 आते-आते प्रखंड के सभी घरों में नल का पानी पहुंच जाएगा। मंत्री ने ईडी और सीबीआई को लेकर भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनकी क्रियाकलाप से साबित होता है कि पार्टी के लोग राजनीति नहीं बल्कि उक्त अधिकारी बनकर सत्तापक्ष वालों के खिलाफ आरोप प्रत्यारोप करते रहते हैं। साथ ही कहा कि अब वह दिन दूर नहीं है जब राज्य सरकार प्रदेश भर में हर तरह की योजनाओं को अपने दम पर संचालित करना शुरू करेगा। इससे पहले मंत्री द्वारा प्रखंड मुख्यालय के डंडाई गांव में वीर लोरिक स्मारक प्रतिमा का भूमि पूजन किया गया। मंत्री द्वारा अपने निजी खर्च से वीर लोरिक स्मारक प्रतिमा लगाने की बात कही गई। मौके पर पंडित रविंद्र नाथ, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष सतनारायण यादव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव इत्यादि उपस्थित थे।

## सांसद ने किया 5 सड़कों का भूमि पूजन

### विष्णु दयाल राम ने कहा-क्षेत्र में बिछ रहा सड़कों का जाल




**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने रविवार को प्रखंड क्षेत्र में 33.28 करोड़ रुपये की लागत से 36.5 किलोमीटर बनने वाली पांच सड़कों का भूमि-पूजन एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया। लखेया मोड़ पर भूमि पूजन के बाद सांसद राम ने कहा कि क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछ रहा है। उन्होंने कहा कि 2018 के बाद पीएमजीएसवाई से क्षेत्र में 1656 किलोमीटर सड़क एवं 89 पुल का निर्माण कराया गया है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुमुखी विकास हो रहा है।

वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडे ने कहा कि सांसद के प्रयास से क्षेत्र में ग्रामीण सड़कों के साथ-साथ नेशनल हाईवे सड़क निर्माण तथा स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि संसद का प्रयास है कि क्षेत्र के विकास के साथ-साथ पलायन को रोकने के लिए यहां कल कारखाना लगाई जाए इसके लिए तेजी से प्रयास किया जा रहा है। वहीं भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान ने कहा कि जिन सड़कों का आज भूमि पूजन किया गया उन सड़कों के साथ साथ माननीय मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रयास से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछ रहा है। पीएमजीएसवाई की सड़कों में 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार तथा 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार का होता है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र कुमार द्विवेदी, संजय भगत ने भी कार्यक्रम को संबोधन किया। कार्यक्रम का संचालन जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे ने किया। रविवार को जिन सड़कों का भूमि पूजन किया गया उसमें मेराल से करकोमा पीपरडोलिया होते हुए हासनदाग तक 6.25 किलोमीटर, लखेया मोड़ से हासनदाग कजराठ होते हुए डंडई ब्लॉक तक 9 किलोमीटर, टी 05 से तेनार होते हुए बगही टोला तक 5.50 किलोमीटर, पढ़ुआ मोड़ से पढ़ुआ सिकनी पतहरिया होते हुए भंडार तक 9.60 किलोमीटर तथा लगमा एनएच 75 रोड़ से करकोमा होते हुए चामा तक 5.70 किलोमीटर रोड शामिल है। संकल्प यात्रा कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, बीडीओ जागो महतो सहित सैकड़ों की संख्या में लोग थे, जबकि भूमि पूजन कार्यक्रम में मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी, मिथलेश तिवारी, रामसरिख चन्द्रा, गौरीशंकर बिन्द, धनंजय तिवारी, सतीश यादव, चंद्रमणि पाठक, रुपू महतो, विजय प्रसाद, डॉ लालमोहन, अमित साह,अजय प्रसाद गुप्ता, महेंद्र प्रसाद, दशरथ प्रसाद, विनोद प्रसाद सहित लोग उपस्थित थे।

## चिनिया : हाथियों ने गरीब परिवार को कर दिया बेघर, 10 बोड़ा धान किया सफाचट



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

थाना क्षेत्र के पालामाटी गांव में हाथियों ने शनिवार रात एक गरीब परिवार को घर से बेघर कर दिया।

रात करीब 12 बजे दर्जनों की संख्या में हाथियों ने पलामाटी गांव पर हमला बोलकर उक्त गांव निवासी गोरख सिंह के मिट्टी के खपरैल घर को पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों ने घर के अंदर रखे लगभग 10 बोड़ा धान को भी सफाचट कर दिया। गनीमत यह रही कि घर के अंदर सो रहे परिवार को हाथियों ने कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। लोगों ने समय रहते घर के पीछे दरवाजे से निकलकर अपनी जान बचाई, लेकिन इस परिवार के सामने अब एक बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। परिवार बेघर हो चुका है। परिवार के सदस्यों ने वन विभाग से अविलंब मुआवजा की मांग की है। वहीं पूछे जाने पर प्रभारी वन पाल अनिमेष कुमार ने बताया कि पालामाटी गांव निवासी गोरख सिंह के खपरैल घर को हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त करने की जानकारी मिली है। विभाग इसका जायजा ले रहा है। पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के हिसाब से निश्चित रूप से मुआवजा दिया जाएगा।

## बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाएगी माले

**श्री बंशीधर नगर।** भाकपा माले की अनुमंडल स्तरीय बैठक अनिकेत पैलेस में रविवार को रामचंद्र उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न जन समस्याओं को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया। वरुण बिहारी यादव ने कहा कि आंदोलन को सशक्त बनाने के लिये मजबूत संगठन का होना आवश्यक है। दिसंबर माह में संगठन का विस्तार किया जायेगा। जनवरी माह में सभी प्रखंड मुख्यालयों में आंदोलन किया जायेगा। बैठक में वर्ष 2024 में ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग को लेकर पूरे अनुमंडल में हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। धुरकी प्रखंड के टाटीदीरी विद्यालय के बगल में स्थित सरकारी भूमि का सीमांकन कराने व अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग प्रशासन से की गई। 16 जनवरी को कामरेड महेन्द्र सिंह का शहादत दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कामेश्वर विश्वकर्मा, वरुण बिहारी यादव, लक्ष्मण सिंह, गणेश बैठा, राजेन्द्र विश्वकर्मा, रामचन्द्र उरांव, कृष्णा देहाती, लक्ष्मी देवी, शांति देवी, लालती देवी, बिगन सिंह आदि मौजूद रहे।

## एसपीपीएस ने आरएचसी को 6 विकेट से दी शिकस्त

### गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में पहले दिन संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल रेहला ने भी दर्ज की जीत



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

22 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में पहले दिन खेले गए मैच में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने रामासाहू हाई स्कूल को छह विकेट से, दूसरे मैच में संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल रेहला ने आईपीएस स्कूल रंका को 61 रन से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया।

आईपीएस रंका की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया। संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल रेहला की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदर के 75 रन, जुनैद के 50 रन की मदद से निर्धारित 16 ओवरों में सात विकेट खोकर 178 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। आईपीएस की ओर से आमिर ने तीन और दानिश ने दो विकेट प्राप्त किये। आईपीएस रंका की टीम आमिर के 34 रन, नीतीश के 18 रन के सहयोग से 117 रन ही बना पाई। संत पॉल कॉन्वेंट रेहला की ओर से जिशान ने चार और जुनैद ने दो विकेट हासिल किये। वहीं साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर रामासाहू स्कूल को बैटिंग के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रामासाहु की टीम ने साउथ प्वाइंट के सोहेब की घातक गेंदबाजी की बदौलत (पांच विकेट) पूरी टीम 80 रन ही बना सकी। रामा साहू की तरफ से कवि राज के 21 रन और नीरज के 18 रन को छोड़कर कोई भी खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। साउथ प्वाइंट की टीम 15 गेंद शेष रहते आयुष के 29 रन और सारिक के 21 रन की बदौलत चार विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। रामा साहू की ओर से कवि राज ने तीन विकेट प्राप्त किये। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार संत पॉल के हैदर को, वहीं साउथ प्वाइंट के सोहेब राज को संघ के उपाध्यक्ष सुशील केशरी, अशोक कुमार दुबे, गढ़वा जिला के पूर्व खिलाड़ी टीसी, नवनीत शुक्ला, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, आशुतोष रंजन ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, धनंजय तिवारी, संजय ठाकुर, गौरी शंकर बिंद, बीर दुबे, अभिषेक द्विवेदी, आलोक गुप्ता, रंजीत तिवारी, प्रिंस दुबे, प्रिंस दुबे, सोनू, विकास जयसवाल, संजय यादव, आकाश लोहार, कॉमेंटेटर मनोज तिवारी, प्रिंस खान, धीरज दुबे, मोहसिन अंसारी, विशाल आदि मौजूद थे।

### प्रतिभा को आगे ला रही है समिति: सांसद

इससे पहले सांसद बीडी राम ने खेल का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि गढ़वा की प्रतिभाओं को आगे लाने का काम समिति कर रही है। उम्मीद है कि एक दिन गढ़वा के खिलाड़ी राज्य और देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं संरक्षक अलख नाथ पांडे ने कहा कि आप लोग अनुशासन के साथ खेल को खेलें।

## परेशानी : सड़क के किनारे अतिक्रमण के साथ पार्किंग की व्यवस्था का न होना मुख्य कारण

# जाम की समस्या ने थामी जिला मुख्यालय की रफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**




जिला मुख्यालय में सड़क जाम एक प्रमुख समस्या बन गया है। सड़क के किनारे किए गए अतिक्रमण से भी जाम की समस्या खड़ी हो जाती है। स्थायी दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के सामने एस्बेटस या प्लास्टिक का शेड बनाकर सड़क के किनारे की भूमि का अतिक्रमण कर लिया गया है। वहीं ठेले खोमचे वाले भी सड़क किनारे अपनी दुकानदारी करने के कारण सड़क पर अक्सर जाम की स्थिति रहती है।

### बाजार के बड़े दुकानदार भी अतिक्रमण करने में नहीं पीछे

शहर के बीचोंबीच से होकर गढ़वा-मुड़ीसेमर एनएच 75 गुजरती है। एनएच 75 के किनारे की अधिकतर दुकानों के सामने सड़क की भूमि का कमोबेश अतिक्रमण कर लिया गया है। कई दुकानदारों ने सड़क की भूमि पर एस्बेस्टस या प्लास्टिक का शेड बना लिया है। उससे भी सड़क संकीर्ण हो गई है। रंका मोड़, मझिआंव मोड़ जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में सड़क की भूमि का अतिक्रमण किया जाना अक्सर जाम होने का कारण बन रहा है। कुछ यही हाल शहर से ही शुरू होने वाला गढ़वा-अंबिकापुर सड़क एनएच 343 रंका रोड का भी है। उक्त सड़क के किनारे भी कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने अतिक्रमण कर लिया है। उससे रंका रोड में रंका मोड़ से लेकर टंडवा तक अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। भाजयुमो जिला महामंत्री विकास तिवारी ने कहा कि रंका मोड़ से लेकर मंझिआव मोड़ के बीच में दो जगह पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए। वाहन पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग सड़क किनारे वाहन को खड़ा कर देते हैं। वहीं कई दुकानदार ऐसे हैं जो अपनी दुकान से बाहर सामान रख देते हैं। इससे आए दिन शहर में जाम की स्थिति बन जाती है। वहीं लक्ष्मीकांत पांडेय ने कहा कि गढ़वा शहर में वाहन पार्किंग की व्यवस्था नहीं रहने के कारण जाम की स्थिति शहर में बन जाती है। इसके कारण शहर से निकलने में घंटों लग जाते हैं। नगर परिषद को शहर में पार्किंग और नो पार्किंग का बोर्ड लगाना होगा और उसका बेहतर तरीके से पालन कराना आवश्यक है। वहीं थाना प्रभारी केके साहू ने कहा कि बड़े वाहनों का परिचालन शहर से बंद होगा तभी जाम की समस्या दूर हो सकेगी। वहीं नगर परिषद की ओर से शहर की कुछ जगहों को चिन्हित कर वाहन पार्किंग की व्यवस्था करनी चाहिए। उसे बाजार में सामान खरीदने जाने वाले लोग आसानी से वाहन को खड़ा कर खरीदारी कर सकेंगे।

## गागर में सागर

### पंसस व मुखिया ने उपलब्ध कराया कंबल

**चंदवा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार की ओर से उपलब्ध कराए गए कंबल को कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत ने ग्राम चटुआग निवासी जंजीर में जकड़े मानसिक रूप से बीमार बिजेंद्र गंझु और उसकी बहन मीनम कुमारी को उपलब्ध कराया। जानकारी मिलने पर गांव में जंजीर से जकड़े 25 वर्षीय युवक बिजेंद्र गंझु पिता मकुंन गंझु और उसके परिवार का हाल जाना था बिजेंद्र के इलाज हेतु प्रशासन से पहल करने की अपील की थी।

### नेत्र जांच कर चश्मे का किया वितरण

**महुआडांड़।** स्वंयसेवी संगठन सेसा पलामू की ओर से एसिलर लक्सोटिका फाउंडेशन बंगलोर के सहयोग से प्रखंड के ग्राम बांसकरचा एवं बरदौनी में निःशुल्क नेत्र जांच सह चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन सेसा के महासचिव डॉक्टर कौशिक मल्लिक ने किया। उन्होंने बताया कि सेसा संस्था ने पलामू में इस वर्ष 50 शिविरों में 10000 लोगों को इलाज करने का लक्ष्य रखा है। शिविर में 445 लोगों का नेत्र जांच किया गया। वहीं 275 लोगों के बीच चश्मे का वितरण किया गया। मौके पर संजय, देबाशीष सेनगुप्ता, संस्था के कार्यपालक निदेशक डॉक्टर जसबीर बग्गा, अमरेंद्र कुमार, नीलध्वज कुमार, सुनील कुमार, श्यामसुंदर साह, संजु कुमारी, अमृत लकड़ा, ज्योति टोप्पो, अजय कुमार, सबिता खलखो, इन्दु माधुरी गिद्ध, दोरोथिया टोप्पो मौजूद रहे।

### वार्ड सदस्य ने किया कंबल का वितरण

**बारियातु।** सदर पंचायत के वार्ड 14 सदस्य रितुराज ने अपने पिता बजरंग प्रसाद के साथ रविवार को पोषक क्षेत्र के बीस जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। प्रसाद ने बताया कि मुखिया सरिता देवी द्वारा प्राप्त बीस कंबलों का वितरण क्षेत्र के उद्दीन मियां, आमना खातुन, सोमरी मसोमात, काबली मसोमात, बुध राम भुइयां , मनारमा देवी आदि के बीच किया गया।

### प्रतियोगिता में साक्षी ने पाया प्रथम स्थान

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की बहन साक्षी राजलक्ष्मी ने धनबाद में आयोजित प्रांतीय कला संगम कार्यक्रम की रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने बताया कि उक्त तीन दिवसीय कार्यक्रम राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद में 15 दिसंबर से 17 दिसंबर तक आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 147 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

### जल मीनार से सोलर प्लेट की चोरी

**बारियातु।** थाना क्षेत्र की बालुभांग पंचायत अंतर्गत डाकादीरी आंगनबाड़ी केंद्र से शनिवार रात अज्ञात चोरों ने लगे जल मीनार से सोलर की चोरी कर ली। पंचायत के मुखिया केदार गंझु ने बताया कि दाकादीरी ग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र में वर्ष 2022 - 23 में 15वें वित आयोग से जलमीनार लगाया गया था। अज्ञात चोरों ने 3 सोलर की चोरी कर लीञ सोलर चोरी होने से आंगनबाड़ी केंद्र में पेयजल सहित सभी तरह की परेशानी होने लगी है।

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

**मयूरहंड।** मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेडियम में रविवार को चतरा संसदीय क्षेत्र के भावी प्रत्याशी व प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. अभिषेक कुमार सिंह ने मीनाक्षी नेत्रालय रांची के तत्वधान में निःशुल्क मेगा नेत्र जांच शिविर लगाया।जिसमें 762 मरीजों का उपचार किया गया और जरुरत के अनुसार निःशुल्क दवाई दी गई। इस दौरान अध्यात्मिक, मानव जीवन की सुरक्षा और वर्ष 2024 में आगमी लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के साथ चर्चा की गई। मौके पर थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, धनंजय कुमार सिंह, बुटन सिंह उर्फ आदित्य सिंह, सतेन्द्र कुमार सिंह, संतोष कुमार सिन्हा, रणधीर कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक विनय कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह, रूपेश कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, सूर्यदेव सिंह, राजू राम आदि शामिल थे।

### प्रतापपुर ने डहूरी को किया पराजित

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में चल रहे जिला स्तरीय लीग मैच में रविवार को 16वां मैच डहुरी बनाम प्रतापपुर के बीच खेला गय। जिसमें टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए डहुरी की टीम ने 30 ओवर में चार विकेट खो कर 240 रन बनाया। डहुरी की ओर से शिवा जी ने 59, प्रवीण कुमार 52 व नैतिक ने 42 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी प्रतापपुर की टीम ने 26 ओवर में छह विकेट खो कर 241 रन बनाकर कर विजयी लक्ष्य प्राप्त कर लिया। ओसामा को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। ओसामा ने 75 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### बान्दू में लगाया गया नया ट्रांसफार्मर

**चतरा।** लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के लावालौंग पंचायत स्थित बान्दू गांव में विगत तीन माह से व्याप्त बिजली की समस्या रविवार को नया ट्रांसफार्मर आने के बाद समाप्त हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर विगत तीन माह से खराब पड़ा था। इस विषय की सूचना सिमरिया विधायक के जिला प्रतिनिधि सह भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार सिंह को मिली। इसके बाद गांव में पहुंचकर स्थिति का श्री सिंह ने जायजा लिया और गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाने का लगातार प्रयास किया। उनके प्रयास को देखते हुए सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने गांव के लिए नए ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करवा दी। ट्रांसफार्मर लगने से खाशकर गांव के विद्यार्थियों को काफी सहुलियत हुई। ग्रामीणों ने विधायक प्रधिनिधि व सिमरिया विधायक एवं सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया है।

---

रेलवे क्लब मैदान में खेले गए फाइनल में अजीत सुरीन के निर्णायक गोल की मदद से उकामाड़ क्लब को दी मात

# मोरवाई क्लब ने जीती मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**



प्रखंड मुख्यालय के रेलवे क्लब मैदान में 14 दिसंबर से आयोजित तीन दिवसीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का समापन शनिवार की देर शाम हुआ। प्रखंड के मोरवाई फुटबॉल क्लब बनाम उकामाड़ फुटबॉल क्लब के बीच फाइनल मैच का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिप सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू व अन्य अतिथियों ने किया। अजीत सुरीन के निर्णायक गोल की मदद से मोरवाई की टीम ने उकामाड़ की टीम पर जीत दर्ज की।

इसके साथ ही खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ऊंची कूद में कशिश सोनी प्रथम, लक्ष्मी कुमारी दूसरे स्थान पर रही। वहीं 100 मीटर की दौड़ में रानी खातून प्रथम, प्रीति तिग्गा द्वितीय, आरती कुमारी तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग कर 100 मीटर दौड़ में प्रेम प्रजापति प्रथम और रोहित कुमार द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि 200 मीटर दौड़ में किरण कुमारी प्रथम, 400 मीटर बालक वर्ग में शिवनंदन उरांव प्रथम, बालिका वर्ग में 400 मीटर में नेहा कुमारी प्रथम स्थान पर रही। कार्यक्रम के अंत में अव्वल आए प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रेलवे क्लब सदस्य व पूर्व उप मुखिया काजमी अनवर, रेलवे क्लब सचिव रणजीत कुमार सिंह राणा, आर एन चौधरी,प्रेम कुमार अधूरा, अशफाक अहमद मुन्ना, गोपाल राजवंशी, सुबोध पाल मुख्य रूप से शामिल थे। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष रंजीत कुमार राजू, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, कांग्रेसी नेता अजय कुमार सिंह, प्रखंड समन्वयक मनजीत कुमार सिंह, गोपाल राजवंशी, सुबोध पाल, दीपक राजदीपू, सागर कुमार, डब्लू ठाकुर, शेख फिरोज, संतोष चंद्रा, विद्या भूषण, बलराम सिंह, रेफरी ईश्वर लाल महतो, कोमल टोपनो, लुक्स सोय अमर तोपनो, मनोज कुमार मुन्ना आदि मौजूद थे।

### जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का आगाज, विधायक बोले-खिलाड़ियों को गांव से राज्य स्तर तक मंच प्रदान करना मुख्यमंत्री की सोच

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**



जिला स्टेडियम में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण महिला पुरुष फुटबॉल कप प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। इसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, विशिष्ट अतिथि वन प्रमंडल पदाधिकारी रौशन कुमार एवं जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ने संयुक्त रूप से किया। साथ में जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, वॉलीबाल प्रशिक्षक प्रवीण मिश्रा आदि मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक लातेहार वैद्यनाथ राम ने कहा कि मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को बेहतर मंच देना है। वे बतौर मुख्य अतिथि जिला खेल स्टेडियम में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच है कि खिलाड़ियों को गांव से राज्य स्तर तक मंच प्रदान करना है ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा के साथ-साथ उनके परफॉरमेंस में सुधार हो सके। इस बात को ध्यान में रखकर गांव से लेकर राज्य स्तर तक यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। गांवों में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए खेल मैदान का विकास किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि खिलाड़ी खेल के मैदान में अनुशासन के साथ अपना प्रदर्शन करेंगे तो निश्चित रूप से व्यवहारिक जीवन में भी विकास के साथ-साथ संस्कार दिखाई पड़ेगा। डीएफओ रौशन कुमार ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रतिभागी आगे जा सकते हैं। उम्मीद है कि प्रतिभागी अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर लातेहार जिला का नाम रोशन करेंगे।

# बालूमाथ को शीघ्र मिलेगा सभी सुविधाओं से युक्त स्वास्थ्य केंद्र

### विधायक व महागठबंधन के नेताओं ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास

**अजित कुमार। बालूमाथ**



ब्लॉक कंपाउंड के अंदर लातेहार विस क्षेत्र के विधायक बैद्यनाथ राम सहित महागठबंधन के नेताओं ने करोड़ों रुपये की लागत से सभी सुविधाओं से युक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास किया। इससे पूर्व विधायक बैजनाथ राम व झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष अरुण दुबे, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी सहित कई इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं का प्रखंड ठबंधन के कार्यकर्ताओं ने झारखंडी रीति रिवाज के साथ स्वागत किया गया।

इस मौके पर विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि बालूमाथ एकीकृत प्रखंड हेरहंझ एवं बारियातु के लिए वर्षों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक जिमखाना में सिमट कर रह गया था। इससे जनता को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। उचित इलाज के लिए अन्यत्र जाना पड़ता था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कर कमलों से अब बालूमाथ को नया अस्पताल भवन मिलने जा रहा है। यह अस्पताल सभी सुविधाओं से लैस होगा। कहा आज से 14 वर्ष पूर्व भी बालूमाथ पुरानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में नया भवन निर्माण करोड़ों रुपये की लागत से होना था, लेकिन निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। जनता का हक मारने वाले उन भ्रष्टाचारियों की जांच की जा रही है। बहुत जल्द ही मामले का उद्वेदन होगा और स्वास्थ्य भवन जैसी योजना में भी भ्रष्टाचार फैलाने वाले जेल जाएंगे।

वहीं शाहदेव ने कहा कि सरकार को गिराने के लिए ईडी जैसी कई केंद्रीय एजेंसियां विरोधी दल लगा रखा है, पर सरकार डटी हुई है और विकास का काम कर रही है। गांव गांव में सड़क सहित कई विकास की योजनाएं चलाई जा रही हैं। सीएस लातेहार ने कहा कि बालूमाथ घनी आबादी वाला क्षेत्र है। यहां बहुत दुर्घटनाएं हुआ करती हैं। मरीजों को भवन के अभाव में उचित इलाज नहीं मिल पाता है। आने वाले दिनों में नए भवन में स्टाफ से लेकर डॉक्टर एवं आधुनिक मशीनों उपलब्ध होंगी। जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कहा कि विधायक ने सरकार में रहकर भी सरकार के विरोध में धरना देकर बालूमाथ की जनता के लिए सुविधा युक्त भवन देकर इतिहास रचने का काम किया है। आने वाला दिनों में यहां की जनता इस उपकार के बदले फिर से विधायक बैद्यनाथ राम को विधायक एवं इंडिया गठबंधन के नेता को सांसद चुनने का काम करेगी।

मौके पर संवेदक ने एक वर्ष के भीतर गुणवत्तापूर्ण भवन बनाने का दावा किया। मौके पर बीडीओ सोमा उराव, सीओ तृतीय विजया कुजूर, झामुमो अध्यक्ष ईश्वर उरांव, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हायत, हेरहंज कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष लाडले खान, मोतिउर रहमान, राजद नेता श्यामा सुंदर यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव, बारियातु प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, झामुमो जिला सचिव मोहम्मद इमरान, प्रदीप गंझू, राजेश यादव, अबुल भाई, झामुमो युवा अध्यक्ष ओरंगजेंब खान, पंकज तिवारी, अरविंद यादव, सुरेश गंझू, मुखिया नरेश लोहरा, संध्या देवी, विमल देवी, नरेश उरांव, पसस रामलाल भगत, प्रेमचंद गंझू, संजीत लाल, जिप सदस्य विनोद उरांव, हरि साव, राजीव रंजन आदि उपस्थित रहे।

## बिजली चोरी कर जलाने वाले 9 पर प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

प्रखंड के पेटादेरी गांव समेत अन्य गांवों में बिजली विभाग ने रविवार को विशेष अभियान चलाया। इस दौरान अवैध रूप से बिजली चोरी करने सहित बिजली बिल जमा नही करने वालों को चिन्हित करते हुए कारवाई की गई। इसमें अवैध रूप से चोरी कर बिजली जलाने वाले पेटादेरी गांव के 9 लोगों मुकेश भुईयां पिता स्व अर्जुन भुईयां, सकसदेव भुईयां पिता पंजाबी भुईयां, विजय भुईयां पिता जगदेव भुईयां, चंदर भुईयां पिता ललित भुईयां, बिनोद कुमार पिता नन्दकिशोर महतो, राजेश यादव पिता स्व. गुलाब यादव, नागेश्वर यादव पिता कारू यादव, अनिल कुमार पिता बलराम महतो, विकास कुमार पिता कृष्णा महतो के खिलाफ स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। उक्त सभी 9 उपभोक्ताओं पर कुल 442563 रुपये बिजली बिल बकाया है। साथ ही सभी पर बिजली चोरी करने को लेकर कुल 69960 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अभियान झारखंड विद्युत ऊर्जा निगम लिमिटेड एमडी के निर्देशानुसार विजय कुमार कनीय अभियंता मुख्य विद्युत आपूर्ति प्रशाखा इटखोरी, मनोज कुमार पांडेय सहायक कर्मी, कामेश्वर प्रसाद गुप्ता सहायक कर्मी एवं अंचल कर्मी द्वारा चलाया गया।

## सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुआ युवक

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत जपुआ गांव के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक गिद्धौर थाना क्षेत्र के सिमरतरी गांव निवासी ब्रह्मदेव भुइया का पुत्र डब्लू भुइया है। राहगीरों से सूचना मिलते ही पुलिस पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घायल युवक को उठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद युवक को एंबुलेंस से सदर अस्पताल चतरा भेज दिया गया। बताया गया युवक गिद्धौर से वापस सिमरतर अपने घर जा रहा था कि जपुआ के समीप एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे डब्लू गंभीर रूप से घायल हो गया।

## खेल मैदान में मेला लगाने पर खेल प्रेमियों ने जताई नाराजगी



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

शहर के प्लस टू हाई स्कूल के खेल मैदान में हस्त शिल्प मेला लगाये जाने का परमिशन देने पर शहरवासी और खिलाड़ियों के बीच नाराजगी है। इनका कहना है शहर में यह एक मात्र खेल का मैदान है जहां लोग मॉर्निंग वॉक के लिए पहुंचते हैं। वहीं खिलाड़ी भी यहां प्रतिदिन अभ्यास किया करते हैं। मेला के लगने से सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। मैदान में मेला लगता देख खिलाड़ी और मार्निंग वाक करने वालों ने कहा विद्यालय मैदान में मेला लगाने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। यहां काफी दिनों तक टेंट लगने से मैदान में गड्ढे उभर आते हैं। इस कारण फुटबॉल, क्रिकेट आदि खेल खेलने वाले खिलाड़ी चोटिल होते हैं। पूरे मामले में खेल प्रेमियों ने हाई स्कूल प्रबंधन पर भी सवालिया निशान लगाया है। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य विजय साव ने बताया कि 15 दिन के लिए मेला लगाने की अनुमति दी गई है। मेला के बाद मैदान की साफ सफाई हेतु सिक्योरिटी मनी भी जमा कराई गई है।

## थाना प्रभारी ने होटल मालिकों के साथ की बैठक

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना परिसर में थाना प्रभारी रत्न टुडू ने क्रिसमस त्योहार को लेकर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए नेतरहाट के सभी होटल मालिकों के साथ बैठक की। बैठक में थाना प्रभारी रत्न टुडू ने सभी होटल मालिकों को होटल संचालक व रेस्टोरेंट से संबंधित कई प्रकार के दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि क्रिसमस का त्योहार नजदीक आ रहा है और इस दौरान नेतरहाट में बहुत सारे पर्यटक घूमने आएंगे। इसलिए आप सभी होटल मालिक विधि व्यवस्था को बनाए रखते हुए होटल का संचालन करेंगे ताकि पर्यटकों को भी समस्याओं का सामना न करना पड़े। मौके पर बिकु प्रसाद, नरेश चौधरी, विनय कुमार, बिट्टू कुमार, गौरव कुमार भोला प्रसाद, शशि कुमार आदि मौजूद थे।

## जेल अदालत में कैदियों को सांवैधानिक अधिकारों व कर्तव्यों की दी गई जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**




प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार के आदेशानुसार जेल अदालत सह विधिक जागरूकता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मो. अब्दुल नसीर तथा न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम राहुल कुमार उपस्थित हुए। नसीर ने कैदियों को सांवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्य के बारे में जानकारी दी। कैदियों को बंदी के रूप में प्राप्त अधिकारों के साथ ही उन्हें कानूनी रूप से जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। प्ली बारगेनिंग के प्रावधानों का लाभ उठाने के लिए विचाराधीन कैदियों को जानकारी दी। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी राहुल कुमार ने कैदियों को विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दी जानी वाली सहायता का लाभ उठाने की अपील की। अपने मुकदमें की जानकारी, वाद संख्या की जानकारी एवं अपने उपर लगे आरोप की जानकारी रखने के लिए जागरूक किया तथा कैदियों को यहां से निकलने के बाद समाज की मुख्यधारा में जुड़ने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान एलएडीसी के अधिवक्तागण ने कैदियों को उनके मुकदमे की जानकारी दी। जेल प्रशासन को आगामी 26 जनवरी को गणतंत्रत दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले जेल अदालत के लिए मामले को चिन्हित करने तथा निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान करने हेतु योग्य कैदियों से आवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर जेल अधीक्षक प्रभात कुमार, अधिवक्तागण, प्रभारी जेलर प्रदीप मुंडा, जेल कर्मी धर्मेंद्र एवं व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

**पहल** भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर वाहन मालिकों ने की बैठक

# बाहरी गाड़ियों को प्रश्रय देने का विरोध

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**



विस्थापित-प्रभावित हाइवा ऑनर एसोसिएशन की बैठक टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चुंदरुधाम परिसर में रविवार को हुई। इसकी अध्यक्षता कामाख्या नारायण सिंह ने की व संचालन महावीर साव ने किया। सभी को बताया गया कि आम्रपाली कोल परियोजना में एकेए लॉजिस्टिक्स राजधर रेलवे साइडिंग तक कोल ट्रांसपोर्टिंग का नया काम लेकर आई है, जिसका भाड़ा तय होने से पूर्व ढुलाई नहीं करने पर सहमति बनी।

वहीं लॉजिस्टिक्स कंपनी द्वारा हीं एनटीपीसी तक कराये जा रहे कोल ट्रांसपोर्टिंग में वाहन मालिकों को प्रति टन भाड़ा दो सौ रुपये निर्धारित कर ढुलाई की तिथि से 15 दिनों के अंदर भुगतान करने की मांग की गई है, जबकि ट्रांसपोर्टरों द्वारा बाहरी गाड़ियों को प्रश्रय देने पर बहिष्कार करने का सामूहिक निर्णय लिया गया है। जानकारी देते हुवे सुरेश कुमार ने बताया कि चट्टी बारियातू से कोयले की ट्रांसपोर्टिंग में निर्धारित भाड़ा वृद्धि भुगतान हेतु प्रणव नमन के प्रबंधन को 5 जनवरी तक का एक अल्टीमेटम दिया गया है। मौके पर विजय साहु, ईश्वरी साहु, संजीव सिंह, महेन्द्र साव, अरविंद सिंह, श्रीनाथ ठाकुर, बासुदेव कुमार, मनोज राम, पंकज सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

## मारंगलोइया में पोस्ता की खेती को वन विभाग के कर्मचारियों ने किया नष्ट

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के मारंगलोइया में रविवार को प्रतिबंधित अफीम की लगी फसल को वन कर्मियों ने अभियान चलाकर नष्ट कर दिया। इस बाबत वनकर्मी मुरारी प्रजापति ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई उक्त कार्रवाई में लगभग चार कठ्ठा में लगे अवैध अफीम की फसल को नष्ट किया गया है। वहीं निरीक्षण के दौरान जंगल से कत्था बनाने में उपयोग किये जा रहे सामग्रियों व बर्तनों को भी जब्त किया गया है। बताया गया कि अवैध कारोबारी मौके से फरार हो गये, जिनको चिन्हित किया जा रहा है। ज्ञात हो कि उक्त गांव में पिछले कुछ सालों से विभागीय कार्रवाई में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती को नष्ट किया गया है। बावजूद खेती करने वालों का अबतक चिन्हित व कार्रवाई नहीं होने से वे बचते रहे हैं। इससे पोस्ते की अवैध खेती पर विराम नहीं लगाया जा सका है। अभियान में एसआइ हेमंत ठाकुर, वनकर्मी सुनील उरांव, जयराम उरांव, राजेश गंझू समेत अन्य शामिल थे।

## प्रखंड संवेदक संघ का किया गया पुनर्गठन, पुनः अध्यक्ष बने आशीष

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**



प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत जवाहर फुटबॉल मैदान में रविवार को प्रखंड स्तरीय संवेदक संघ की बैठक हुई, जिसमें प्रमुख अनिता यादव, समाजसेवी बालेश्वर प्रसाद यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे और बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार व संचालन मनोज कुमार कुशवाहा ने किया। बैठक में उपस्थित संवेदको ने बारी-बारी से अपने विचार रखें। साथ ही इस दौरान विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए संगठित रहने का निर्णय लिया गया और प्रखंड संवेदक संघ का पुनर्गठन करते हुए बेहतर संचालन को देखते आशीष कुमार को पुनः संघ का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि प्रखंड में विभिन्न विभाग से निकलने वाले कार्य में दूसरे प्रखंड के संवेदक भाग नहीं लेंगे। यदि लेते है तो इसका विरोध होगा। बैठक में परमेश्वर साव, सत्येंद्र कुमार दांगी, कपिल कुमार, मनोज कुमार कुशवाहा, राकेश कुमार, बबलू कुमार साव, विकास कुमार, ब्रजेश कुमार सिन्हा, प्राणेश कुमार गुप्ता, ईश्वर दयाल सिंह, बसंत सिंह, विदेश्वरी यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### कुएं में डूबने से वृद्ध महिला की मौत

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत बसिया थाना स्थित पतूरा ग्राम निवासी 55 वर्षीय वृद्ध महिला रुबीना देवी की मौत कुएं में डूबने से हो गई। घटना की सूचना बसिया थाना पुलिस को दी गई। बसिया पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद उसके शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

### 'सनातनियों की अवहेलना करने वाले नेताओं को सबक सिखाएगी समिति'

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के सदस्यों ने गुमला प्रखंड के गम्हरिया गांव पहुचकर रविन्द्र गोप के परिजनों को सहायता राशि प्रदान की। रविंद्र गोप की आकस्मिक मृत्यु एक सप्ताह पूर्व हो गई थी जिसके वजह से समिति के लोग काफी दुखी थे। रविंद्र समिति का बहुत ही एक्टिव कार्यकर्ता के साथ-साथ मां-बाप का इकलौता बेटा था। मौके पर संचालन समिति सदस्य ओम महतो ने कहा कि रविंद्र गोप का जाना समिति के लिए अपूरणीय क्षति है जिसकी पूर्ति करना संभव नहीं है। अभिषेक सिन्हा उर्फ सूर्या ने कहा अत्यंत गरीबी में जीवन यापन करने वाला रविंद्र गोप सनातन समाज के होने के कारण अभी तक कोई नेता दिलचस्पी नहीं ली और न ही कोई घर पहुंचा। गैर सनातनियों के लिए नेताओं की लाइन लग जाती है। आने वाले दिनों में सनातनियों की अवहेलना करने वाले नेताओं को सबक सिखाई जाएगी। दुःख व्यक्त करने वालों में मुख्य संरक्षक रमेश उरांव संरक्षक सुषमा सिंह, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन, गुंजन वर्मा, ओम महतो, दया शंकर सिंह, प्रदीप साहू, अभिषेक सिंह उर्फ सूर्या, हेमंत वर्मा, आयुष कुमार, राम कुमार साहू, नितेश जैसवाल, अनिल उरांव, विक्की कसेरा, गुड्डू राय, चंदन साहू, बजरंग साहू, पंकज महतो, गम्हरिया अध्यक्ष विक्की सिंह, पूर्व अध्यक्ष रोहित साहू, महिला जिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान नगर अध्यक्ष दीपक साहू नगर महामंत्री सुशील पटनायक आदि शामिल थे।

### 'खिलाड़ी खेल को खेल भावना से खेलें'

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत अंतर्गत कुंदगड़ी उफराटोली खेल मैदान में विश्व अमृत दिवस के अवसर पर एके 47 नव युवक संघ कुंदगड़ी द्वारा फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग की 32 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि जिप सदस्य राधा तिर्की द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारम्भ किया गया। मौके पर जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल का अभ्यास करें और खिलाड़ीगण खेल को खेल की भावना से खेलें। खेल में हार जीत लगी रहती है। हार से निराश नहीं होना चाहिये। किसी भी कार्य में सफलता प्राप्त करने के लिये परिश्रम के साथ निरंतर अभ्यास जरूरी है। प्रतियोगिता का पहला मैच एसटी बॉयज और डीसीएम लोहरदगा के बीच खेला गया, जिसमें एसटी बॉयज की टीम डीसीएम लोहरदगा को 1 - 0 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। मौके पर उमेश उरांव, बालेश्वर उरांव, सुकरा उरांव, सुकेश्वर मास्टर, दीपक उरांव, राजेश उरांव, सूरज उरांव, दिलीप उरांव, दिनेश उरांव आदि उपस्थित थे।

### भगत के समाधि स्थल पर माल्यार्पण

**लोहरदगा।** 17 दिसंबर को झारखंड आंदोलनकारी लोहरदगा के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के गांव जिंगी में उनकी दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर समाधि- स्थल पर माल्यार्पण किया गया। आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, कार्यकारी जिलाध्यक्ष रामनारायण प्रसाद, केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता, जिला महासचिव विलियम कुजूर, जिला कोषाध्यक्ष संजू सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी, लालदेव टाना भगत, मुरारी लोहरा, मुमताज अंसारी, मुखिया दिलीप उरांव और स्वर्गीय कमल किशोर भगत के छोटे भाई अनिल टाना भगत तथा बहन बबली भगत उपस्थित हुए। अनिल टाना भगत ने कहा कि लोग उन्हें अपना भाई और बेटा मानकर सहयोग किया करते थे। अब हम सभी मिलकर उनके सपनों को पूरा करेंगे।

### मुखिया ने किया कंबल का वितरण

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत उदरंगी पंचायत के भैंसमुंदो ग्राम में मुखिया परमेश्वर महली, वार्ड सदस्य कांति देवी की अगुवाई में वृद्ध असहाय गरीब लोगों को ठंड से बचने के लिए कंबल का वितरण किया गया। इस संबंध में मुखिया परमेश्वर महिला ने बताया कि गरीब असहाय लोगों के बीच पचास लोगों को कंबल दिया गया। इस ठिठुरन वाली ठंड में गरीब लोगों को कंबल मिलने से ठंड से बचने में उन्हें सुविधा होगी। कंबल प्रकार गरीब असहाय लोग खुश हुए। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री बाल कृष्णा सिंह, वासुदेव उराव, विवेक सिंह, दुर्गा महली, कैलाश महतो, रूपेश सिंह आदि उपस्थित थे।

### पड़हा महासम्मेलन को लेकर हुई बैठक

**भंडरा।** स्थानीय झखरा कुम्बा भंडरा में बिनोद उरांव के अध्यक्षता आदिवासी सरना धर्म पडहा महासम्मेलन के आयोजन को लेकर बैठक हुई। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 दिसंबर को लाल बहादुर शास्त्री उच्च विद्यालय भंडरा मैदान में आदिवासी सरना धर्म पढ़ा महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में समाज के धर्म अगुवा, पहान, पूजार, महतो विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में विनोद उरांव, अनिल उरांव, मंगरा उरांव, धनेश्वर उरांव, कार्तिक उरांव, चारवा उरांव, प्रकाश उरांव, दरिया उरांव, बंधनु उरांव आदि मौजूद रहे।

---

#### द्वितीय पुण्यतिथि पर पूर्व विधायक केके भगत की प्रतिमा का अनावरण, आजसू सुप्रीमो ने की कार्यकर्ताओं से अपील

# भगत के विचारों को जन-जन के हृदय में स्थापित करें

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड आंदोलनकारी व लोहरदगा के पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की द्वितीय पुण्यतिथि पर लोहरदगा जिला आजसू कार्यालय परिसर में उनकी प्रतिमा का अनावरण आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो समेत अन्य अतिथियों ने किया। वहीं श्रद्धांजलि सभा एवं प्रतिमा अनावरण के मौके पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक व्यावसायिक, संगठनों के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।





मौके पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि मैंने कमल किशोर भगत की प्रतिमा को लोहरदगा के हृदयस्थली में स्थापित कर दी है। अब पार्टी के सभी कार्यकर्ता और समर्थकों का यह दायित्व है कि कमल किशोर भगत की विचारों को जन-जन के हृदय में स्थापित करें। कहा कि कई पार्टियों के बड़े-बड़े नेता आंदोलन के नाम पर बड़ी-बड़ी बातें करते रहे, आंदोलन को बेचते रहे परंतु रांची जैसे शहर में आंदोलन को जमीन पर उतारते हुए अलग झारखंड राज्य के लिए आंदोलन का ईमानदारी के साथ यदि किसी ने बीजारोपण किया तो उसका नाम कमल किशोर भगत है। सच्चे अर्थों में वे आंदोलनजीवी पुरुष थे। आजसू पार्टी और झारखंड को सही दिशा देते हुए उन्होंने अपना प्राण न्योछावर कर दिया। पूर्व मंत्री व पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि कमल किशोर भगत के साथ लंबे समय तक मुझे रहने का, राजनीतिक क्षेत्र में काम करने का और बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। मैंने उनकी जनता एवं पार्टी के प्रति कर्तव्य निष्ठा को हमेशा प्रेरणा का स्रोत माना। पार्टी प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि कमल किशोर भगत सादा जीवन और उच्च विचार के प्रतीक थे। क्षेत्र की जनता के साथ उनके परिवार का सदस्य बनकर रहना उनकी दिनचर्या थी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि वास्तव में नेता वहीं होता है जो मरने के बाद भी लोगों के हृदय में जीवित रहता है और इसका सबसे बड़ा उदाहरण स्वर्गीय कमल किशोर भगत हैं।

स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी और लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके दादा स्वतंत्रता सेनानी, पिता शिक्षाविद थे। वहीं केके भगत लोहरदगा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक बनकर जनता की सेवा करते हुए अपने आप को न्योछावर कर दिए। मैं उनकी सादगी और उच्च विचार को आत्मसात करते हुए हमेशा जनता के बीच रहकर क्षेत्र के विकास के लिए अपने आप को खपा दूंगी और उनके सपनों को पूरा करने का हर संभव प्रयास करूंगी। मौके पर ओम प्रकाश सिंह, संजय बर्मन, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, उमेश कांस्यकार, नजीर खान, छवि सिंह, आदित्य साहू, अंकित कुमार, जिला परिषद सदस्य सुखदेव ऊराव, गंगोत्री देवी, चान्हो के जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम, कुडु उप प्रमुख एनुल अंसारी, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश साहू, तेली समाज के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज साहू, सौंडिक समाज के पदाधिकारी गुप्तेश्वर गुप्ता, मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश संयोजक जयप्रकाश शर्मा, संदीप पोद्दार, दीपक सराफ, मदन मोहन पांडेय, विहिप जिला अध्यक्ष राम लखन प्रसाद, प्रोफेसर शिवदयाल साहू , अनिल भगत, बबली, शनिचरवा भगत, रोशन लाल चौधरी, हसन अंसारी, ओम भारती, अंजू देवी, लाल गुडडू नाथ शाहदेव, सूरज अग्रवाल, अरविंद यादव, कवलजीत सिंह, राजू गुप्ता आदि मौजूद थे। मंच संचालन केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल एवं स्वागत भाषण कवलजीत सिंह ने किया। मौके पर एनडीए के समर्थक दल और सामाजिक संगठन के पदाधिकारी के साथ हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

**आंदोलनकारी मोर्चा के आंदोलन स्थल पर पहुंचे सुदेश :** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा लोहरदगा के द्वारा किए जा रहे आंदोलन स्थल पर पहुंचकर सुदेश कुमार महतो एवं देवशरण भगत ने आंदोलन का समर्थन किया व सभा को संबोधित किया। कहा कि आपकी मांगें जायज हैं और इसको लेकर आजसू पार्टी शुरू से प्रयत्नशील है और आपकी बातों को मैं सदन में भी उठाने का कार्य करूंगा। इस अवसर पर आंदोलनकारी मोर्चा के सैकड़ों आंदोलनकारी उपस्थित थे।

**सैकड़ों लोगों ने थामा आजसू का दामन :** आजसू कार्यालय में केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में लोहरदगा के सैकड़ों लोगों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिसमें मुख्य रूप से घर वापसी करते हुए आजसू पार्टी के पूर्व जिला सचिव संजय विश्वकर्मा, पूर्व नगर सचिव मोहम्मद राजन ने घर वापसी की एवं राष्ट्रीय जनता दल (जनतांत्रिक) के जिला अध्यक्ष सुमन साहू, राहुल साहू, सामाजिक कार्यकर्ता सोहन साहू, प्रभु गुप्ता, मनोज प्रसाद, गुडुस गुप्ता, ट्रैक्टर यूनियन लोहरदगा के अध्यक्ष उदय चंद्र मुखर्जी, गुमला से पूर्व असिस्टेंट कमिश्नर सतीश कुमार, आरिफ अंसारी, कांग्रेस से इम्तियाज अंसारी (कुडू), इकरामुल अंसारी, मोहम्मद मुस्तफा खलीफा, नीरा कुजूर अजय उराव अजय भगत सहित सैकड़ो की संख्या में अन्य दलों को छोड़कर एवं नए सदस्यों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी का स्वागत केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो द्वारा किया गया और कहा कि पार्टी में लगातार शामिल हो रहे सदस्यों से लोहरदगा का संगठन और मजबूत हो रहा है।

---

## आर्थिक नाकेबंदी करने सड़क पर उतरे आंदोलनकारी, पुलिस ने हटाया

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिला मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों और क्षेत्रों में झारखंड आंदोलनकारियों ने दो दिवसीय 16 एवं 17 दिसंबर 2023 को आर्थिक नाकेबंदी करने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों के सड़कों पर उतरे, जहां पहले से तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा उन्हें सड़कों से हटाया गया। आंदोलनकारियों का आरोप है कि काफी शहादत और लंबे संघर्ष के बाद 15 नवंबर 2000 को हमारे संघर्ष और लोगों की शहादत की बदौलत अलग झारखंड राज्य प्राप्त हुआ, परंतु यहां के लोगों ने जिस उद्देश्य से झारखंड को अलग राज्य का दर्जा दिलवाया वह उद्देश्य पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। चारों तरफ लूट खसोट और अराजकता का बोलबाला है। इसके विरोध में संघर्ष मोर्चा गुमला के तत्वावधान में काफी संख्या में महिला पुरुष अपने हरवे हथियार के साथ सड़क पर उतरकर आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन कर रहे थे जिन्हें पहले से उपस्थित पुलिस कर्मियों द्वारा सड़क से हटा दिया गया। झारखंड राज्य सरकार से आंदोलनकारियों की ओर ये मांग की जा रही है कि झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी की पहचान में जेल जाने की बाध्यता को पूर्णता समाप्त किया जाये और सभी आंदोलनकारियों को एक नजर से देखते हुए उनकी पहचान योग्यता के अनुसार सीधी नियुक्ति की जाए। मेडिकल सुविधा प्रदान किया जाए, क्योंकि सभी आंदोलनकारी एक है, कोई आंदोलनकारी विशेष नहीं। जेल जाने का अधिकांश प्रमाण भी फेक है। कोई कहीं चलते-फिरते गिरफ्तार हो गया तो वह भी आंदोलनकारी नहीं बन जायेंगे।

#### आंदोलनकारी की पहचान में जेल जाने की बाध्यता को पूर्णतः समाप्त किए जाने की मांग

## नवनिर्मित भवन में सामग्री आपूर्ति को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**गुमला।** जिला अंतर्गत सुरसंग थाना क्षेत्र स्थित सलकया में सामुदायिक भवन नवनिर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया है, जिसके संवेदक मंटू सिंह है। उसके द्वारा अनिल साहू को उक्त सामुदायिक केंद्र नवनिर्माण भवन के लिए विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति के लिए सानिया कोना निवासी अनिल साहू को उक्त समुदाय केंद्र भवन के नव निर्माण कार्य के विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति का जिम्मा दिया गया है। जब सामग्री आपूर्तिकर्ता अनिल साहू द्वारा शनिवार के प्रातः ईंट, सीमेंट, चिप्स और लोहे के छड़ आदि सामग्री उक्त सामुदायिक केंद्र नवनिर्माण भवन स्थल पर गिराये जाने लगा तो इसका उक्त क्षेत्र के अनिरुद्ध नामक व्यक्ति के पुत्र द्वारा इसका विरोध किया जाने लगा। कहा कि इस क्षेत्र में जो भी कार्य होगा उसकी सभी सामग्री मैं ही आपूर्ति करूंगा। शुरू में दोनों पक्षों के बीच तू तू मैं मैं हुई और फिर उक्त विरोध का मामला मारपीट में बदल गया। इसी क्रम में अनिरुद्ध के पुत्र द्वारा पिस्तौल के बट से मारकर अनिल साहू को घायल कर दिया गया।

## 'लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में व्यापक स्तर पर चलेगा 'डोनेट फॉर देश' अभियान'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि कांग्रेस कमिटी ने आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व ऑनलाइन चंदा एकत्र करने के लिए 'डोनेट फॉर देश' नाम से अभियान शुरू करने का फैसला किया है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणु गोपाल के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 18 दिसंबर को इस अभियान की शुरूआत करेंगे। देश के मुख्य विपक्षी कांग्रेस पार्टी 28 दिसंबर को अपने 138 वें स्थापना दिवस से पहले इस अभियान के माध्यम से लोगों से 138 रुपया 1380 रुपया 13800 या फिर इसे 10 गुना की राशि चंदे के रूप में देने की अपील करेगी। कांग्रेस को चंदा एकत्र करने के अपने ऑनलाइन अभियान डोनेट फॉर देश की शुरूआत की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह पहल 1920- 21 में महात्मा गांधी के ऐतिहासिक तिलक स्वराज कोष से प्रेरित है और इसका उद्देश्य संसाधनों के समान वितरण और अवसरों से समृद्ध भारत का निर्माण करने के लिए पार्टी को सशक्त बनना है। हम लोगों को उस इतिहास को स्वीकारते हुए अंशदान करने के लिए आमंत्रित करते हैं जो बेहतर भारत के लिए पार्टी को स्थायी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी और सोशल मीडिया के माध्यम से इस अभियान को लेकर जागरूकता बढ़ाई जाएगी। कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि यह अभियान मुख्य रूप से पार्टी की स्थापना दिवस 28 दिसंबर तक ऑनलाइन रहेगा इसके बाद कांग्रेस जमीनी अभियान शुरू करेगी। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में यह अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा उसके तहत पार्टी से जुड़े स्वंयसेवी घर-घर जाएंगे और प्रत्येक बूथ में कम से कम 10 घरों को लक्षित कर हर घर से कम से कम 138 रुपया का अनुदान सुनिश्चित करेंगे।

#### जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा-समृद्ध भारत का निर्माण करने के लिए पार्टी को सशक्त बनना है

## रूद्र महायज्ञ के सफल संचालन को लेकर यज्ञ समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ का विराट आयोजन आदि देवी प्राचीन मंदिर भक्सो में 20 दिसंबर से कलश स्थापना के साथ शुरू होगा। महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर आयोजन समिति की बैठक रविवार को हुई। कार्यक्रम की सफलता को लेकर विशेष रणनीति बनाई गई। इस बाबत यज्ञ की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी हारिश बिन जमां से कमिटी के लोगों ने मिलकर उन्हें यज्ञ में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इधर बैठक में आसपास के गणमान्य एवं प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे। बैठक में चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि 1101 कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। 21 दिसंबर को 10 बजे स्वयं अग्नि देव दर्शन देंगे तथा मध्याह्न 12:30 बजे से रामलीला, नृत्य एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा जो रात्रि तक चलेगा। 26 दिसंबर को पूर्ण हवन, महा भंडारा एवं विदाई समारोह का आयोजन किया जाएगा। रुद्र महायज्ञ में यज्ञ संरक्षक व संचालक जगताचार्य स्वामी अजुर्नानंद भारती धरहरा होंगे। संगीतमय कथा वृंदावन धाम से पहुंची शिवांजलि किशोरी जी द्वारा किया जाएगा। यज्ञ के सफल संचालन में साध्वी शिवांजलि किशोरी, त्यागी श्री महंत पूज्य मदन दास, स्वामी श्री अवधेश दास, संत श्री हरिदास एवं नागा बाबा अवधूत गिरी, गौ रक्षा प्रमुख त्रिलोकीनाथ बागी होंगे. याज्ञिक श्री शनिदेव भोलू बाबा होंगे। आयोजन समिति ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि कलश स्थापना के मौके पर श्रद्धालु पहुंचे। भक्सो कोयल नदी तट से प्रातः 9 बजे पवित्र जल कलश में लेकर कलश यात्रा शुरू की जाएगी।



## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिला मुख्यालय स्थित पुराना बस डिपो लोहरदगा रोड गुमला में शनिवार संध्या लगभग 7 बजे अज्ञात वाहन के चपेट में आने के कारण सिसई थाना स्थित मुर्गू ग्राम निवासी तुलसी महतो जो अपने निजी कार्य से अपने बाइक में सवार होकर गुमला शहर जा रहा था। इसी क्रम में गुमला थाना रोड से लोहरदगा रोड आते वक्त पुराना बस डिपो लोहरदगा रोड गुमला के समक्ष नियंत्रित तेज रफ्तार से आ रहे उक्त अज्ञात वाहन ने तुलसी महतो के बाइक में जोरदार टक्कर मारकर लोहरदगा के तरफ भागने में सफल रहा। तुलसी महतो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। गुमला सदर थाना पुलिस को उक्त दुर्घटना की सूचना मिलते ही गुमला सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर तुलसी महतो के उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया, जहां उक्त शव को शतगृह में रखवाया गया और आज पोस्टमार्टम के बाद तुलसी महतो के शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

### चैनपुर थाना क्षेत्र में इंटर का छात्र बाइक से गिरकर गंभीर रूप से हुआ घायल, रांची रिम्स रेफर

**गुमला।** जिला अंतर्गत चैनपुर थाना स्थित सिविल विद्यालय चैनपुर के समक्ष लूरू सक्सेरी ग्राम निवासी सह इंटर का छात्र सहोदर महतो अपने बाइक में सवार होकर अपने निजी कार्य से कही जा रहा था। इसी क्रम में उसका बाइक एकाएक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और वह अपने बाइक से नीचे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका पूरा चेहरा और शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट आ गई। उसे घटनास्थल पर उपस्थित लोगों ने उठाया और उसे इलाज के लिये चैनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां पहूंचते ही गुमला सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति गंभीर होते देख उसे बेहतर इलाज के लिये रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।

---

**बैठक** वक्ताओं ने कहा-राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के पक्ष में खड़ा है संपूर्ण हैहय समाज

# 'धीरज साहू के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी बर्दाश्त नहीं'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

हैहय समाज की बैठक में कहा गया कि विगत 6 दिसंबर को राज्यसभा सांसद व इनके परिवार के प्रतिष्ठानों व आवास में आयकर विभाग द्वारा छापामारी कर लगभग 350 करोड़ नकद बरामदगी की बात सामने आने के बाद विभिन्न राजनीतिक संगठनों से संबंधित लोगों द्वारा हैहय समाज के अभिवावक सह राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को लक्ष्य बनाकर उनके खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर व्यक्तिगत हमला किया जा रहा है, जो कि अक्षरशः गलत है। अभी तक आयकर विभाग भी आधिकारिक बयान जारी कर बरामद रुपये को काला धन की श्रेणी में नहीं रखा है। अभी इसपर सम्पूर्ण कार्रवाई करते हुए कम से कम 6 माह की अवधि लगेगी। तब अंतिम निष्कर्ष आयेगा कि यह कालाधन है या सफेद धन। फिर ऐसी क्या परिस्थिति उत्पन्न हो गयी है कि राजनीतिक संगठन के लोग स्वघोषित आयकर पदाधिकारी व न्यायाधीश की तरह धीरज प्रसाद साहू को अपराधी घोषित करने में तुले हुए हैं। ऐसे गर्त में गिरकर राजनीति करने वालों को हमारा हैहय समाज सावधान करता है व चेतावनी देता है कि साहू परिवार या राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी नहीं करें अन्यथा हमारा सम्पूर्ण समाज ऐसे लोगों का पूर्ण बहिष्कार करेगा तथा राजनीतिक रूप से प्रेरित होकर विद्वेषपूर्ण बयान देने वालों के ईट से ईंट बजा देगा। सम्पूर्ण हैहय समाज सांसद धीरज प्रसाद साहू एवं सम्पूर्ण साहू परिवार के साथ तन्मयता से सुदृढ रूप से खड़ा है। सर्वविदित है कि धीरज प्रसाद साहू का परिवार 100 साल से भी अधिक समय से शराब के व्यवसाय में है व समाज के प्रतिष्ठित परिवार से संबंध रखते हैं। झारखंड राज्य के विकास में इस परिवार की अहम भूमिका रही है। धीरज प्रसाद साहू से पूर्व इनके बड़े भाई स्व शिव प्रसाद साहू रांची से दो बार लोकसभा सांसद रह चुके हैं तथा दोनों भाइयों के राजनीतिक कार्यकाल में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार या अन्य कोई गलत कार्यों का आक्षेप नहीं लगा है। पूरा कार्यकाल सराहनीय तथा बेदाग रहा है। वहीं इनका पिताजी राय साहब बलदेव साहू को आजादी पूर्व समाज मे अच्छे कामों के लेकर राय साहब की उपाधि से भी नवाजा गया था। परिवार का समाज के हर वर्ग का विकास में सराहनीय योगदान रहा है। इस मामले को लेकर रविवार को हुई बैठक में हैहय समाज के कार्यकारी अध्यक्ष मनीष कुमार साहू, रितेश कुमार, कामेश्वर प्रसाद, गुप्तेश्वर गुप्ता, सुदेश गुप्ता, नवल किशोर प्रसाद, प्रवीण चौधरी, अशोक कुमार, उपेंद्र प्रसाद, सुनील भगत,दीपक जैसवाल, नागेंद्र प्रसाद, लखन मांझी, राजीव कुमार, सिद्धनाथ प्रसाद, सुबोध साहू, रामपाल प्रसाद, अजय कुमार साहू, सतीश जायसवाल, पंकज साहू, सुकान्त चौधरी, राजवर्धन साहू समेत सैकड़ो लोग उपस्थित हुए।



## जिप सदस्य ने सामुदायिक भवन का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

प्रखंड क्षेत्र के सेन्हा पंचायत अन्तर्गत नौदी ग्राम में विशेष प्रमंडल द्वारा जिला अनवध निधि से बनने वाला सामुदायिक भवन का शिलान्यास जिप सदस्य राधा तिर्की तथा गांव के मनी पाहन द्वारा आदिवासी रिति रिवाज के अनुसार किया गया। वहीं जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की द्वारा बताया गया कि विशेष प्रमंडल द्वारा जिला अनवध के माध्यम से करीब 41 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाला सामुदायिक भवन निर्माण के लिये शिलान्यास किया गया। साथ ही कहा की नौदी के ग्रामीण जनता द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण की मांग पूर्व से की जा रही थी। आज ग्रामीणों का सपना साकार हो रहा है। सामुदायिक भवन बन जाने से ग्राम स्तर पर तथा सामाजिक स्तर पर सामूहिक कार्य करने में ग्राम वासियों को सुविधा होगी। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उरांव तथा रोहित साहू, मिथलेश मिश्रा, यूनुस अंसारी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### बिहार की हवा में घुलता जा रहा जहर, 14 जिलों में स्थिति खराब

**पूर्णिया।** बिहार में बढ़ती ठंड के साथ-साथ राज्य की हवा भी खराब हो चुकी है। कई जिलों में प्रदूषण युक्त हवा चल रही हैं। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण की रिपोर्ट के अनुसार, आज सुबह 7 बजे राजधानी पटना सहित प्रदेश के 14 जिलों की हवा में प्रदूषण का जहर फैला दिखाई दिया। इस प्रदूषण युक्त हवा की वजह से सांस लेने संबंधी बीमारियां होने लगी है। राज्य के 14 जिलों में सबसे अधिक पूर्णिया जिले की स्थिति ज्यादा खराब है। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक (अदक) 419 दर्ज किया गया। प्रदूषण विभाग के अनुसार 400 से ऊपर एक्यूआई वाले इलाकों में स्वस्थ व्यक्ति को भी सावधान रहने की जरूरत है। इन जिलों के लोगों को प्रदूषण से बचाव की उचित सलाह दी जाती है।

### डॉ. रमन सिंह ने विस अध्यक्ष पद के लिए दाखिल किया नामांकन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए रविवार को नामांकन दाखिल किया। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा नेता रमन सिंह ने कहा कि आज मैंने नामांकन दाखिल किया है। मैं पक्ष और विपक्ष दोनों को धन्यवाद देता हूं। हम नई जिम्मेदारी की ओर बढ़ रहे हैं। मुझे इस पवित्र सदन और पूरे छत्तीसगढ़ के 90 विधायकों के संरक्षण का दायित्व मिलने जा रहा है। मैं सभी को धन्यवाद दूंगा। मेरी कोशिश रहेगी की बेहतर ढंग से विधानसभा का संचालन हो और सारे मुद्दे राज्य के हित के लिए उठें। सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास रहेगा।

### यूपी की सभी 80 सीटें जीतेगा इंडिया गठबंधन

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में पसमांदा मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की। इस दौरान एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए भाजपा को उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर हरायेगी। भाजपा हटेगी तो देश खुशहाली के रास्ते पर जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार समाजवादी पार्टी और पीडीए पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों के खिलाफध षडयंत्रकारी रणनीति बनाने में जुटी है। हमें भाजपा की चालों से सावधान रहना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सामाजिक सदभाव को खत्म कर रही है। उसने बांटो और राज करो की नीति अंग्रेजों से सीखी है। समाज में नफरत फैलाना भाजपा का एजेंडा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के बिना समाज में न सदभाव रहेगा और न विकास का रास्ता प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के समय हुए कामों का ही भाजपा उदघाटन और शिलान्यास कर उन पर अपने नाम का ठप्पा लगाने से बाज नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए भाजपा को हटाना जरूरी है, तभी डॉ. भीमराव अम्बेडकर का संविधान बच सकेगा।

# पहाड़ों पर बर्फबारी से सर्द हवा ने बढ़ाई ठंढ, दिन में धूप भी बेअसर

**एजेंसी। गोरखपुर**

मौसम विभाग के अनुसार अभी चार-पांच दिन ठंड से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। शनिवार को धूप निकलने के साथ सर्द हवा चलती रहीं। धूप में खड़े होने पर कुछ राहत थी। बफीर्ली हवा के चलते पूरे दिन गलन बरकरार रहा। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के चलते सर्द हवा ने ठंड बढ़ा दिया है। आठ से 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली सर्द हवा के चलते दिन में निकली धूप भी बेअसर साबित हो रही थी। शनिवार को न्यूनतम तापमान के साथ अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अभी चार-पांच दिन ठंड से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। शनिवार को धूप निकलने के साथ सर्द हवा चलती



रहीं। धूप में खड़े होने पर कुछ राहत थी। बफीर्ली हवा के चलते पूरे दिन गलन बरकरार रहा। दिन का अधिकतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से एक डिग्री कम था। वहीं न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम रहा। मौसम वैज्ञानिक शफीक सिद्दीकी ने बताया कि एक प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण उत्तर-पश्चिम राजस्थान और आसपास के क्षेत्र में समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर स्थित है। इसका असर 19 दिसंबर तक बने रहने की संभावना है।

**ठंड में यह उपाय जरूर करें**

- हमेशा गर्म कपड़े पहनें, कान को ठीक से ढक कर रखें।
- खुद को साफ रखें और आसपास भी स्वच्छता बनाकर रखें।
- ज्यादा ठंडे पानी के सेवन से बचें, हो सके तो गर्म पानी पीएं, इससे कई फायदे मिलेंगे।
- गुनगुने पानी से ही स्नान करें।
- ठंड में मौसमी फलों का सेवन जरूर करें।
- समय पर खाना खाएं और अच्छी नींद जरूर लें।
- बच्चों को हमेशा गर्म कपड़े पहनाकर रखें और पांव में मोजे पहनाएं।

डॉ. आलोक ओझा ने बताया कि बदलते मौसम में लोग बिस्तर से तुरंत उठते ही बाहर चले जाते हैं, योग करने लग जाते हैं। एकदम से गर्मी से ठंडे में जाना ही लोगों को बीमार बनाता है।

### नेपाल-बिहार से आते हैं भक्त, योगी ने दिए सुरक्षा के प्रबंध के निर्देश

**गोरखपुर।** गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नव वर्ष के पहले दिन से ही मंदिर में भारी संख्या में लोग आने लगते हैं। नेपाल एवं बिहार से भी लोग खिचड़ी चढ़ाने आते हैं, इसलिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध हो। किसी से दुर्व्यवहार न होने पाए। इसके दृष्टिगत भीड़ को नियंत्रित करने तथा जाम आदि न लगने पाए इसके लिए लिए पुलिस-प्रशासन व्यवस्था करे। यह सुनिश्चित करें कि वाहन पार्किंग स्थल में खड़े हों और वाहन स्टैंड पर प्रकाश, सुरक्षा, अलाव, सीसीटीवी एवं साफ-सफाई के इंतजाम हों। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस की व्यवस्था कराएं। हर जगह सीसीटीवी कैमरा लगाएं और सफाई की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। कराये। नगर निगम, मेला क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था कराए और पर्याप्त संख्या में अलाव जलवाएं। गोरखपुर विकास प्राधिकरण तथा पीडब्लूडी, राष्ट्रीय राजमार्ग सड़कों को ठीक कराएं। टेलीफोन विभाग मेला के दौरान टेलीफोन के अस्थायी कनेक्शन उपलब्ध कराएं। बिजली विभाग मोहल्लों के जर्जर तारों एवं पोल ठीक करवा लें।

### राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का जश्न मनाने के लिए वॉशिंगटन के उपनगर में निकाली रैली



**नई दिल्ली/ वाशिंगटन।** 'विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका डीसी' इकाई के अध्यक्ष महेंद्र सापा ने कहा कि हिंदुओं के 500 वर्ष के संघर्ष के बाद भगवान श्री राम मंदिर का उद्घाटन (मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा) किया जा रहा है। हम इसी खुशी में अगले साल 20 जनवरी को लगभग 1,000 अमेरिकी हिंदू परिवारों के साथ वाशिंगटन में एक ऐतिहासिक उत्सव आयोजित कर रहे हैं। जिसे लेकर यहां हिन्दु भाईयों ने एक रैली निकालकर खुशी जाहिर की है। बताया गया कि उत्सव में राम लीला आयोजित की जाएगी, श्री राम की कथाएं सुनाई जाएंगी, श्री राम की पूजा की जाएगी, भगवान श्री राम एवं उनके परिवार के लिए भजन गाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस उत्सव में अलग-अलग आयुवर्ग के लोग भगवान श्री राम के जीवन पर आधारित लगभग 45 मिनट की ऐसी प्रस्तुति देंगे जो अमेरिका में पैदा हुए बच्चों को समझ आ सके। सह-आयोजक और एक स्थानीय तमिल हिंदू नेता प्रेमकुमार स्वामीनाथन ने तमिल भाषा में भगवान श्री राम की स्तुति की और अमेरिका में 20 जनवरी को आयोजित होने वाले उत्सव में सभी परिवारों को आमंत्रित किया।

### गाजियाबाद के डासना जेल में एचआईवी पॉजिटिव मिले सात कैदी, पांच दर्जन से अधिक हेपेटाइटिस के भी मरीज

**गाजियाबाद।** जिला कारागार गाजियाबाद में तकरीबन 4000 बंदियों की मेडिकल स्क्रीनिंग कराई गई। मेडिकल स्क्रीनिंग के दौरान विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच की गई। मेडिकल स्क्रीनिंग के दौरान बंदियों में एचआईवी, हेपेटाइटिस सी और हेपेटाइटिस बी की पुष्टि हुई है।

जेल अधीक्षक के आलोक सिंह के मुताबिक, उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर प्रदेश की सभी कारागारों में मेडिकल स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया था। मेडिकल कैंप में जेल में बंद बंदियों की स्वास्थ्य जांच की गई। मेडिकल स्क्रीनिंग में डासना जेल में बंद करीब 4000 बंदियों में 7 में एचआईवी पॉजिटिव, 49 मरीज हेपेटाइटिस सी, जबकि 18 मरीज हेपेटाइटिस बी के लक्षण पाए गए हैं। फिलहाल, जेल प्रशासन द्वारा पॉजिटिव मिले बंदियों को पर्याप्त इलाज उपलब्ध कराया जाएगा।

### प्रेमिका के साथ आए युवक ने की अधेड़ की हत्या

**फरुर्खाबाद।** उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद जिले से सनसनीखेज खबर सामने आई है। यहां एक प्रेमिका के साथ आए युवक ने देर रात अधेड़ की गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी के हमले में एक महिला भी घायल हुई है। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। फतेहगढ़ कोतवाली इलाके के मोहल्ला भोलेपुर क्रॉसिंग के पास यह वारदात हुई। दरअसल, बीती रात महिला ज्योति शर्मा के घर उसकी बेटी की सहेली नाई नूर रुकने के लिए आई थी। इस दौरान बेटी की सहेली ने महिला को बॉयफ्रेंड के आने की भी जानकारी दी। घायल महिला ने बताया कि उसके घर में ही परचून और कपड़े की दुकान है। उसका भाई पप्पू शर्मा अविवाहित था, उसने घर में ही परचून की दुकान करा दी थी। रात में घर रुकी युवती के बॉयफ्रेंड ने मसाला मांगा, जब हम उठकर मसाला देने गए तो उसने मेरे गले में फांसी लगाने के लिए मफलर डालकर कश दिया। किसी तरह चीख-चिल्ला पर भाई पप्पू शर्मा से बचाने के लिए आवाज लगाई और दरवाजा खोलकर करके बाहर भागी। घायल महिला ने बताया युवक के हाथ में चाकू था, उसने मेरे गले में चाकू मार दिया। बचाने आए भाई का युवक ने चाकू से गला रेत दिया और उसके ऊपर चाकू से कई ताबड़तोड़ बार किए, जिसके बाद युवक मौके से भाग गया।

### फैक्टरी का भंडाफोड़ लोकसभा चुनाव के लिए मिला था आॅर्डर

**मेरठ।** मेरठ में एसटीएफ की टीम ने लिसाड़ी गेट पुलिस के साथ लिसाड़ी गेट फतेहउल्लापुर रोड न्यू लक्खीपुरा गली नंबर 24 में छापा मारकर अवैध पिस्टल बनाने की फैक्ट्ररी का भंडाफोड़ किया। एसटीएफ के एसपी ब्रजेश सिंह ने बताया कि इस दौरान तौसीफ (55) और उसके बेटे मईनुद्दीन को गिरफ्तार किया गया। मौके से दो पिस्टल, चार मैगजीन और हथियार बनाने के उपकरण, स्कूटी और दो मोबाइल बरामद किए। पूछताछ करने पर तौसीफ ने बताया कि एक वर्ष से पिस्टल बनाकर तैयार कर रहा है। बेटे मईनुद्दीन व्हाट्एसप के जरिए डीलरों को पिस्टल के फोटो भेज देता है। पिस्टल 30 से 40 हजार रुपये में बेची जा रही थी। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़े पैमाने पर पिस्टल बनाने का ऑर्डर मिला था। पुलिस उन तीनों डीलरों की तलाश में जुट गई है। एसपी सिटी पीयूष सिंह ने बताया कि एसटीएफ व पुलिस टीम ने हथियार तैयार करने वाले पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है।

उप राष्ट्रपति ने किया अटल स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन

# दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनने जा रहा भारत : जगदीप धनखड़

**एजेंसी। लखनऊ**

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लखनऊ के राजाजीपुरम में आयोजित अटल स्वास्थ्य मेले का रविवार को उद्घाटन किया। इस अवसर पर धनखड़ ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनने जा रहा है। आज अटल जी होते तो वह देख पाते कि भारत आज दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था है। आज दुनिया हमारा लोहा मान रही है। आने वाले पांच साल में जापान और जर्मनी को हम पीछे छोड़ देंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। उप राष्ट्रपति ने कहा कि अटल जी




बहुत याद आते हैं। अटल जी सिद्धांतों पर अटल रहे। मैं जब केंद्र में मंत्री था, मुझे यूरोप की संसद में जाने का अवसर मिला। मुझे 15 दिनों तक अटल जी का सानिध्य मिला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला आरक्षण विधेयक पास कराकर महिलाओं को न्याय देने का काम किया। इस कदम से दुनिया आश्चर्यचकित है। अब लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई प्रतिनिधित्व मिलेगा। यह बहुत बड़ा क्रांतिकारी कदम है। यह आरक्षण सामाजिक न्याय का प्रतीक है। धनखड़ ने कहा कि आज की जो शासन व्यवस्था है उसकी प्राथमिकता में स्वास्थ्य है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया। उसका महत्व आज लोगों को समझ में आ रहा है। हम स्वस्थ रहें, यह बहुत आवश्यक है। आपके अंदर कितनी भी प्रतिभा हो अगर आप स्वस्थ नहीं रहेंगे तो कुछ कर नहीं पाएंगे। स्वस्थ जीवन ही जीवन है। आपको खुश रहना है तो स्वस्थ रहें। आयुष्मान भारत, हर घर में शौचालय की सोच हमारे स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। भारत जैसे विशाल देश में क्या हर घर में शौचालय हो पाएगा। अटल जी का सपना आज पूरा किया जा रहा है। अटल जी कहते थे कि दो विधान, दो निशान नहीं चलेंगे। आज अनुच्छेद 370 इतिहास हो चुका है। अन्य सभी समस्याएं हल हो रही हैं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि आज भारत दुनिया को दिशा दे रहा है।

# सोलर एक्सक्लूसिव कंपनी में हुआ ब्लास्ट, अबतक सात लोगों की मौत



**घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों की मान्य तो यह सोलर कंपनी नागपुर की अमरावती रोड पर बनी हुई है**

**एजेंसी। नागपुर**

माना जा रहा है कि ब्लास्ट बेहद गंभीर है और हादसे में मरने वालों की तादाद में इजाफा हो सकता है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक मरने वालों में चार महिलाएं और तीन पुरुष शामिल है, जबकि हादसे में तीन लोग बुरी तरह घायल हुए हैं। घायलों का नजदीकी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। यह जानकारी एसपी नागपुर ग्रामीण हर्ष पोद्दार ने साझा की है। घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों की मान्य तो यह सोलर कंपनी नागपुर की अमरावती रोड पर बनी हुई है। माना जा रहा है कि हादसा रविवार की सुबह नौ बजे के समय हुआ जब एक्सप्लोसिव को पैक किए जाने का काम किया जा रहा था। चश्मदीदों की माने तो ब्लास्ट बहुत तेज था और इस ब्लास्ट में कई मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ब्लास्ट में अब तक सात लोगों की मौत की खबर है और तीन लोग घायल है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विस्फोट सुबह नौ बजे बाजारगांव इलाके में सोलर इंडस्ट्रीज की कास्ट बूस्टर इकाई में हुआ। उन्होंने बताया कि कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक जब धमाका सुबह हुआ तो उस समय यूनिट में कुल 12 कर्मचारी उपस्थित ते। विस्फोट फर्म के कास्ट बूस्टर प्लांट में हुआ है। अब तक ये जानकारी सामने नहीं आई है कि ब्लास्ट क्यों हुआ था और इसका कारण क्या था।

### इंस्टाग्राम पर लड़की बन युवक से की दोस्ती, फिर किया ब्लैकमेल

**फरीदाबाद।** इंस्टाग्राम पर लडकी के नाम पर झूठ आईडी बनाकर युवक से दोस्ती करके उसे मर्डर केस में फंसाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को रविवार को साइबर थाना एनआईटी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साइबर थाना एनआईटी प्रभारी नवीन कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को सूरजपुर, गौतम बुद्धनगर उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी दिलशाद हुसैन उर्फ दिल्लू उर्फ कादर बिहार गोपाल गंज जिले के गांव कपुरचिक का रहने वाला है। वर्तमान में गांव सुरजपुर गौतम बुद्धनगर में रह रहा है। 22 सितंबर को इंस्टाग्राम पर शिकायतकर्ता कमल के पास अंजली नाम की लड़की की फ्रैंड रिक्वट आई। जिस पर कमल की लडकी बनी आरोपी से चैट होने लगी। करीब 5-7 दिन चैट होने पर आरोपी ने शिकार युवक से मिलने की बात कही और बताया कि वह हॉस्टल में रहती है।

# जदयू की रणनीति : गठबंधन में साथ साथ, लेकिन 'एकला चलो' की नीति

**एजेंसी। पटना**

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने अब अपनी रणनीति के तहत चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। ऐसे में बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल प्रमुख घटक दल जदयू ने भी अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। जदयू जहां आगामी कुछ दिनों में कई रैलियां आयोजित करने जा रही है, वहीं इसके नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी अपने प्रदेश से बाहर अन्य राज्यों में रैली कर जमीन की तलाश करने वाले हैं। इन सभी कार्यक्रमों का आयोजन इंडिया गठबंधन से अलग जदयू द्वारा किया जा रहा है, जिसमें केवल जदयू के नेता ही शामिल होंगे। इसमें कोई शक नहीं है कि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के विरोधी दलों को एकजुट करने और इंडिया गठबंधन में जदयू के



नेता नीतीश कुमार की बड़ी भूमिका रही हैं। ऐसे में अब सवाल उठाए जा रहे हैं कि जब इंडिया गठबंधन आकार ले चुका है तो फिर जदयू एकला चलो की रणनीति पर आगे क्यों बढ़ रही है। जदयू ने पटना के वेटनरी कॉलेज में 24 नवंबर को भीम संसद का आयोजन किया था। कहा जा रहा है कि इस रैली के जरिए जदयू ने दलित वोट बैंक को साधने की कोशिश की। इस रैली में भीड़ जुटने के बाद जदयू काफी उत्साहित है। माना तो यहां तक जा रहा है कि इस रैली का उद्देश्य

**जदयू अगले साल 2024 में 21 जनवरी को झारखंड के रामगढ़ में एक रैली का आयोजन करने वाली है**

जदयू को अपने सहयोगी दलों को अपनी ताकत का एहसास कराना भी था। जदयू के नेता नीतीश कुमार इसके बाद यूपी के वाराणसी में 24 दिसंबर को रैली करने वाले थे। यह रैली हालांकि फिलहाल रद्द कर दी गई है, लेकिन जदयू के नेताओं ने जल्द ही यूपी में रैली कराने की घोषणा की है। तमाम रैली इंडिया गठबंधन से अलग हैं। जदयू के नेता और प्रवक्ता नीरज कुमार कहते हैं कि जदयू गठबंधन में है, लेकिन सभी राजनीतिक दलों को अपना जनाधार बढ़ाने का हक है। जदयू भी अपने जनाधार को बढ़ाने में जुटी है। इसमें राजनीति खोजने और कोई अन्य अर्थ लगाने की जरूरत नहीं है।

# शिक्षा विभाग का नया फरमान बढ़ा रहा टीचर्स की टेंशन



**एजेंसी। पटना**

बिहार शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के एक फरमान से सरकारी स्कूलों के टीचर बेचैन नजर आ रहे है। दरअसल, केके पाठक एक सरकारी स्कूल की शिक्षक से कह रहे है कि अगर बच्चे शाम 5 बजे तक भी पढ़ना चाहते है तो आप उन्हें पढ़ाइए। इसके साथ ही बच्चों से कह रहे है कि आप पढ़े चाहे नहीं पढ़े लेकिन आपको स्कूल में 3:30 बजे तक रहना है भागना नहीं है। उनका ये बयान कैमरे में कैद हो गया है, जिससे बेचैन शिक्षक सोच में पड़ गए है कि क्या 5 बजे तक पढ़ाने का फरमान जारी होने वाला है। बिहार शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक शुक्रवार को वैशाली जिले के दौरे पर रहे। यहां उन्होंने सरकारी स्कूलों का जायजा लिया कि स्कूलों को लेकर जो गाइडलाइन जारी की गई है उसका पालन हो रहा है या नहीं। बच्चें स्कूलों में आ रहे या नहीं, शिक्षक समय पर आते है या नहीं, स्कूलों में पढ़ाई हो रही है या नहीं। निरक्षण के दौरान केके पाठक हाजीपुर के हंसतारगंज मध्य विद्यालय भी पहुंचे यहां उन्होंने बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए।

# बिहार पुलिस सब इंस्पेक्टर के 1275 पदों के लिए 6.61 लाख अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**एजेंसी। पटना**

बिहार पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा का आयोजन सोमवार को किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश में कुल 613 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, पहली शिफ्ट की परीक्षा सुबह 10:00 से 12:00 तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2:30 से 4:30 तक होगी। आपको बता दें कि इससे पहले 1 अक्टूबर को दो शिफ्टों में बिहार पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया था। लेकिन केंद्रीय भर्ती चयन परिषद ने पेपर लीक होने के चलते दोनों शिफ्ट में हुई सिपाही भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया था।

**1275 पदों पर निकली है भर्ती :** बिहार पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा का आयोजन 1275 पदों के लिए किया जा रहा है। इस परीक्षा में 6.61 लाख अभ्यर्थी सम्मिलित



हो रहे हैं। आज अभ्यर्थियों की परीक्षा केंद्र के अंदर एडमिट कार्ड के साथ फोटोग्राफी होगी और बायोमेट्रिक लिया जाएगा। यदि परीक्षा में कोई किसी प्रकार की गड़बड़ी करते पाया जाता है तो उसे अगले तीन वर्षों के लिए आयोग की परीक्षाओं से निलंबित कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से डेढ़ घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना है और परीक्षा शुरू होने से आधे घंटे पहले ही गेट बंद कर दिए जाएंगे। इस बार परीक्षा में काफी हाईटेक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। गड़बड़ी करने वाले बच नहीं पाएंगे। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिसकी निगरानी कंट्रोल रूम से की जाएगी। परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थी को ई-एडमिट कार्ड के साथ अपना एक वैध फोटो पहचान-पत्र ले जाना होगा। आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस में से कुछ भी ले जा सकते हैं। अगर अभ्यर्थी के ई-प्रवेश पत्र पर फोटो साफ नहीं दिख रहा है तो उसे अपने साथ दो फोटो भी ले जाने होंगे। वो महीने से ज्यादा पुराने नहीं होने चाहिए। अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र में किसी भी तरह की कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस या मोबाइल नहीं लेकर जा सकते है। पकड़े जाने पर जेल भेजा जा सकता है।

# उज्जैन महाकाल से संबंधित सौ वर्षों से भी पुराने अंधविश्वास को तोड़ा मुख्यमंत्री ने

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मुख्यमंत्री का पद ग्रहण करने के बाद पहली बार उज्जैन स्थित अपने निवास पर रात्रि विश्राम किया है। डॉ मोहन यादव का यह रात्रि विश्राम चर्चा का विषय बन गया है। क्योंकि उन्होंने एक वर्षों पुरानी परंपरा या मिथक को तोड़ दिया है जिस कारण वह चर्चा में आ गए हैं। मध्य प्रदेश के उज्जैन शहर को लेकर एक मिथक है जो बीते कई वर्षों से चला रहा है जिसमें कहा जाता है कि कोई भी राजा उज्जैन में रात को नहीं रुक सकता। इस कारण देश का कोई भी नेता कभी भी उज्जैन में रात नहीं बीता सका है। इस मिथक के पीछे कारण बताया जाता है कि उज्जैन के राजा महाकाल है, और एक शहर में दो राजा एक साथ एक रात विश्राम नहीं कर सकते। वहीं अपने रात्रि विश्राम को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि मैं भगवान महाकाल का बेटा हूं और मैं यहां रुक सकता हूं। उज्जैन में रात बिताकर उन्होंने वर्षों पुराने मिथक को तोड़ दिया है। बता दें कि वर्षों पुराने इस मित्र के पीछे कुछ कारण बताए जाते हैं इसका खुलासा खुद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया है। उन्होंने इस कहानी से जुड़ा एक वाक्या साझा करते हुए बताया कि सिंधिया महाराज को एक रणनीति के तहत अपनी राजधानी को ग्वालियर ले जाना था। हालांकि इस दौरान किसी तरह का आक्रमण ना हो और आक्रमण से बचने के लिए उन्होंने इस मिथक को गढ़ा था। उन्होंने कहा कि भगवान महाकाल तो सिर्फ उज्जैन नहीं बल्कि पूरे ब्रह्मांड के राजा है। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें नुकसान करना होगा तो तो वह कहीं भी कर सकते हैं।

# ठंड में मदद करें..

**राज्य** में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। ढंड ने रंग जमाना शुरू कर दिया है। पछुआ हवा ने कनकनी बढ़ा दी है। तापमान में गिरावट जारी है। ठंड का आलम यह है कि रात ही नहीं दिन में भी गर्म कपड़ों की जरूरत पड़ने लगी है। धूप भी शरीर को गर्माहट नहीं दे पा रही है। शाम ढलते ही सड़कें सूनसान होने लगी हैं तो शहर की चहल पहल भी कम होती जा रही है। ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। बदले मौसम में बच्चे व बुजुर्गों की परेशानी बढ़ गई है। आने वाले दिनों में अभी ठंड और बढ़ने की संभावना है। इधर बढ़ती ठंड के मद्देनजर सरकार व प्रशासन भी अलर्ट मोड में आ गया है। नागरिकों को ठंड से बचाव को लेकर सतर्क रहने व गर्म वस्त्र पहनने की सलाह दी जा रही है। ठंड को देखते हुए प्रशासन की ओर से जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। निकट के हॉस्पिटल में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अभावग्रस्त मरीजों के लिए ऐसे हॉस्पिटल वरदान साबित हो रहे हैं। इस मामले में व्यवस्था की कमियां भी सामने आ रही हैं। ठंड में इजाफा होने से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो चला है। इस मौसम में सर्दी से बचाव रखने की जरूरत है। डा. भी इससे बचने की सलाह दे रहे हैं। अगले कुछ दिनों में और ठंड बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड ने खुले आसमान में रहने वाले लोगों को काफी परेशान कर रखा है। ऐसे लोग ठंड की विदाई की कामना ईश्वर से कर रहे हैं। बहरहाल यह प्रकृति है। उसके सामने किसी की नहीं चलती है। जाड़ा,गर्मी और बरसात मानव के सहचर हैं। उसके साथ तालमेल बैठाकर ही मनुष्य को चलना चाहिए। सावधानी किसी मौसम में जरूरी है। ऐसा नहीं होने पर परेशानी का आना स्वभाविक है। इस बात को समझना जरूरी है। खुले आकाश से ठंड की बमबारी ने जहां कहर मचाया है,वहीं सहृदय व्यक्ति मदद के लिए सामने आ रहे हैं। गरीबों की मदद ईश्वर की पूजा है। कई जगहों पर देखा जा रहा है कि ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े बांटे जा रहे हैं। दूसरी तरफ प्रशासन के द्वारा अलाव की व्यवस्था की जा रही है। सुखद मानवता की इस विरासत को कायम रखने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में जंगल कट जाने की वजह से लकड़ी की भारी कमी देखने को मिल रही है। यही कारण है कि गांव की चौपालों पर सन्नाटा पसरा रह रहा है। लोग धूप उगने का इंतजार कर रहे हैं। धान की फसल नहीं होने की वजह से इस बार पुआल पर भी आफत है। इसकी कमी दूर करने के लिए पेड़ पौधों को लगाना जरूरी है। साथ ही जंगल बचाने के अभियान को भी गति देने की जरूरत है। कारण पेड़,पौधे व जंगल हमारे सहचर हैं। यह हमारे जीवन में काफी उपयोगी हैं। ठंड के इस मौसम में सामर्थवान लोगों को आगे आकर गरीबों की मदद करनी चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को अपने आस-पास अभावग्रस्त जीवन जीने वाले लोगों की मदद करने के लिए आगे आने की जरूरत है। साथ ही पुराने गर्म कपड़े जो उनके लिए उपयोगी नहीं हो उसे जरूरतमंद को अवश्य दें। इससे जहां एक गरीब को जिन्दगी मिलेगी,वहीं उसकी दुआ का असर भी दिखेगा। दूसरों की मदद करने वालों को ईश्वर जरूर मदद करता है। यह एक सच्चाई है। इससे भागा नहीं जा सकता है।

**ठंड में इजाफा होने से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो चला है। इस मौसम में सर्दी से बचाव रखने की जरूरत है। डा. भी इससे बचने की सलाह दे रहे हैं। अगले कुछ दिनों में और ठंड बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड ने खुले आसमान में रहने वाले लोगों को काफी परेशान कर रखा है। ऐसे लोग ठंड की विदाई की कामना ईश्वर से कर रहे हैं। बहरहाल यह प्रकृति है। उसके सामने किसी की नहीं चलती है। जाड़ा,गर्मी और बरसात मानव के सहचर हैं। उसके साथ तालमेल बैठाकर ही मनुष्य को चलना चाहिए।**

# लोस में पृथक झारखंड के पहले उद्घोषक थे राम नारायण

**इन दिनों**


विजय केसरी



**स्वाधीनता** आंदोलन के शिखर पुरुष, संविधान सभा के सदस्य, लोकसभा में पृथक झारखंड के पहले उदघोषक, हजारीबाग के प्रथम सांसद, गौ सेवक,समाजसेवी, ग्राम सभा के पक्षकार बाबू राम नारायण सिंह का संपूर्ण जीवन भारत की आजादी, देश की आजादी के बाद आजादी की रक्षा, समाजोत्थान को समर्पित रहा था। वे आजादी के पक्के दीवाने थे। आजादी उनके जीवन का मकसद बन चुका था। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर दिया था। उनकी राजनीति का उद्देश्य सिर्फ देश हित था। सत्य और अहिंसा का प्रथम पाठ उन्होंने गांधीजी से ही सीखा था। इस धर्म का पालन उन्होंने अपने जीवन के अंतिम क्षण तक किया था। आज की बदली परिस्थिति में जहां राजनीति जाति आधारित बन चुकी है। वोट के लिए राजनीति का ध्रुवीकरण हो रहा है। नेताओं के कथनी और करनी में आसमान और जमीन का फर्क दिख रहा है। राजनीति से धीरे धीरे कर नैतिकता का लोप होता चला जा रहा है। इस विषम परिस्थिति में हम सबों को बाबू राम नारायण सिंह की राजनीति से त्याग और बलिदान की सीख लेनी चाहिए। उनकी राजनीति समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास से जुड़ी हुई थी। आजादी का मतलब सिर्फ देश की संप्रभुता ही नहीं थी, बल्कि देश में निवास करने वाले हर एक व्यक्ति की संपूर्ण आजादी थी। उनकी राजनीति गांव और पंचायत से शुरू होकर जिला, प्रांत और केंद्र तक पहुंचती थी। वे महात्मा गांधी की तरह चाहते थे कि आजादी के बाद सबसे अधिक अधिकार ग्राम सभाओं को प्राप्त हो। उसके बाद राज्य को अधिकार प्राप्त हो। इसके बाद केंद्र को अधिकार प्राप्त हो। जबकि देश की आजादी के बाद इस विचारधारा पर देश चला ही नहीं। देश में एक अलग व्यवस्था काम में हुई। उन्होंने संविधान सभा की बैठक में पुरजोर तरीके से ग्राम सभाओं को सबसे अधिक अधिकार दिये जाने की बात कही थी। क्रमशः प्रांत और केंद्र को ग्राम सभाओं से कम अधिकार मिले। लेकिन उनकी बातों को नहीं माना गया था। अगर देश उनके विचारधारा पर चला होता तब आज आजादी के 76 वर्ष बीत भी जाने के बाद भी देश के गांवों की स्थिति में बहुत कुछ फर्क नहीं दिख रहें हैं। विकास सिर्फ शहरों तक ही सिमट कर रह गया है। देश की आजादी के संघर्ष बाबू राम नारायण सिंह आठ बार जेल गए थे। वे लगभग 10 वर्षों तक जेल में बंद रहे थे। उनकी जेल यात्रा 1920 से शुरू हुई थी। वे अंतिम बार 1942 में गिरफ्तार हुए और 1944 में रिहा कर दिये गये थे। वे झारखंड के पहले सांसद रहे, जिन्होंने लोकसभा में पृथक झारखंड के लिए 16 अगस्त 1956 को यादगार भाषण किया था। इस बात का जिक्र झारखंड के जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार, लेखक बलबीर दत्त ने अपनी पुस्तक 'कहानी झारखंड आंदोलन की' में जिक्र भी किया है। वे गायों के संरक्षण और संवर्धन चाहते थे। गाय को भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण पशु मानते थे। वे देश भर में गायों की हो रही हत्या के प्रबल विरोधी थे। 1956 में उन्होंने गौ हत्या के विरुद्ध उत्तर प्रदेश के मथुरा में भाषण दिया था। उनके भाषण का ऐसा असर हुआ कि मथुरा पुलिस ने 19 जनवरी 1956 को चतरा जिले के दंतार ग्राम से उन्हें गिरफ्तार कर मथुरा के जेल में डाल दिया था। उस समय देश के प्रधानमंत्री की कुर्सी पर जवाहरलाल नेहरू विराजमान थे। बाबू राम नारायण सिंह की गिरफ्तारी की बात जब तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के पास पहुंची तब उन्होंने एक पत्र बाबूराम नारायण सिंह को लिखा। डॉ राजेंद्र प्रसाद के प्रयास से 31 मई 1956 को बाबू राम नारायण सिंह को जेल से रिहा कर दिया गया। देश की आजादी के बाद स्वाधीनता की रक्षा एवं समाज सेवा से आजीवन जुड़े रहे थे।

**आज की बदली परिस्थिति में जहां राजनीति जाति आधारित बन चुकी है। वोट के लिए राजनीति का ध्रुवीकरण हो रहा है। नेताओं के कथनी और करनी में आसमान और जमीन का फर्क दिख रहा है। राजनीति से धीरे धीरे कर नैतिकता का लोप होता चला जा रहा है। इस विषम परिस्थिति में हम सबों को बाबू राम नारायण सिंह की राजनीति से त्याग और बलिदान की सीख लेनी चाहिए। उनकी राजनीति समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास से जुड़ी हुई थी। आजादी का मतलब सिर्फ देश की संप्रभुता ही नहीं थी, बल्कि देश में निवास करने वाले हर एक व्यक्ति की संपूर्ण आजादी थी। उनकी राजनीति गांव और पंचायत से शुरू होकर जिला, प्रांत और केंद्र तक पहुंचती थी। वे महात्मा गांधी की तरह चाहते थे कि आजादी के बाद सबसे अधिक अधिकार ग्राम सभाओं को प्राप्त हो। उसके बाद राज्य को अधिकार प्राप्त हो। इसके बाद केंद्र को अधिकार प्राप्त हो। जबकि देश की आजादी के बाद इस विचारधारा पर देश चला ही नहीं। देश में एक अलग व्यवस्था काम में हुई। उन्होंने संविधान सभा की बैठक में पुरजोर तरीके से ग्राम सभाओं को सबसे अधिक अधिकार दिये जाने की बात कही थी। क्रमशः प्रांत और केंद्र को ग्राम सभाओं से कम अधिकार मिले। लेकिन उनकी बातों को नहीं माना गया था। अगर देश उनके विचारधारा पर चला होता तब आज आजादी के 76 वर्ष बीत भी जाने के बाद भी देश के गांवों की स्थिति में बहुत कुछ फर्क नहीं दिख रहें हैं। विकास सिर्फ शहरों तक ही सिमट कर रह गया है।**

## आप की बात

### झारखंड में सर्दी का सितम

**रांची** के आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को कड़ाके के सर्दी रही। कांके का न्यूनतम पारा 4.0 डिग्री दर्ज किया गया। यहां 1.6 किमी की रफ्तार से सर्द हवा चली। मैकलुस्कीगंज का तापमान पांच डिग्री रहा। रांची के आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को कड़ाके के सर्दी रही। कांके का न्यूनतम पारा 4.0 डिग्री दर्ज किया गया। यहां 1.6 किमी की रफ्तार से सर्द हवा चली। मैकलुस्कीगंज का तापमान पांच डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में सोमवार से मौसम में बदलाव का पूर्वानुमान है। अगले 24 घंटे में दक्षिणी-पूर्वी हवा चलने के आसार हैं। आसमान में हल्के बादल छाएंगे, जिससे न्यूनतम तापमान में वृद्धि की संभावना है। सुबह व रात की कनकनी से राहत मिलने की उम्मीद है। 19 दिसंबर तक ये आंशिक बादल छाए रह सकते हैं, लेकिन इसके बाद इनके छंटने की उम्मीद है। बादल छाने से अधिकतम तापमान में कमी आयेगी। इससे दिन में ठंड बढ़ेगी। आसमान साफ होने के बाद न्यूनतम पारा नीचे आयेगा और फिर से कनकनी बढ़ेगी। चतरा व खूंटी जिले में न्यूनतम पारा 6.2 डिग्री तक नीचे गिर गया है। अधिकांश स्थानों पर सुबह में कुहासा छाया रहा। रांची में इस सीजन का सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में जमशेदपुर, देवघर, पाकुड़, साहिबगंज समेत कुछ जिलों को छोड़कर अधिकांश शहरों का न्यूनतम पारा 10.0 डिग्री के नीचे है।

**– अनिल कुमार डालटनगंज**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

**प्रकृति**

# अमेरिकी केन्द्रीय बैंक के फैसले से भारतीय शेयर बाजारों में तेजी


किशन भावनानी गोंदिया

**वैश्विक** स्तर पर एक कहावत अमेरिकी केंद्रीय बैंक (फेडरल रिजर्व) ने पूरी तरह सच्चा साबित कर दियाकि अमेरिका शींक्ता भी है, तो पूरी दुनियां में सर्दी लग जाती है। हुआ यूं कि देर रात्रि को फेडरल रिजर्व ने एक बैठक में ब्याज दरों को स्थिर रखना, यानी कोई बदलाव नहीं करने का फैसला लिया जिस पर पूरी दुनियां की नजरें लगी हुई थी! बस फिर क्या था फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का निर्णय आते ही पूरी दुनियां का शेयर बाजार जगत झूम उठा। शेयरों के भाव ऊंचाइयों तक चले गये भारतीय सेंसेक्स व निफ़्टी भी नई ऊंचाइयों को छूंनें लगा और तूफानी तेजी देखने को मिली जो कि अभी भी शुरू है इसीलिए ही आज भी कहा जाता है कि केंद्रीय मौद्रिक नीति उपकरण व ब्याज दरों पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फसलों से वित्तीय बाजार पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है चूंकि एफओएमसी के फैसले से भारत का सेंसेक्स हजार से अधिक युवा उछल गया, रिकॉर्ड ऊंचाइयों तक पहुंच गया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के फैसले के बाद सेंसेक्स और निफ्टी नई ऊंचाइयों को छू गया है, यानी अमेरिकी केंद्रीय बैंक के फैसले से भारतीय शेयर बाजारों में तूफानी तेजी देखने को मिली। साथियों बात अगर हम एफओएमसी के निर्णय के प्रभाव की करें तो, फेडरल रिजर्व ने एफओएमसी की बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया और इनको 5.25-5.50 फीसदी पर स्थिर रखा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक की ब्याज दरें निर्धारित करने वाली फेडरल ओपन मार्केट कमिटी के इस फैसले से दुनियाभर के बाजारों को राहत मिली है। फेड चेयरमैन ने ब्याज दरों को यथावत रखते हुए इन्हें 22 साल की ऊंचाई पर बरकरार रखा है। एफओएमसी की दो दिन चली बैठक के बाद यूएस फेडरल रिजर्व चेयरमैन ने साल 2023 की आखिरी रेट बैठक में बेंचमार्क इंटरेस्ट रेट को 5.25-5.50 फीसदी पर रखा है।

**बात अगर हम एफओएमसी के निर्णय के प्रभाव की करें तो, फेडरल रिजर्व ने एफओएमसी की बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया और इनको 5.25-5.50 फीसदी पर स्थिर रखा है।**


बोधि वृक्ष

## ऋषि मार्कण्डेय की कथा


**कुछ** सभ्य होते हैं, वे कहते हैं कि किसने देखा है, गधे बनते हैं? फिर उनको बताया जाता है कि सब संत तथा ग्रन्थ बताते हैं कि भक्ति नहीं करोगे तो गधे बनोगे। तो अधिकतर कहते हैं कि देखा जायेगा। उनसे निवेदन है कि मृत्यु के पश्चात गधा बनने के बाद आप क्या देखोगे, फिर तो कुम्हार देखेगा कि आपके के साथ कैसा बर्ताव करना है? देखना है तो वर्तमान में देखो। इसी तरह, जो शराब पीते हैं, वे छोड़ना नहीं चाहते क्योंकि वे उस गतिविधि में आनंद लेते हैं। वास्तविकता यह है कि इसी प्रकार ब्रह्मा, विष्णु और शिव भी अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद मरेंगे और 84 लाख योनियों में जायेंगे। ब्रह्म-काल तथा प्रकृति देवी के संयोग से (अष्टंगी) नई योग्य महान आत्माओं का जन्म होगा। तब उन्हें तीन लोकों (स्वर्ग, पृथ्वी और पाताल लोक) का दायित्व प्रदान किया जायेगा। रजगुण-ब्रह्मा सृष्टि रचना करते हैं, सतगुण-विष्णु पालन करते हैं और तमगुण-शिव संहार करते हैं। इसका प्रमाण गीता प्रेस गोरखपुर, गोविंद भवन कार्यालय, कोलकाता का संस्थान, द्वारा प्रकाशित और प्रिंटर संचित मार्कण्डेय पुराण में पृष्ठ 123 प्रदान किया गया है। मार्कण्डेय जी ने कहा 'रजोगुण प्रधान ब्रह्मा, तमोगुण प्रधान रुद्र (शिव) और सतोगुण प्रधान विष्णु इस दुनिया के पालनकर्ता हैं। ये तीन देवता और तीन गुण (गुण) हैं'। चूँकि ब्रह्म-काल को प्रतिदिन एक लाख मानवधारी सूक्ष्म शरीरों का मैल खाने का श्राप लगा हुआ है; इसीलिए उसके तीन पुत्रों को उसके लिए भोजन की व्यवस्था करनी पड़ती है और जन्म और पुर्नजन्म की यह प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है।

**(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से



## X - से




# सनातन हिन्दू संस्कृतिः गाय के गोबर से आकाश में उड़ते रॉकेट


डॉ. मयंक चतुर्वेदी


**भारत** की ऋषि और ज्ञान परम्परा में गाय का सदा से महत्व बताया जाता रहा है, ऋग्वेदकालीन समाज से लेकर सनातन हिन्दू धर्म में आज का आधुनिक समाज ही क्यों न हो, गाय को एक माता के रूप में पूज रहा है। गाय के बारे में अनेक मंत्र, श्लोक भी मिल जाते हैं जोकि उसके प्रत्येक तत्व (दूध, घी, दही, मक्खन, मूत्र, गोबर) तक को पवित्र मानकर उसके विविध प्रकार से मनुष्य जीवन में व्यवहार करने की आज्ञा देते हैं। किंतु इस विचार के विपरीत भी कुछ जन हैं जिन्हें गाय सदैव से अन्य पशुओं के समान ही नजर आती रही है और उसकी कोई विशेषता उन्हें दिखाई नहीं देती बल्कि जो उसके लिए श्रद्धा भाव रखते हैं, ऐसे लोगों को ये जन मूर्ख, जड़वत और घोर अंधकारवादी नजर आते हैं। अभी हमने देखा भी कि एक संसद सदस्य ने कैसे गाय के प्रति श्रद्धा रखनेवालों का खुले में मजाक बनाया! चलिए, गाय और उसके प्रति सम्मान भाव रखनेवालों से जिन्हें घृणा करनी है वे घृणा करते रहें, किंतु उनके लिए भी जो समझने वाला सच है कि वह यह है कि जो गाय को एक आम पशु से अधिक कुछ नहीं समझते हैं, उन्हें भी यह जान लेना चाहिए कि गाय विशेष जानवर है, तभी भारतीय प्रज्ञा उसके प्रति सदियों से सम्मान का भाव रखती आई है। अब इसके एक नहीं अनेक वैज्ञानिक प्रमाण भी मिल रहे हैं। वस्तुतः आज के वैज्ञानिक युग में विज्ञान भी इस बात को स्वीकार्य करने के लिए बाध्य हुआ है कि गाय आखिर इतनी विशेष क्यों है! क्यों भारतीय ज्ञान परम्परा में इसके प्रति अब तक इतनी श्रद्धा रखी जाती रही है! जब ये खबर आई कि ''गाय के गोबर से अंतरिक्ष की उड़ान भरेगा रॉकेट'' तब जरूर कई लोग अचंभित हुए होंगे। किंतु जिस तरह से रॉकेट इंजन में एलबीएम यानी कि तरल बायोमीथेन के सफल प्रयोग का प्रयोग सामने आया है उसने उन लोगों के मुंह जरूर बंद किये हैं जोकि गाय को लेकर हिन्दू संस्कृति पर आघात एवं व्यंग्य करने का प्रयास करते रहे हैं। जापान में इंजीनियरों ने गाय के गोबर से प्राप्त तरल मीथेन गैस से संचालित एक नये किस्म के रॉकेट इंजन का परीक्षण किया है, जो अधिक टिकाऊ प्रणोदक के विकास की ओर ले जा सकता है।

**वस्तुतः आज के वैज्ञानिक युग में विज्ञान भी इस बात को स्वीकार्य करने के लिए बाध्य हुआ है कि गाय आखिर इतनी विशेष क्यों है! क्यों भारतीय ज्ञान परम्परा में इसके प्रति अब तक इतनी श्रद्धा रखी जाती रही है!**

## टेक वर्ल्ड

### अब चांद पर घर बनाने का सपन होगा पूरा

**चंद्रमा** पर दुनिया भर की स्पेस एजेंसियां अपने मिशन भेजना चाहती हैं। अमेरिका अंतरिक्ष एजेंसी नासा दावा करती है कि उसने बरसों पहले इंसान को चांद पर पहुंचा दिया था। दुनिया भर की स्पेस एजेंसियां चंद्रमा पर अपने मिशन भेजना चाहती हैं। अमेरिका अंतरिक्ष एजेंसी नासा दावा करती है कि उसने बरसों पहले इंसान को चांद पर पहुंचा दिया था। बाकी स्पेस एजेंसियों से एक कदम आगे रहते हुए नासा की योजना चंद्रमा पर घर बनाने की है। नासा अब चांद पर लंबे वक्त तक रुकना चाहती है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने इस मुद्दे पर आधा दर्जन से ज्यादा साइंटिस्टों से बात की। जिसके बाद उनका मानना है कि चांद पर स्ट्रक्चर बनाने का लक्ष्य साल 2040 तक हासिल किया जा सकता है। इस काम में एक 3D प्रिंटर की मदद ली जायेगी। वहीं रिपोर्ट में कहा गया है कि 3D प्रिंटर चंद्रमा की गड्ढे वाली सतह की ऊपरी परत से रॉक चिप्स और खनिज टुकड़ों से बने कंक्रीट का इस्तेमाल करेगा। नासा की डायरेक्टर ऑफ टेक्नॉलजी मैच्युरेशन निकी वेरखाइजर के हवासे से रिपोर्ट में लिखा गया है कि हम निर्णायक मोड़ पर हैं और कुछ मायनों में सपने जैसा लगता है। मनू मिशन के लिए नासा यूनिवर्सिटीज और प्राइवेट कंपनियों के साथ साझेदारी कर रहा है। वेस्खाइजर ने कहा कि हमें सही समय में सभी लोग मिले हैं। मुझे लगता है कि हम अपने लक्ष्य तक पहुंचेंगे। अगर हमने अपनी क्षमताओं को डेवलप कर लिया तो ये काम संभव बनाया जा सकता है। साथ ही नासा की योजना अगले साल ही चांद पर एक 3D प्रिंटर भेजने की भी है। फिलहाल इसकी टेस्टिंग की जा रही है सब कुछ ठीक रहा तो फरवरी में इसे रवाना भी कर दिया जायेगा। नासा ने चंद्रमा के लिए आर्टिमिस मिशन को तैयार किया है। इसका पहला भाग सफल रहा है।



**– कुसुम**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सर्दियों में बच्चों के लिए बेहद फायदेमंद हैं ये ड्राई फ्रूट्स



सर्दियों के मौसम में लोगों को सर्दी-जुकाम और बुखार का खतरा बढ़ जाता है। इस मौसम में बच्चों की सेहत का ध्यान रखना पड़ता है। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं कि सर्दी के मौसम में किस तरह से आप बच्चों की इम्यूनिटी पावर को बढ़ा सकते हैं। मौसम में बदलाव आने के साथ बड़ों से लेकर बच्चों तक को अपनी सेहत का खास ख्याल रखना पड़ता है। क्योंकि मौसम में बदलाव आने के साथ ही हमें कई तरह की बीमारियां घेरने लगती हैं। सर्दियों के मौसम में लोगों को सर्दी-जुकाम और बुखार का खतरा बढ़ जाता है। इस मौसम में बच्चों की सेहत का ध्यान रखना पड़ता है। क्योंकि छोटे बच्चों की इम्यूनिटी कमजोर होती है। जिसके कारण वह जल्दी बीमार पड़ने लगते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सर्दी के मौसम में किस तरह से आप बच्चों की इम्यूनिटी पावर को बढ़ा सकते हैं। इसके साथ ही यह भी जानेंगे कि बच्चों को की सेहत के लिए कौन से ड्राई फ्रूट्स फायदेमंद होते हैं।

**बादाम :** बादाम बच्चों की सेहत के लिए फायदेमंद होता है। न सिर्फ बच्चों बल्कि बड़ों के लिए भी यह लाभकारी होता है। बादाम में विटामिन ए, विटामिन बी2, प्रोटीन और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। वहीं ठंड के मौसम में बादाम के सेवन से खांसी और कफ में फायदा मिलता है। वहीं इसमें कई प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। जो बच्चों की इम्यूनिटी को मजबूत बनाने का काम करता है।

**छुहारे :** सर्दी के मौसम में वायरस से बचाने के लिए बच्चों को छुहारे खाने के लिए देना चाहिए। छुहारे में मिनरल्स और विटामिन की प्रचुर मात्रा पायी जाती है। जो बच्चों के शरीर को अंदर से गर्म रखने में मदद करते हैं। अगर आप रोजाना बच्चे को छुहारा खाने के लिए देते हैं। तो इससे बच्चों की इम्यूनिटी पावर मजबूत होती है।

**अखरोट :** अखरोट में विटामिन, प्रोटीन और मिनरल्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। सर्दी में बच्चों को अखरोट खिलाने से इम्यूनिटी पावर मजबूत होती है और वह जल्दी बीमार नहीं होते हैं। बता दें कि अखरोट में ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर का कैंसर से बचाव करते हैं और त्वचा को नमी देने का काम करते हैं।

**काजू :** सर्दियों में काजू का सेवन कई तरह की बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। वहीं काजू में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट बच्चों के चेहर पर निखार लाने में सहायक होता है। काजू स्वाद में भी अच्छा होता है, जिसके कारण बच्चे इसे चाव से खाते हैं।

**खजूर :** सर्दी के मौसम में न सिर्फ बच्चों बल्कि बड़ों की सेहत के लिए खजूर काफी फायदेमंद होता है। खजूर में आयरन, कैल्शियम, मिनरल्स और अमीनो एसिड पाया जाता है। इसके सेवन से बच्चों की हड्डियां मजबूत होती है।

**बच्चों को ऐसे खिलाएं ड्राई फ्रूट्स :** अगर आप सोच रही हैं कि बच्चों को किस तरह से ड्राई फ्रूट्स खिलाएं, तो आप बादाम शेक बनाकर उन्हें दे सकती हैं। इसके लिए बादाम और किशमिश रातभर के लिए भिगो दें। फिर सुबह इन्हें बच्चों को खिलाएं। इसके साथ ही आप बच्चों को ड्राई फ्रूट्स की स्मूदी बनाकर भी दे सकती हैं।

❖ अनन्या मिश्रा

## काव्य कोना

### विरहिणी का दर्द

कोयल की कूक ऐ पपीहे की पी कहां
दे गया मौन विरहिणी को दर्द भरा गीत नया।

विरह के क्षणों में बढ़ गई वेदना
चुप है आसमां में बादलों का बहाव।

आंगन में दिखी आज एक परछाई-सी
भ्रम हुआ पिया का दूत है कोई वहां।

हर पत्ते हर पेड़ से पूछ रही उन्मुक्त वो
बतला दे कोई मुझे अलबेले पिया का पता।

हाय रे, अब पूछती क्या याद करूं क्या भूल जाऊं
आती-जाती हवाओं ने लिख दिया नाम पिया का।

कोयल की कूक ऐ पपीहे की पी कहां
दे गया मौन विरहिणी को दर्द भरा गीत नया।

❖ नाग मणि

## वजन कम करने में बेहद कारगर है

# किचन में रखी ये चीज

शहद को आयुर्वेद में गुणों से भरपूर माना जाता है। बता दें कि शहद वेट लॉस करने में काफी मददगार होता है। हांलाकि वेट लॉस के लिए शहद का सही तरीके से सेवन किया जाना बेहद जरूरी होता है। हर भारतीय किचन में कुछ ऐसे हर्ब्स और मसाले पाए जाते हैं, जो हमारी सेहत के लिए लाभकारी होते हैं। साथ ही यह हर्ब्स वेट लॉस करने में भी हमारी मदद करते हैं। इनमें हल्दी, इलायची और दालचीनी समेत कई ऐसी चीजें होती हैं, जो न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाते हैं, बल्कि वजन कम करने के अलावा सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। इन्हीं में से एक चीज शहद है। शहद को आयुर्वेद में गुणों से भरपूर माना जाता है। बता दें कि शहद वेट लॉस करने में काफी मददगार होता है। हांलाकि वेट लॉस के लिए शहद का सही तरीके से सेवन किया जाना बेहद जरूरी होता है। आयुर्वेद में शहद को बेस्ट फैट बर्नर माना जाता है। लेकिन वजन घटाने के लिए शहद का कैसे सेवन करना चाहिए और शहद का सेवन करने के दौरान किन-किन गलतियों को करने से बचना चाहिए। इसके बारे में भी जानना बेहद जरूरी है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस प्रकार शहद का सेवन करना चाहिए।

### शहद के फायदे

आयुर्वेद में शहद को 'मधु' भी कहा जाता है। शहद को आंखों के लिए अच्छा माना जाता है। साथ ही यह कफ को भी दूर करने में सहायक होता है। कोल्ड की समस्या में भी यह फायदेमंद होता है। अस्थमा, कफ और यूरिनरी ट्रैक्ट डिसऑर्डर को दूर करने में शहद मददगार है। शहद में ऐफ्रडिजीऐक गुण भी पाया जाता है, जो न सिर्फ हमारे दिल की सेहत बल्कि त्वचा के लिए भी अच्छा माना जाता है।



### शहद खाने का तरीका

आयुर्वेद के मुताबिक नया शहद वेट बढ़ाने का काम करता है और कब्ज की समस्या को दूर करता है। वहीं स्टोर किया गया शहद फैट के मेटाबॉलिज्म को सुधारने में मदद करता है और कफ की समस्या को भी कम करता है।

शहद के साधी यदि आप कोई दवा ले रहे हैं। तो बता दें कि शहद की मदद से दवा हमारी सेल्स तक पहुंचती है।

वहीं वजन कम करने के लिए 1 चम्मच शहद को रूम टेम्प्रेचर पर रखें। फिर पानी में मिलाकर खाली पेट सेवन करने से वजन कम होता है।

### ऐसे न करें शहद का सेवन

आयुर्वेद के अनुसार शहद का गलत तरीके से सेवन करने से यह टॉक्सिक हो सकता है। साथ ही इससे कई बीमारियां भी हो सकती हैं। बता दें कि शहद को गर्म करने से इसमें मौजूद एंजाइम्स खत्म हो जाते हैं। जिससे शरीर में टॉक्सिन्स पैदा होते हैं। इसके साथ ही शहद को कभी गर्म खाने या फिर पानी के साथ मिलाकर नहीं खाना चाहिए। गर्म वातावरण में काम करने के दौरान शहद का सेवन नहीं करना चाहिए। इसके अलावा गर्म, मसालेदार या फिर घी व सरसों के साथ शहद का सेवन नहीं करना चाहिए।

# बहुत अधिक मूंगफली खाने के नुकसान

मूंगफली में लेक्टिन और फाइटिक एसिड जैसे तत्व पाए जाते हैं, जो वास्तव में पोषण विरोधी होते हैं। इसलिए, जब अधिक मात्रा में मूंगफली का सेवन किया जाता है तो इससे पोषक तत्वों के अवशोषण में समस्या पैदा हो सकती है। जब ठंड का मौसम आता है तो हम सभी कई तरह के फूड आइटम्स को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं। इन्हीं में से एक है मूंगफली। यूं तो मूंगफली को हर मौसम में खाया जाता है, लेकिन सर्दियों में इसकी मांग काफी बढ़ जाती है। इस मौसम में लोग अक्सर फैमिली के साथ बैठकर मूंगफली खाते हैं। हालांकि, यह देखने में आता है कि इस चक्कर में हम कुछ ज्यादा ही मूंगफली खा लेते हैं। अगर ऐसा बार-बार होता है तो इससे सेहत को फायदा नहीं, बल्कि नुकसान ही होता है।

### वजन बढ़ना

मूंगफली में कैलोरी अधिक होती है, इसलिए जब इनका अधिक मात्रा में सेवन किया जाता है तो इससे आपका कैलोरी काउंट गड़बड़ जाता है और इससे वजन बढ़ सकता है।

### पाचन संबंधी समस्याएं

बहुत अधिक मूंगफली खाने से आपको ब्लोटिंग, गैस और अपच सहित पाचन संबंधी परेशानी हो सकती है। मूंगफली में फाइबर भी होता है, इसलिए अधिक मात्रा में इसे लेने से आपको डायरिया भी हो सकता है।



### पोषक तत्व का अब्जार्बशन नहीं

मूंगफली में लेक्टिन और फाइटिक एसिड जैसे तत्व पाए जाते हैं, जो वास्तव में पोषण विरोधी होते हैं। इसलिए, जब अधिक मात्रा में मूंगफली का सेवन किया जाता है तो इससे पोषक तत्वों के अवशोषण में समस्या पैदा हो सकती है।

### ऑक्सालेट कंटेंट

मूंगफली में ऑक्सालेट होते हैं, यह किडनी स्टोन की समस्या का कारण बन सकता है। इसलिए जिन लोगों को पहले से ही किडनी से जुड़ी समस्या है, उन्हें मूंगफली के सेवन से समस्या हो सकती है। अधिक मात्रा में इसे लेने से आपकी किडनी पर बुरा असर पड़ सकता है।

### जोड़ों में दर्द होना

कुछ लोग लेक्टिन के प्रति संवेदनशील हो सकते हैं, जो मूंगफली में प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला कंपाउंड है। लेक्टिन संभावित रूप से उन व्यक्तियों में जोड़ों के दर्द और सूजन की समस्या को जन्म दे सकता है या फिर उस दर्द को बढ़ा सकता है। इसलिए मूंगफली का सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए।

❖ मिताली जैन

# अल्पसंख्यक अधिकार के प्रावधान व कार्यक्रम



डॉ इलियास मजीद

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 18 दिसंबर 1992 को अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाने की घोषणा की थी। भारत में अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस 18 दिसंबर 1992 से हर साल मनाया जाता है। इसका उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा, उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित कराना है।

**संवैधानिक प्रावधान :** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29, 30, 350ए और 350 बी में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की ब्याख्या है अनुच्छेद-29 में कहा गया है कि भारत के राज्य क्षेत्र या उसके किसी भाग के निवासी के किसी अनुभाग जिसकी अपनी विशेष भाषा, लिपि या संस्कृति है। उसे बनाए रखने का अधिकार होगा। अनुच्छेद-30 में उल्लेख किया गया है कि धर्म या भाषा पर आधारित सभी अल्पसंख्यक वर्गों को अपनी रुचि की शिक्षा संस्थानों की स्थापना, संचालन और प्रशासन का अधिकार होगा। वहीं 7 वीं संवैधानिक संसोधन अधिनियम 1956 के द्वारा संविधान में अनुच्छेद 350 बी जोड़ कर अल्पसंख्यको के अधिकार संबंधी प्रावधान किये गए।

**अल्पसंख्यकों की शिक्षा :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में समानता और समाजिक न्याय के हित में शैक्षणिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों की शिक्षा पर विशेष बात कही गई है। 1992 ई० में इसमें दो नई योजनाएं जोड़ दी गई।

**शैक्षणिक कार्यक्रम :** शैक्षणिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों के लिए एरिया इंटेनसिव प्रोग्राम इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य उन भागों में जहां शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े हुए अल्पसंख्यक अधिक संख्या में रहते हैं। वहां शिक्षा के लिए सुविधा मुहैय्या कराना, मदरसा शिक्षा का

## अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस आज

आधुनिकीकरण करने के लिए वित्तीय सहायता देना। अरबी, फारसी भाषा के क्षेत्र में काम करने वाले संस्थाओं को वित्तीय सहायता देना। अल्पसंख्यकों को प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए वित्तीय सहायता देना। केन्द्रीय वक्फ बोर्ड द्वारा तकनीकी संस्थाओं और वोकेशनल कोर्स करने वालों को वजिफा एवं वित्तीय सहायता दिलाना और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य केन्द्रों, अस्पताल, वोकेशनल प्रशिक्षण हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के कार्यक्रम है

**मदरसों का आधुनिकीकरण :** यह योजना पूर्णतः स्वैच्छिक है। इस योजना के तहत केन्द्र सरकार वित्तीय सहायता देती है। परन्तु इसके लिए मदरसों की अपनी इच्छा है। इसमें शिक्षा विभाग द्वारा प्राचीन संस्थानों में हिन्दी, अंग्रेजी और गणित जैसे विषयों की पढ़ाई का प्रावधान किया गया है। जिसका उद्देश्य प्राचीन संस्थाओं, मकतब, मदरसा शिक्षा का आधुनिकीकरण करना है। इस कार्यक्रम के तहत वित्तीय सहायता देने का प्रावधान है।

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय :** भारत में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय अल्पसंख्यकों से संबंधित है। जो यह सुनिश्चित करता है कि अल्पसंख्यकों को अच्छी शिक्षा मिले। आर्थिक सशक्तिकरण हो और हर क्षेत्र में समान अवसर मिले। यह मंत्रालय अल्पसंख्यक समुदाय के हितों के लिए समग्र नीति के निर्माण, समन्वय, मूल्यांकन तथा नियामक विकास कार्यक्रमों की समीक्षा भी करता है। मंत्रालय के लक्ष्य में अल्पसंख्यकों का विकास करना शामिल है।

**अल्पसंख्यक आयोग का गठन :** भारत सरकार ने अल्पसंख्यक अधिकारों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए 1978 में अल्पसंख्यक आयोग का गठन किया था। इसे बाद में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम-1992 के तहत कानून के रूप में पारित किया गया। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को 2006 में यूपीए सरकार ने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के अधीन कर दिया। इसे वे सारे संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं, जो दीवानी अदालत की तरह काम करता है। भारत के अनेक राज्यों में अल्पसंख्यक आयोग कार्यरत हैं जो अल्पसंख्यकों से संबंधित सभी मामलों को देखता है। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अल्पसंख्यकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक, सचेत और अधिकार प्राप्ति के लिए संघर्ष जारी रखना है।

## सूडोकु नवताल- 6917

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6916 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

## दैनिक पंचांग

**18 दिसम्बर को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**सोमवार** 2023 वर्ष का 352 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** षष्ठी 15.15 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** शतभिषा 01.22 बजे रात्र को समाप्त। **योग** वज्र 21.32 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 15.15 बजे तदनन्तर गर 02.09 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 5.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 22'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871831
**जूलियन दिन** 2460296.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 04
**विशेष** चम्पा षष्ठी, सुब्रहमन्य षष्ठी, गुरु घासीदास जयंती।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | धनु | 06.28 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मकर | 08.37 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 10.23 बजे से |
| बुध | धनु में | मीन | 11.56 बजे से |
| गुरु | मेष में | मेष | 13.27 बजे से |
| शुक्र | तुला में | वृष | 15.07 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 17.05 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 19.18 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 21.34 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 23.46 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | तुला | 01.57 बजे से |
| बजे तक | | वृश्चिक | 04.12 ब.से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली -7979

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| | ■ | ■ | | ■ | 10 | 11 | ■ | |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | | | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | ■ |
| 15 | | | 16 | | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | 19 | | ■ | 20 | ■ | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. तमाशा करने वाला-4
4. शेविंग, दाढ़ी बनाना-4
7. बेल, लतिका-2
8. मामला-3
9. स्तर, परत-2
10. भागना (अंग्रेजी-2)
12. गिरवी रखी वस्तु-2
14. सजदे में झुका हुआ-5
15. असंभव-5
17. खुदा की इबादत-3
19. फायदा, लाभ-2
21. क्रिकेट खिलाड़ी युवराज की प्रेमिका-2
23. मुस्लिम, यवनी-3
24. मोल, कीमत-2
25. स्वभाव, आदत-4
26. करतब, करिश्मा-4

**ऊपर से नीचे**

1. शमशीर, कृपाण-4
2. मां, मम्मी-3
3. नीयत, चरित्र-4
4. ज्वरताप-2
5. राय, वोट-2
6. आंदोलन, संग्राम-4
11. क्षारीय, चटपटा-4
13. आशियां, नीड़-4
14. नेत्र, आंखें-3
15. अनभिज्ञ-4
16. बचत, रिआयत-4
18. आवश्यकता-4
20. उन्माद-2
22. वोट-2
24. अस्थमा, श्वास संबंधी रोग-2

### शब्द पहेली -7978 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | नु | हा | र | ■ | नी | ■ | ■ |
| ■ | हा | ■ | नि | ■ | म | र | घ | ट |
| धं | व | र | ■ | म | नो | ज | ■ | क |
| ■ | र | ज | त | ■ | का | ■ | ता | ग |
| म | ■ | नी | ल | क | म | ल | ■ | व |
| हा | ल | ■ | ब | ■ | ना | ह | क | ■ |
| व | ■ | आ | गा | र | ■ | र | वा | ना |
| त | क | रा | र | ■ | रा | ■ | य | ■ |
| ■ | ■ | म | ■ | त | ह | म | द | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**वृष राशि :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**मिथुन राशि :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कर्क राशि :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**सिंह राशि :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**कन्या राशि :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**तुला राशि :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृश्चिक राशि :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**धनु राशि :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**मकर राशि :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कुंभ राशि :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**मीन राशि :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज


CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### श्रीनगर में पुलिस पर हमला करने के आरोप में 3 आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर जिले में एक स्थानीय पुलिसकर्मी पर हमले के आरोप में तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। 9 दिसंबर को आतंकियों ने श्रीनगर जिले के बेमिना इलाके के हमदानिया कॉलोनी के पास सेलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मोहम्मद हाफिज चक पर फायरिंग कर दी थी। घायल पुलिस कांस्टेबल का श्रीनगर में सेना के बेस अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### कुवैत में युवराज मिशाल बने नए अमीर



**कुवैत सिटी।** कुवैती कैबिनेट ने क्राउन प्रिंस शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा को कुवैत का नया अमीर घोषित किया है। शनिवार को 86 साल की उम्र में अमीर शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा की मृत्यु के बाद वह गद्दी पर बैठे। अमीर नवाफ के निधन पर 40 दिनों के शोक की घोषणा की गई है। कुवैत के उप प्रधान मंत्री और कैबिनेट मामलों के राज्य मंत्री इस्सा अल-कंडारी ने एक बयान में कहा कि कैबिनेट की घोषणा संविधान के अनुसार हुई।

### गाजा में इजरायली सेना के दो और सैनिकों की मौत



**तेल अवीव।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने दो और सैनिकों की मौत की घोषणा की है, जिससे 27 अक्टूबर को जमीनी अभियान शुरू होने के बाद से मरने वाले इजरायली सैनिकों की संख्या 121 हो गई है। मृतकों की पहचान मास्टर सार्जेंट जोसेफ अवनेर डोरान (26 साल) और सार्जेंट मेजर शैलेव जल्ट्समैन (24 साल) के रूप में हुई है। अवनेर डोरान उत्तरी गाजा पट्टी में लड़ाई के दौरान शायेट 13 कमांडो बल में थे, वो लड़ते हुए मारे गए, जबकि शैलेव जल्ट्समैन 55वें पैराट्रूपर्स ब्रिगेड के साथ लड़ते हुए दक्षिणी गाजा में मारे गए।

### छत्तीसगढ़ में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में सब इंस्पेक्टर शहीद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी शहीद हो गए हैं। सब इंस्पेक्टर की शहादत को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नमन किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की सुबह सात बजे जगरगुंडा थाना अंतर्गत बेदरे कैंप से सीआरपीएफ 165वी बटालियन की कंपनी उसांगल की तरफ ऑपरेशन पर निकली थी। ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। घटना में 165वी बटालियन के सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी शहीद हो गए एवं कांस्टेबल रामू गोली लगने से घायल हो गए।

### म्यांमार सीमा के पास पूर्व विधायक की गोली मारकर हत्या

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में तिरप जिले के लाजू सर्कल में भारत-म्यांमार सीमा के पास शनिवार अपराह्न करीब तीन बजे पूर्व विधायक युमसेन माटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अरुणाचल प्रदेश पुलिस के पीआरओ रोहित राजबीर सिंह ने माटे की हत्या की पुष्टि की है।

# वायु सेना के नए अधिकारी परंपरा-नवीनता के बीच संतुलन बनाएं : राजनाथ

### रक्षा मंत्री ने वायु सेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड की समीक्षा करने के बाद ली सलामी

### मित्र देशों के दो अधिकारी प्रशिक्षण पूरा होने के बाद 'विंग्स' से सम्मानित किये गए



**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को डंडीगल (तेलंगाना) वायु सेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड की समीक्षा की। परेड में शामिल 25 महिलाओं सहित 213 फ्लाइट कैडेटों को प्रशिक्षण पूरा होने पर भारतीय वायु सेना की विभिन्न शाखाओं में शामिल किया गया। राजनाथ सिंह ने उनसे आग्रह किया कि वे नए विचारों, नवीन सोच और आदर्शवाद के साथ निरंतर विकसित हो रहे समय के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए परंपरा और नवीनता के बीच संतुलन बनाएं।

भारतीय वायु सेना की उड़ान और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के 213 फ्लाइट कैडेटों के प्रशिक्षण की सफल परिणति को चिह्नित करने के लिए आज डंडीगल (तेलंगाना) की वायु सेना अकादमी में एक संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) हुई। परेड की समीक्षा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की, जिन्होंने स्नातक उड़ान कैडेटों को राष्ट्रपति कमीशन भी प्रदान किया। स्नातक अधिकारियों में 25 महिलाएं शामिल थीं, जिन्हें भारतीय वायुसेना की विभिन्न शाखाओं में नियुक्त किया गया। भारतीय नौसेना के आठ अधिकारियों, भारतीय तटरक्षक बल के नौ और मित्र देशों के दो अधिकारियों को भी उड़ान प्रशिक्षण पूरा होने के बाद 'विंग्स' से सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने अधिकारियों से सशस्त्र बलों में परंपरा को उचित महत्व देने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लगातार बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने के लिए कुछ नया करने की जरूरत है। राजनाथ सिंह ने परंपरा और नवीनता के बीच संतुलन बनाने को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अगर हम केवल परंपरा का पालन करेंगे तो हम एक मृत झील की तरह होंगे। हमें बहती नदी की तरह बनना होगा। इसके लिए हमें परंपरा के साथ-साथ नवीनता भी लानी होगी। उड़ते रहो और अधिक से अधिक ऊंचाइयों को छुओ, लेकिन जमीन से अपना जुड़ाव बनाए रखो।

इससे पहले रक्षा मंत्री का स्वागत वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने किया। परेड का मुख्य आकर्षण 'कमीशनिंग समारोह' था, जिसमें स्नातक फ्लाइट कैडेटों को राजनाथ सिंह ने उनकी 'स्ट्राइप्स' से सम्मानित किया। इसके बाद अकादमी के कमांडेंट ने स्नातक अधिकारियों को 'शपथ' दिलाई। उड़ान शाखा के फ्लाइंग ऑफिसर अतुल प्रकाश को पायलट पाठ्यक्रम में समग्र योग्यता क्रम में प्रथम स्थान पाने के लिए राष्ट्रपति पट्टिका और वायुसेना प्रमुख स्वोर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। फ्लाइंग ऑफिसर अमरिंदर जीत सिंह को ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के बीच योग्यता के समग्र क्रम में प्रथम स्थान पाने के लिए राष्ट्रपति पट्टिका से सम्मानित किया गया।

# तीसरे कार्यकाल में टॉप 3 इकोनॉमी में शामिल होगा भारत : पीएम मोदी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सूरत में अंतरराष्ट्रीय हीरे और आभूषण कारोबार के लिए दुनिया के सबसे बड़े और आधुनिक केंद्र सूरत डायमंड बोर्स का उद्घाटन किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सूरत डायमंड बोर्स मोदी की गारंटी का परिणाम है। प्रधानमंत्री ने कहा, अब मोदी ने देश को गारंटी दी है कि अपनी तीसरी पारी (कार्यकाल) में भारत दुनिया की टॉप-3 इकोनॉमी में जरूर शामिल होगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि 2014 में विश्व डायमंड कांफ्रेंस में उन्होंने विशेष अधिसूचित क्षेत्र (एसएनजेड) बनाने का सपना सामने रखा था। अब सूरत डायमंड बोर्स के माध्यम से यह सपना साकार हुआ है। इसे मोदी की गारंटी से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके पिछले दो कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था 10वें से 5वें पायदान पर पहुंच गई है। उनकी गारंटी है कि अगले कार्यकाल में यह 5वें से तीसरे पायदान पर होगी। इसमें एक्सपोर्ट का बड़ा योगदान होने वाला है। इसके लिए प्रधानमंत्री ने सूरत डायमंड और आभूषण उद्योग को अपना निर्यात लक्ष्य बढ़ाने की अपील की।

उन्होंने कहा, आजकल आप सभी मोदी की गारंटी की चर्चा खूब सुनते होंगे। हाल के दिनों में जो चुनाव नतीजे आए, उसके बाद ये चर्चा और बढ़ गई है, लेकिन सूरत के लोग तो मोदी की गारंटी को बहुत पहले से जानते हैं। यहां के परिश्रमी लोगों ने मोदी की गारंटी को सच्चाई में बदलते देखा है और इस गारंटी का उदाहरण ये सूरत डायमंड बोर्स भी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सूरत का डायमंड उद्योग पहले से ही 8 लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे रहा है। अब सूरत डायमंड बोर्स से भी 1.5 लाख को रोजगार मिलने वाला है। कभी सूरत की पहचान ह्यसन सिटी की थी। यहां के लोगों ने अपने परिश्रम से इसको डायमंड सिटी बनाया, सिल्क सिटी बनाया। आप सभी ने और मेहनत की और सूरत ब्रिज सिटी बन गया। आज लाखों युवाओं के लिए सूरत ड्रीम सिटी है और अब सूरत आईटी के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि डायमंड बोर्स अंतरराष्ट्रीय हीरे और आभूषण कारोबार के लिए दुनिया का सबसे बड़ा और आधुनिक केंद्र होगा। यह कच्चे और पॉलिश किए गए हीरों के साथ-साथ आभूषणों के व्यापार का एक वैश्विक केंद्र होगा। आयात-निर्यात के लिए एक्सचेंज में अत्याधुनिक 'सीमा शुल्क निकासी गृह', खुदरा आभूषण व्यवसाय के लिए आभूषण मॉल और अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग और सुरक्षित वॉल्ट की सुविधा इसमें शामिल होगी। इसका जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सूरत डायमंड बोर्स भारतीय डिजाइनरों, भारतीय डिजाइनरों, भारतीय सामग्रियों और भारतीय अवधारणाओं की क्षमताओं को प्रदर्शित करता है। ये भवन नए भारत की नई ताकत, नए संकल्प का प्रतीक है।

### खास सूरती अंदाज में नजर आए मोदी

**सूरत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को सूरत डायमंड बुर्स का लोकार्पण करने के बाद खास सूरती अंदाज में नजर आए। उन्होंने सूरतियों की खासियत की जमकर बखान की। उन्होंने सूरतियों के मौजिले स्वभाव और उद्यमशीलता की जमकर सराहना की। आरंभ में उन्होंने गुजराती शैली में सूरतियों का मन मोह लिया। मोदी ने कहा कि सूरत यानी हूरत, सूरत के पास इतिहास का अनुभव, वर्तमान में रहते हुए भविष्य की दूरदर्शिता रखने वालों का नाम सूरत है। सूरत के लोग काम में लोचा कभी नहीं मारते, लेकिन लोचा खाना कभी नहीं छोड़ते। उन्होंने सूरतियों की खासियत गिनाते हुए आगे कहा कि सूरती को भले ही कितनी भी जल्दीबाजी हो वे खाने-पीने की दुकानों पर आधे-आधे घंटा कतार में खड़ा होकर इंतजार कर सकते हैं। चाहे जितनी भी बारिश हो, भजिया खाना है तो बस खाना ही है।

# अवैध प्रवासन यूरोपीय देशों के लिए सबसे बड़ा खतरा : सुनक

### इस मुद्दे का समाधान नहीं हुआ तो कई देशों को होगा भारी नुकसान



**एजेंसी। लंदन**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा है कि दुश्मन 'समाज को अस्थिर करने' के लिए जानबूझकर लोगों को अपने तटों पर लाने के लिए प्रवासन को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं। द इवनिंग स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, अवैध आप्रवासन पर अपने सबसे मजबूत हमलों में से एक में, सुनक ने चेतावनी दी कि अगर इस मुद्दे के समाधान के लिए जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो प्रवासियों की बढ़ती संख्या यूरोपीय देशों पर भारी पड़ सकती है।

सुनक ने इटली में इतालवी रूढ़िवादियों और दक्षिणपंथियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, आपराधिक गिरोह हमारी मानवता का शोषण करने के सबसे घृणित तरीके ढूंढते हैं और उन्हें नावों पर बिठाकर लोगों की जान जोखिम में डालने में कोई समस्या नहीं होती है। अगर हम इस समस्या से नहीं निपटते हैं, तो संख्या केवल बढ़ेगी। यह हमारे देशों और उन लोगों की मदद करने की हमारी क्षमता को प्रभावित करेगी जिन्हें वास्तव में हमारी मदद की सबसे ज्यादा जरूरत है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अवैध प्रवासन से निपटने के लिए वैश्विक शरणार्थी नियमों में बदलाव की आवश्यकता हो सकती है। सुनक ने कहा, क्योंकि अगर हमने अभी इस समस्या का समाधान नहीं किया, तो नावें आती रहेंगी और समुद्र में और अधिक जानें जाएंगी। सुनक की यह टिप्पणी पिछले सप्ताह रवांडा विधेयक को लेकर उनके सांसदों के विद्रोह से बाल-बाल बचने के बाद आई है। रवांडा विधेयक नौकाओं को रोकने की सुनक की पांच प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक नीति का मूल है, जिसे उन्होंने वर्ष की शुरूआत में तय किया था।

### लीबिया के तट पर महिलाएं, बच्चे समेत 61 प्रवासी डूबे

**त्रिपोली।** इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने कहा है कि यूरोप पहुंचने की कोशिश में राजधानी त्रिपोली से लगभग 120 किलोमीटर पश्चिम में लीबिया के शहर जुवारा के तट पर 61 प्रवासी समुद्र में डूब गए। आईओएम लीबिया ने शनिवार देर रात एक्स पर पोस्ट किया कि लीबिया के पास एक दुखद जहाज दुर्घटना के बाद महिलाओं और बच्चों सहित 61 प्रवासी डूब गए। जीवित बचे लोगों के अनुसार, लगभग 86 लोगों के साथ नाव जवारा से लीबिया के तटों से रवाना हुई।

‘बांग्लादेश विजय दिवस’ पर बोले जयशंकर

# 1971 की भावना को संरक्षित विस्तारित किया जाना चाहिए



**एजेंसी। ढाका**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने बांग्लादेशी समकक्ष ए.के. अब्दुल मोमेन को बांग्लादेश के 52वें 'विजय दिवस' पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। ‘विजय दिवस’ 1971 में बांग्लादेश मुक्ति युद्ध और उसके बाद बांग्लादेश की आजादी की याद में मनाया जाता है। जयशंकर ने शनिवार को ढाका हवाई अड्डे पर एक समारोह में कहा, 1971 की भावना, जो बांग्लादेश और भारत के बीच संबंधों की आधारशिला बनी हुई है, को संरक्षित और विस्तारित किया जाना चाहिए। यह हमारे लिए अपनी दोस्ती को संजोने का समय है। विदेश मंत्री ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, भारत-बांग्लादेश मैत्री ने न केवल अपने लोगों के हितों की सेवा की है, बल्कि इससे भी बढ़कर एक उदाहरण है।

# स्टेट फामेर्सी काउंसिल खत्म किया तो विरोध में देश भर के 12.4 लाख केमिस्ट करेंगे हड़ताल

### 1-1-24 को सभी राज्यों की राजधानी में देश भर के केमिस्ट एक घंटे घंटा बजाकर दर्ज कराएंगे विरोध

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) ने इंदौर में अपनी 21वी त्रैवार्षिक सभा के बाद संस्था के अध्यक्ष जगन्नाथ शिंदे ने बताया कि सरकार की नयी लाई जा रही नीतियों के विरूद्ध देश भर के 12 लाख 40 हजार केमिस्ट हड़ताल करेंगे। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक दवाइयों के नाम पर खुले में बिना नियमों के बिक रही एलोपैथिक दवा, ऑनलाइन बिक रही दवाओं पर हम कई बार अपना विरोध दर्ज करा चुके हैं, लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। नेशनल फामेर्सी कमीशन राज्य से संबंध रखने वाली फामेर्सी पेशेवरों के ऑटोनॉमस/ डेमोक्रेटिक संस्था स्टेट फामेर्सी काउंसिल को खत्म किया जाएगा। इसमें कम्युनिटी फार्मासिस्टों की बड़ी संख्या को ध्यान में नहीं रखा गया है। हमारी कार्यकारिणी की बैठक में सर्व सम्मति से ये फैसला लिया गया है कि 1 जनवरी 2024 को इस दमनकारी नीति के खिलाफ देशव्यापी हल्ला बोल आंदोलन किया जाएगा। इस बार यह विरोध सभी स्टेट कैपिटल में होगा जहां देश भर के केमिस्ट एक घंटे के लिए घंटा बजाकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। अगर इसके बाद भी सुनवाई नहीं की गई तो जिला स्तरीय और तहसील स्तरीय पर इस आंदोलन को जन जन तक पहुंचाने के लिए तैयार हैं। एआईओसीडी के जनरल सेक्रेट्री राजीव सिंघल ने कहा कि उम्मीद है सरकार हमारी वर्तमान मांग को भी समझेगी।

अध्ययन

### 5 में से 1 लड़की और 6 में से 1 लड़के की शादी बचपन में

# भारत में अब भी बाल विवाह का प्रचलन



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, भारत में बाल विवाह का चलन अब भी जारी है। पांच में से एक लड़की और छह में से एक लड़के की अभी भी बचपन में ही शादी हो रही है। हार्वर्ड टीएच चैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के शोधकताओं के नेतृत्व में किए गए अध्ययन से पता चला है कि भारत में बाल विवाह में गिरावट आई है लेकिन हाल के वर्षों में यह प्रथा कुछ राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में अधिक प्रचलित हो गई है।

बाल विवाह मानवाधिकार उल्लंघन है, लिंग और यौन-आधारित हिंसा का एक मान्यता प्राप्त रूप है। जीरो बाल विवाह तक पहुंचने में भारत की सफलता संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 5.3 को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है।

जनसंख्या स्वास्थ्य और भूगोल के प्रोफेसर, प्रमुख लेखक एसवी सुब्रमण्यम ने कहा, "यह अध्ययन यह अनुमान लगाने वाले पहले अध्ययनों में से एक है कि राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर समय के साथ लड़की और लड़के के बाल विवाह की दर में कैसे बदलाव आया है। विशेष रूप से लड़के के बाल विवाह को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। आज तक, इसकी व्यापकता का अनुमान लगाने वाला लगभग कोई शोध नहीं हुआ है। एसवी सुब्रमण्यम ने कहा, "हमारे निष्कर्ष भारत में बाल विवाह के बोझ को समझने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो प्रभावी नीति निर्माण के लिए महत्वपूर्ण होगा।" हालांकि, भारत कानूनी रूप से बाल विवाह को लड़कियों के लिए 18 वर्ष की आयु से पहले और लड़कों के लिए 21 वर्ष की आयु से पहले विवाह के रूप में परिभाषित करता है। अध्ययन के प्रयोजनों के लिए शोधकर्ताओं ने इसे दोनों लिंगों के लिए 18 वर्ष की आयु से पहले विवाह के रूप में परिभाषित किया है।

अध्ययन के लिए शोधकर्ताओं ने 1993, 1999, 2006, 2016 और 2021 से भारत के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की डेटा का उपयोग किया। अध्ययन में पाया गया कि 1993 से 2021 के बीच राष्ट्रीय स्तर पर बाल विवाह में गिरावट आई है।

बालिका बाल विवाह का प्रचलन 1993 में 49 प्रतिशत से घटकर 2021 में 22 प्रतिशत हो गया, जबकि बालक बाल विवाह 2006 में 7 प्रतिशत से घटकर 2021 में 2 प्रतिशत हो गया। लड़कों के बाल विवाह की भारतीय कानूनी परिभाषा का उपयोग करते हुए, इसका प्रचलन बहुत अधिक था। साल 2006 में 29 प्रतिशत और 202 में 15 प्रतिशत था।

हालांकि, हाल के वर्षों में बाल विवाह की प्रथा को रोकने की दिशा में प्रगति रुकी हुई है। बाल विवाह के प्रचलन में सबसे बड़ी कमी 2006 और 2016 के बीच हुई, सबसे कम कमी 2016 और 2021 के बीच हुई।

फिल्म जगत

# क्या ऐश्वर्या ने छोड़ दिया है बच्चन हाउस?



**मुंबई।** बॉलीवुड जोड़ी अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन के अलग होने की अफवाहों का बाजार गर्म है। हालांकि, शुक्रवार को अफवाहें तब और तेज हो गईं जब कहा गया कि एक्ट्रेस ने अपने ससुराल का घर छोड़ दिया है और अलग रह रही हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इस दावे से भरा पड़ा है कि एक्ट्रेस उस घर से बाहर चली गई है जहां बच्चन परिवार रहता है, और अलग रह रही हैं। अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की स्ट्रीमिंग फिल्म 'द आर्चीज' के प्रीमियर के बाद से अफवाहें फैलनी शुरू हो गईं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन के बीच चीजें कुछ ठीक नहीं चल रही हैं। हालांकि, एक पपराजी ने मुंबई के एक कार्यक्रम की तस्वीरें साझा कीं, जहां ऐश्वर्या को बिग बी और उनके पति के साथ देखा जा सकता है।

## एक नजर

### राज्यपाल विस अध्यक्ष व खेल मंत्री से मिले कश्मीरी युवा

रांची। नेहरु युवा केंद्र संगठन झारखण्ड, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित 6 दिवसीय कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के चौथा दिन भ्रमण सत्र का शुभारंभ हुआ। आज भ्रमण सत्र में सुबह सर्वप्रथम मोराबादी फुटबॉल स्टेडियम का भ्रमण कराया गया, उसके बाद गवर्नर हाउस में राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात एवम लंच का आयोजन किया गया। उसके बाद विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो से उनके आवास पर मुलाकात की गई। उसके बाद खेल मंत्री हफीजूल हसन से मुलाकात हुई। तत्पश्चात रांची विश्वविद्यालय में झारखंड के कल्चरल नृत्य का आयोजन, सांस्कृतिक प्रदर्शन और केंद्रीय पुस्तकालय (आरयू) में रांची विश्वविद्यालय के वीसी के साथ बातचीत और रात्रिभोज के साथ कशीमरी युवाओं की मेहमान नवाजी की गई।

### श्मशान घाट के लिए जगह देने की मांग

**रांची।** बिजुलिया गांव में तेली और महली जाति के लोगों को श्मशान घाट पर दाह संस्कार व अन्य समाज के द्वारा नहीं करने दिया जा रहा है। इस घटना को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद से बिजुलिया गांव के तेली और महली समाज के लोग मिले और ज्ञापन सौंपा। बताया कि तेली और महली समाज का श्मशान घाट रोड चोड़ीकारण में चला गया। हिंदुओं का एक दूसरे श्मशान घाट है, लेकिन वहां तेली और महली समाज को अछूत बता श्मशानघाट में दाह संस्कार करने नहीं दिया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इस संदर्भ में वे लोग उपायुक्त, अपर समाहर्ता, एसडीओ और डीसीएलआर रांची को भी ज्ञापन दिया है। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद से मिलने वालों में विकास साहू, तारकेश्वर साहू, दीपक महली,अरविंद साहू धर्मनाथ साहू और अरविंद साहू आदि शामिल थे।

### झारखंड में मां का दूध उपलब्ध कराने के लिए बन रहे स्पेशल बैंक

**रांची।** राज्य के चार जिलों में नवजातों के लिए मां का दूध उपलब्ध कराने के लिए स्पेशल बैंक बन रहे हैं, जो नवजात शिशुओं के लिए वरदान साबित होंगे। कई बार नवजात मां के दूध से कई कारणों से वंचित रह जाते हैं। अब ऐसे शिशुओं की माताओं को चिंता करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि, अब उन्हें बैंक से ही मां का दूध मिल जायेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य योजना के तहत राज्य के बोकारो, दुमका, हजारीबाग एवं रांची के अस्पतालों में मानव दूध बैंक यानी ह्यूमन मिल्क बैंक बनाने की तैयारी स्वास्थ्य विभाग ने पूरी कर ली है। डॉक्टरों के मुताबिक कई माताओं को प्रसव के बाद दूध नहीं होता। इसलिए उनका नवजात स्तनपान से वंचित हो जाता है। कई ऐसे बच्चे भी हैं, जिनकी माता किसी कारणवश दुनिया में नहीं हैं। ऐसे शिशुओं को बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग चार शहरों में मानव दूध बैंक बनाने जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इसकी स्थापना पर सवा करोड़ रुपये खर्च होंगे। टेंडर का प्रोसेस भी शुरू हो चुका है। इसके लिए दो तिहाई राशि केंद्र एवं एक चौथाई राज्य बजट से खर्च होग।

### साहित्य 24 मंच की काव्य गोष्ठी




**रांची।** साहित्य 24 मंच, झारखंड इकाई की काव्य गोष्ठी सिटी पैलेस, लालपुर में संपन्न हुआ। अंशिता सिन्हा ने दीप प्रज्वलित तथा मंत्रोच्चारण कर शुभारंभ किया। सरस्वती वंदना सीमा कुमार ने किया। सभा की अध्यक्षता मंच की अध्यक्ष रूपा कुमारी ने की। रांची तथा जमशेदपुर से आए साहित्यसेवियों ने मंच को समृद्ध किया। जिनमें रेणु झा रेणुका, रिम्मी वर्मा, निर्मला कर्ण, खुशबू बरनवाल 'सीपी', अजीत प्रसाद, संस्कृति श्री, अन्वेषा रथ, सुमिता सिन्हा, हर्षिता कौशिक इत्यादि शामिल थे।

---

### दुकानों के बाहर वाहनों को पार्क करने से दुकानदारों व ग्राहकों को होती है परेशानी

# रंगरेज गली में बनी रहती है जाम की स्थिति




#### दुकानों के बाहर वाहन लगाने से दुकानदार परेशान



रंगरेज गली के दुकानदार जिशान अली का कहना है कि पार्किंग की समस्या है। बगल में नगर निगम का पार्किंग है, लेकिन लोग वहॉ बाइक-स्कूटी पार्क नहीं कर गली में लेकर आ जाते है। यह स्थिति पूरे गली की है। उन्होंने बताया कि दुकान के बाहर तीन-चार बाइक लग गयी, तो ग्राहकों के लिए अंदर आने का रास्ता ही नहीं बचता है। इससे व्यापार में असर पड़ता है। इस गली को जाममुक्त कराने के लिए प्रशासन को कार्रवाई करना चाहिए।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अपर बाजार का रंगरेज गली व्यस्त व्यावसायिक स्थल के रूप में जाना जाता है। इस पतली सी गली में सैकड़ों दुकानें रहने से सुबह से शाम तक खरीदारों की भारी भीड़ देखी जाती है। भीड़ के साथ इस गली में खरीदारों के द्वारा दो पहिया वाहन और मालवाहक रिक्शा-ठेला के आने जाने से सड़क जाम की स्थिति बन जाती है। कभी कभी तो ऐसी स्थिति बन जाती है कि पैदल चलने वाले लोगों को भी परेशानी होती है। इस गली में दोनों ओर की दुकानों के सामने दो पहिया वाहनों के लगाने से सड़क बिलकुल सकरी हो जाती है। जिससे दुकानदारों के साथ यहॉ खरीदारी करने आने वाले लोगों को भी परेशानी होती है। दुकानदारों को कहना है कि ग्राहक दो पहिया वाहन लेकर अंदर चले आते है। ऐसे लोगों को रोकने वाला कोई है नहीं। इस तरह दिन भर दर्जनों की संख्या में दो पहिया वाहन इस गली में पार्क कर दिये जाते है। इससे यहॉ जाम की स्थिति बन जाती है। इसके अलावा दुकानों के सामने वाहनों के लगे होने से ग्राहकों के लिए दुकान में प्रवेश करने में दिक्कतें होती है। दुकान के सामने वाहनों के लगे रहने के कारण ग्राहक आगे बढ़ जाते है। यह हम दुकानदारों के लिए बड़ी समस्या है।

## व्यवस्थित हुई फुटपाथ दुकानें, मेन रोड में नहीं लगा जाम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अव्यवस्थित रूप से फुटपाथ में दुकान लगने से कचहरी चौक से मेन रोड में जाम की समस्या बनी रहती है। मेन रोड में जाम के कारण वाहनों के रेंगना पड़ता है। इस मामले को राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से उठाया था। जिसके बाद उपायुक्त ने बैठक कर शहर को जाममुक्त करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त के निर्देश के बाद रांची ट्रैफिक पुलिस सक्रिय हुई और सड़क जाम की समस्या के समाधान के उपाय शुरू कर दिये गये। राष्ट्रीय नवीन मेल में खबर छपी थी कि मेन रोड के आधे सड़क पर फुटपाथ दुकानदारों का कब्जा रहता है। जिससे सड़क की चौड़ाई कम होने से वाहनों को रेंगना पड़ता है। इस समाचार के बाद ट्रैफिक पुलिस की ओर से कचहरी चौक से लेकर मेन रोड के फुटपाथ दुकानों को व्यवस्थित किया गया।

**सफेद लाइन के अंदर किया गया दुकानों को :** फुटपाथ दुकानों को व्यवस्थित करने के लिए ट्रैफिक ने सभी दुकानों को सड़क पर निर्धारित किये गये सफेद लाइन के अंदर कर दिया। जिससे सड़क के उपर से दुकानों का बोझ खत्म हो गया। इससे सड़क पर चलने के लिए वाहनों को पर्याप्त स्थान मिला। इससे जमा की समस्या बहुत हद तक कम हो गयी।

**ट्रैफिक पुलिस के जवान लगातार रख रहे है निगरानी :** कचहरी चौक से लेकर काली मंदिर चौक तक सड़कों पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के जवान फुटपाथ दुकानदारों पर लगातार नजर रखे हुए है। सफेद लाइन से बाहर आने की कोशिश करने पर दुकानदारों को फटकार लगायी जा रही है। जिससे दुकानें सड़क से बिलकुल किनारें लगाये गये। जिससे अन्य दिनों की तरह मेन रोड पर जाम नहीं लग रही है।

---

### 1.73 करोड़ की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का शिलान्यास

# हरमू स्थित चडरी मसना में मिलेगी सभी मूलभूत सुविधाएं



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
चडरी सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा के अगुवाई में हरमू स्थित चडरी मसना का सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। निर्माण कार्य की शुरूआत चडरी के गुड्डू पाहन के द्वारा मसना का भूमि पूजन से किया गया। भूमि पूजन आदिवासियों की रूढ़िवादी परंपरागत व्यवस्था में की गई। जिसमें रंगुआ मुर्गा, चरका मुर्गी, करिया मुर्गी, लुपुंग मुर्गी, सिंदूर, अरवा चावल, तपावन में हंड़िया एवं धुवन जलाकर मसना में सोए हुए पूर्वजों को याद किया गया। बबलू मुंडा ने कहा कि आज का दिन चडरी ग्राम के आदिवासी एवं मूलवासी के लिए ऐतिहासिक दिन है। झारखंड सरकार के मंत्री चंपई सोरेन का पूरा आदिवासी समाज की ओर से धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मंत्री के द्वारा आदिवासी समाज का उनका धर्म संस्कृति रिति रिवाज उनका परंपरागत व्यवस्था को सरंक्षण करने का कार्य किया है। आने वाले पीड़ी को भी अपनी परंपरागत व्यवस्था को बचा कर रखने की जरूरत है। महासचिव सुरेंद्र लिंडा ने कहा कि इस विकास कार्य के लिए चडरी ग्राम वशियों को आभार। कार्यक्रम में कुमोद कुमार वर्मा, सबलू मुंडा, शंकर लिंडा, राजेश मुंडा, लालू लिंडा, मंगल मुंडा, सागर भगत, अशोक मुंडा, जागेश्वर राम, बबला नायक, चिकू लिंडा, प्रेम लिंडा, विकास सांगा, राजन तिर्की, सीटू कच्छप, रोशन मुंडा, दीपक मुंडा, छोटू पाहन, बिल्टू पाहन, ओम वर्मा, संजय नायक, बादल नायक, बंटी मुंडा, शंटी मुंडा, आशीष लिंडा, राजू मुंडा, शिवनाथ मुंडा, हरीश मुंडा, नकुल मुंडा, महेंद्र लिंडा, संगीता देवी एवं मुन्नी मुंडाईन सिहित अन्य उपस्थित थे।

### गोदा रंगनाथ व्रतोत्सव धनुर्मास में अनुष्ठान शुरु

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मन्दिर में धनुर्मास श्रीगोदा महोत्सव के पहले दिन आयोजित उद्यास्तमन सेवा के अन्तर्गत भगवान श्रीमन्नारायण सहित श्रीश्रीदेवी, श्रीभूमिदेवी और चक्रराज सुदर्शन भगवान का महाभिषेक कराया गया। वेद के उच्चारण के साथ दूध, दही, हल्दी, चंदन, शहद, डाभयुक्त जल और गंगाजल से महाभिषेक किया गया। इसके बाद वस्त्राभूषण और रजनी गंधा एवं गुलाब के पुष्प गुच्छों से भव्य श्रृंगार किया गया। नक्षत्र कुंभ और कर्पूर से महाआरती की गई।

---

### मजलिस का रक्तदान शिविर आयोजित, 26 यूनिट रक्त संग्रहित



**रांची।** श्यामली कालोनी स्थित सामाजिक संस्था मजलिस और वोलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 26यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदाताओं से रिम्स ब्लड बैंक की डॉ.नीलू कुमारी, टेक्नीशियन दीपक चौधरी, संतोष कुमार व आशीष कुमार ने रक्त संग्रहित किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लेकर अपने प्रतिभा प्रदर्शित की। इस अवसर पर मजलिस के सचिव प्रबीर कुमार, वॉलंटरी ब्लड डोनर्स संगठन के अध्यक्ष डॉ एसके सिंह, सचिव तुषार कांति शीट, सोमेन किस्कू, राम,मंतोष मजुमदार, अरुप चक्रवर्ती, अनिर्वान बोस, तापस दास,सुजय बनर्जी,जेआर काली, विवेक राय, सुभाष चटर्जी सहित अन्य मौजूद थे।

### जेवीएम श्यामली में नर्सरी से कक्षा 2 के नन्हे-मुन्हें बच्चों का मना वार्षिकोत्सव



**रांची।** जवाहर विद्या मंदिर श्यामली में नर्सरी से कक्षा 2 के नन्हे-मुन्हें बच्चों का वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि मेकन के निदेशक वाणिज्यिक संजय कुमार वर्मा, विशिष्ठ अतिथि फिरायालाल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नीरज कुमार, नीना सिन्हा, विदिशा जाना एवं विद्यालय के प्राचार्य समरजीत जाना द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत नन्हें पौधे देकर किया गया। सभी का स्वागत प्राचार्य तथा उच्च माध्यमिक की इंचार्ज अनुपमा श्रीवास्तव ने किया। अतिथियों के स्वागत में नन्हे-मुन्हें बच्चों द्वारा संस्कृत में एक स्वागत गीत प्रस्तुत कर अपनी छोटी उम्र से संस्कृत बोलने का सुंदर प्रयास किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सबसे पहले नर्सरी के 64 बच्चों ने अब तक पायी शिक्षा हिन्दी औरअंग्रेजी के वर्णमाला एवं संख्याओं पर आधारित अनोखा नृत्य पेश कर दर्शकों को मनमोह लिया। कक्षा प्रेप के बच्चों ने अनुपयोगी चीजों का उपयोग दिखाकर दर्शकों को चकित कर दिया। बच्चों ने अखबार, मच्छरदानी, नारियल के छिलके, गिलास, पुआल, सीडी, बड़े पत्ते, कागज के डिब्बे एवं पैकेट से बने सुंदर परिधान में फैशन शो किया। कक्षा 2 की दीछेन तमांग ने एक मनमोहक वाद्य संगीत (सिंथेसाइजर) प्रस्तुत किया। नीरज कुमार ने कहा कि बच्चों के बीच रह कर अपना बचपन याद आ गया। मुख्य अतिथि संजय कुमार वर्मा ने अपने भाषण में कहा कि इनकी प्रतिभा एवं उत्साह हम सभी को प्रेरित करती है। सभी माता-पिता एवं अभिभावकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि आपका सहयोग सराहनीय है। बच्चों ने क्रिसमस कैरोल पर नृत्य और संदेश देकर क्रिसमस की बधाइयां दी। कार्यक्रम में विद्यालय के उप प्राचार्य एसके झा, बीएन झा, संजय कुमार, अमित राय, एसझा सुशील, सुश्री मीनू दासगुप्ता, सुष्मिता मिश्रा एवं संजय कुमार ने किया।

---

# आइफा इंटरनेशनल में क्रिसमस फीवर कंपीटिशन के विजेता हुए पुरस्कृत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
क्रिसमस के मौके पर आइफा इंटरनेशनल में क्रिसमस फीवर कंपीटिशन का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के साथ बड़ों ने भी पेंटिंग और सांता के ड्रेसअप में अपनी कला का शानदार प्रस्तुत किया। पेंटिंग कैंवास पर रंग बिखेरते हुए बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। पेंटिंग कैटेगरी में जीत प्राप्त करने वाले बच्चों ने विभिन्न रंगों का सही संयोजन करके नैतिक मूर्तियों, प्राकृतिक सौंदर्य और क्रिसमस के विशेष दृष्टिकोण को दर्शाया। सांता के ड्रेसअप में लोगों ने अपनी नवीनता और स्वभाव को दिखाया। आयोजक समिति के डायरेक्टर मो साबिर हुसैन तथा सुवेंद्र कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से विजेताओं को पुरस्कृत किया। आयोजन ने सांता के होंठों पर मुस्कान लाने और रंग-बिरंगे पेंटिंग्स के माध्यम से आर्थिक साहित्य में आनंद और समृद्धि का आभास कराया। पेंटिंग प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप में प्रथम अभियान, द्वितीय जोहा और तीसरे स्थान पर अमर अब्दुल्ला रहे। वहीं संत्वाना पुरस्कार आराध्य तथा लावण्या को मिला। सीनियर ग्रुप में प्रथम सामिष्ठा लोहार, द्वितीय अल्फिया जहां और तीसरे स्थान अमीरा मंजर को मिला। संत्वाना पुरस्कार हिबा, जीनत एवं नमीरा को दिया गया। ड्रेस कंपटीशन में प्रथम आराध्या, दुसरे सैफ अली और तीसरे स्थान में मिस्कत जोहरा और संत्वाना पुरस्कार जानवी, लावण्या तथा जोहा को मिला। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में शगुफ्ता बानो, आतिक राजा, आयशा तथा आलिया थे। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में समीरा, आयशा, आफरीन, अल्मा हसन तथा आईफा के सेंटर इंचार्ज अलीना उपस्थित थे।

### राज्य के 51 एएसआई को दारोगा रैंक में मिलेगी प्रोन्नति

**रांची।** झारखंड के 51 एएसआई को दारोगा रैंक में प्रोन्नति मिलेगी। पुलिस मुख्यालय में केंद्रीय चयन पर्षद की बैठक में 51 एएसआई प्रोन्नति योग्य पाये गये जबकि 20 एएसआई प्रोन्नति के लिए अयोग्य पाये गये। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने शनिवार देर रात अधिसूचना जारी कर दी है । एएसआई को दारोगा रैंक में प्रोन्नति पाने वाली लिस्ट में गुप्तेश्वर सिंह, सुरेंद्र दास, दिलीप सिंह, चंद्रभूषण प्रताप सिंह, शिवजी सिंह, अखिलेश कुंवर सत्येंद्र नारायण सिंह,आनंद भूषण सिंह, अरविंद सिंह, मिनेश यादव, नवल किशोर सिंह, सुरेन्द्र कुमार सिंह , शैलेंद्र कुमार, सुभाष सिंह, अनिल सिंह , योगेंद्र शर्मा, संजय यादव, रेमेंत पान, धनंजय सिंह, ओम प्रकाश, ममता कुमारी, साहेब कुंवर, राम प्रवेश शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, राधाकृष्ण सिंह, अर्जुन यादव और मनोहर पासवान शामिल हैं।

# विवाह पंचमी के उपलक्ष में राम विवाह का श्रद्धापूर्वक आयोजन




**आरएनएम**
**रांची।** श्री श्री राम जानकी तपोवन मंदिर निवारनपुर में विवाह पंचमी के उपलक्ष में राम विवाह का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। भगवान राम को दूल्हा बना कर कुसाई कॉलोनी राम मंदिर से श्री श्री राम जानकी तपोवन मंदिर निवारनपुर तक बारातियों के साथ लाया गया, जिसमें सभी भक्त बाजे गाजे एवं पटाखों से झूमते हुए बारात का आनंद ले रहे थे। बारात में मुख्य रूप से पुजारी कृष्ण कुमार पांडे प्रेमलता मिश्रा राधा देवी डीके तिवारी और अन्य लोग मौजूद थे। बारात का स्वागत श्री राम जानकी तपोवन मंदिर के महंत ओम प्रकाश शरण के द्वारा किया गया पुजारी द्वारा भगवान का विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया गया एवं महा आरती का आयोजन किया गया सभी बारातियों मैं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुदित धरणीधरका अमित बजाज उत्कर्ष पोद्दार अयोध्या दास वह अन्य लोग उपस्थित थे।

---

### जीडी गोयनका स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव का आयोजन

# बच्चों ने अपने अभिनय से लोगों का मन मोहा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भावी युवा पीढ़ी को एक मजबूत सकारात्मक आधार देने के उद्देश्य को लेकर पिछले वर्ष झारखंड की राजधानी रांची में जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की स्थापना की गई। जीडी गोयनका एजुकेशनल ग्रुप विश्व स्तरीय शिक्षा का एक विख्यात नाम है। शिक्षा में नए प्रयोगों को प्रोत्साहित करते हुए स्कूल ने आज अपना पहला वार्षिकोत्सव मनाया। स्कूल के भव्य प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने पृथ्वी बचाओ थीम पर बहुत ही संवेदनशील नाटक के साथ रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सोलह अलग अलग दृश्यों पर आधारित इस भावना प्रधान नाटक में लगभग सभी क्लास के बच्चों ने अपने अभिनय के माध्यम से अतिथियों एवं अभिभावकों का दिल जीत लिया । कई अभिभावकों की आंखें सजल हो गईं। थीम की गंभीरता को समझते हुए शिक्षकों ने बच्चों को ऐसे तैयार किया था कि अभिभावक अपने बच्चों की अभिनय कला के कायल हो गए।

इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक मदन सिंह ने कहा कि सफर के इस छोटे वक्त में हमारी टीम ने जितनी मेहनत से अपने काम को अंजाम दिया है उससे मेरी खुद की भी हिम्मत बढ़ी है। आगे हम और दुगुने उत्साह से कार्य करेंगे इस संकल्प का भरोसा हम आज अपने अभिभावकों को देना चाहते हैं और ये कहना चाहते हैं कि हम मिलकर अपने भावी भविष्य को संवारने का काम अपनी सम्पूर्ण शक्ति के साथ करेंगे। हम अपने शिक्षकों के विकास में निवेश करना जारी रखेंगे, अपनी सुविधाओं को अपडेट करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक बच्चे को ऐसी शिक्षा मिले जो उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार कर सके। आमंत्रित मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर उमेश ए परब ने कहा कि अगर हम अपने भावी भविष्य को सुरक्षित करना चाहते हैं तो हमें प्रकृति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को स्वीकार करना होगा मुझे इस बात की खुशी है कि जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रभावी प्रस्तुति से जो संदेश दिया है हमें उसपर बहुत गंभीर होकर सोचना चाहिए उसपर अमल भी करना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा कि हम अपने बच्चों को छोटे छोटे लक्ष्य देते हैं जिसको साधने की टिप्स भी देते हैं जिसे बच्चे बड़ी तन्मयता के साथ करने को उत्सुक रहते हैं। इस कार्यक्रम में अभिनीत अभिनय को जो आपने देखा समझा और सराहा ये हमारे उसी कोशिश की एक छोटी सी बानगी है। बदलाव आप खुद अपने बच्चों में देख सकते हैं। जीवन में जीत और हार का जो मर्म होता है हम उसपर ही काम कर रहें हैं। सृष्टि के आरंभ से लेकर उसके प्रदूषित होते जाने, उसके दुष्प्रभाव ,आग और पहिए का आविष्कार , टिक टिक डांस, बैक्टीरिया डांस इत्यादि के द्वारा हमारे बच्चों ने एक अनुकरणीय संदेश देने का प्रयास किया है।

### रातू गढ़ में शिव गुरू महोत्सव आयोजित

**रांची।** शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के द्वारा रातू गढ़ में शिव गुरू महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महेश्वर शिव के गुरू स्वरूप से एक-एक व्यक्ति का शिष्य के रूप में जुड़ाव हो सके इसी बात को सुनाने और समझाने के निमित्त किया गया। शिव शिष्य साहब हरीन्द्रानन्द के संदेश को लेकर आयी मुख्य वक्ता दीदी बरखा आनन्द ने कहा कि शिव केवल नाम के नहीं अपितु काम के गुरू हैं। शिव के औघड़दानी स्वरूप से धन, धान्य, संतान, सम्पदा आदि प्राप्त करने का व्यापक प्रचलन है। तो उनके गुरू स्वरूप से ज्ञान भी क्यों नहीं प्राप्त किया जाय। किसी संपत्ति या संपदा का उपयोग ज्ञान के अभाव में घातक हो सकता है। दीदी बरखा आनन्द ने कहा कि शिव जगतगुरू हैं। अतएव जगत का एक-एक व्यक्ति चाहे वह किसी धर्म, जाति, संप्रदाय, लिंग का हो शिव को अपना गुरू बना सकता है।

# मदरसा नूरूल इस्लाम सम्मान समारोह आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** मदरसा नूरूल इस्लाम, इस्लाम नगर, पथल कुदवा, रांची द्वारा रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । सम्मान समारोह में झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मान समारोह में 2011 की उस घटना को याद करते हुए प्रबंधन कमिटी, मदरसा नूरूल इस्लाम एवं हमदर्द कमिटी, पथल कुदवा द्वारा उपाध्यक्ष श्री आलम को एक मांग पत्र भी सौंपा गया। श्री आलम ने इस्लाम नगर वासियों को आश्वासन किया कि इस्लाम नगर स्थित मदरसा नूरूल इस्लाम की स्थिति बहुत ही दयनीय है जितना जल्द हो सकता है, उपलब्ध जमीन में मदरसा सह स्कूल के निर्माण हेतू अग्रतर कारवाई की जायेगी। श्री आलम ने इस्लाम नगर विस्थपान के बाद जिन परिवारों को सूची बद्ध होने के पश्चात भी घर नहीं मिला उस मामले में भी संबंधित विभाग से जानकारी लेकर घर दिलाने में पूरी सहयोग करने का आश्वासन दिया। श्री आलम ने उपस्थित जनसभा को सम्बोधित करते हुए केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनओं की जानकारी देते हुए लाभ उठाने की भी अपील की।

## रांची सर्राफा

सोना (बिक्री) 57.550

चांदी (किलो) 78.500

## एक नजर

### लियोन का 500वां विकेट ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 360 रन से रौंदा

**पर्थ।** ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने दो विकेटों के साथ अपना 500वां विकेट हासिल किया और ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को पहले टेस्ट के चौथे दिन रविवार को 360 रन के बड़े अंतर से रौंद दिया और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 233 रन पर घोषित कर पाकिस्तान के सामने 450 रन का लक्ष्य रखा। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के सामने पाकिस्तानी टीम दूसरी पारी में 30.2 ओवर में मात्र 89 रन पर ढेर हो गयी। पाकिस्तान के लिए सऊद शकील ने सर्वाधिक 24 रन बनाये जबकि अन्य बल्लेबाज विकेट पर टिकने का जज्बा नहीं दिखा सके। लियोन ने इसके साथ ही अपने 500 विकेट पूरे कर लिए। ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। मार्श ने 90 और नाबाद 63 रन बनाये तथा एक विकेट भी हासिल किया।

### 2-3 टेस्ट मैचों की सीरीज बेहतर होती : हीथर नाइट

**मुंबई।** इंग्लैंड की महिला कप्तान हीथर नाइट ने कहा कि अगर इस दौरे पर सिर्फ एक लाल गेंद के मैच के बजाय भारत के खिलाफ अधिक टेस्ट मैच होते तो उनकी टीम बेहतर गेंदबाजी करती, उन्होंने कहा कि तीन मैचों की टेस्ट सीरीज होती और उन्हें अपने विरोधियों के विरुद्ध परखने का बेहतर तरीका मिलता। इंग्लैंड की टीम को चार दिवसीय टेस्ट के ढाई दिन के भीतर भारत से 347 रन की शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा, भारत के 428 रन के जवाब में इंग्लैंड की टीम दो पारियों में 136 और 131 रन पर आउट हो गई। नाइट ने कहा कि उन्होंने 2005 के बाद भारत में इंग्लैंड द्वारा खेले गए पहले टेस्ट से सबक सीखा है। हमारे पास दो तीन मैचों की श्रृंखला होती, तो मुझे लगता है इंग्लैंड की टीम ने इससे पहले टी20 सीरीज 2-1 से जीती थी। एक दर्जन टेस्ट मैचों की 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी, जो महिला क्रिकेट में लंबे प्रारूप में सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक है।

### वेटरन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**रांची।** वेटरन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन रविवार से डोरंडा उर्स मैदान में शुरू हुआ। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने टूर्नामेंट की शुरुआत की। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में कल 42 टीमों ने हिस्सा लिया है। जिसमें कर भला तो हो भला की तरफ से दो टीम मैदान में उतारे गए हैं। जिसमें टाइगर-11 और कर भला तो हो भला का नाम शामिल है। इन दो टीमों का टी शर्ट विमोचन अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने किया। इस अवसर पर शमशेर आलम ने कहा कि इस तरह का टूर्नामेंट कराना अच्छी बात है। मौके पर दोनों टीमों के कप्तान और खिलाड़ी उपस्थित थे।

# टेस्ट में विकेटकीपिंग के लिए तैयार हैं राहुल, रिंकू खेल सकते हैं वनडे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हम वनडे में कैसा खेलना चाहते हैं, इसमें ज्यादा कुछ नहीं बदलेगा। लेकिन एक नये खिलाड़ी से आते ही यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह वही भूमिका निभाये जो रोहित शर्मा और विराट कोहली ने विश्व कप में निभायी थी। ध्यान अब टी20 विश्व कप है जो आने ही वाला है इसलिये ध्यान इसी पर लगा होगा। राहुल ने कहा, टेस्ट क्रिकेट हमेशा हमारे देश के लिए महत्वपूर्ण प्रारूप रहेगा। पर अभी भारतीय क्रिकेट टीम वनडे श्रृंखला पूरी करेगी जो बहुत ही मजबूत दक्षिण अफ्रीका टीम के खिलाफ है और हमारा ध्यान अभी इसी पर लगा है। केएल राहुल वनडे में विकेटकीपिंग जारी रखेंगे और उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में उन्हें स्टंप के पीछे की जिम्मेदारी उठाने के लिए कहा जाता है तो उन्हें इससे गुरेज नहीं होगा। नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए ब्रेक लिया है जिसके बाद राहुल वनडे टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। इस स्टाइलिश दायें हाथ के बल्लेबाज ने संकेत दिए कि टी20 श्रृंखला में शानदार जज्बा और तकनीक दिखाने वाले रिंकू सिंह को वनडे पदार्पण का मौका दिया जा सकता है। यह पूछने पर कि क्या वह रविवार से शुरू हो रही वनडे श्रृंखला में विकेटकीपिंग करेंगे तो राहुल ने सकारात्मक जवाब देते हुए कहा, हां, मैं विकेटकीपिंग करूंगा और मध्यक्रम में बल्लेबाजी करूंगा। और इसके बाद टेस्ट मैचों में भी विकेटकीपिंग करने में खुशी होगी। राहुल ने मैच पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में



कहा, मैं हमेशा नयी भूमिका निभाने के लिए और टीम जो भी भूमिका में मुझे प्रदर्शन करते हुए देखना चाहती हूं, उसके लिए तैयार रहा हूं। अगर प्रबंधन मुझे इसी भूमिका में देखना चाहता है तो मुझे इसमें खुशी होगी। उन्होंने साथ ही यह भी संकेत दिया कि फिलहाल संजू सैमसन को पांचवें नंबर के विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में देखा जा रहा है। हैमस्ट्रिंग चोट और फिर सर्जरी के कारण राहुल 2023 के ज्यादातर हिस्से में खेल से दूर रहे लेकिन अब बेंगलुरु का यह खिलाड़ी अब कोई भी मौका नहीं छोड़ना चाहता है। राहुल ने कहा, मैं देश के लिए ज्यादा से ज्यादा मैच खेलना चाहता हूं। चोटों के कारण मैं कई मुकाबलों में नहीं खेल पाया इसलिये मैं ज्यादा से ज्यादा मैच खेलना चाहता हूं और मुझसे जिस भी भूमिका की उम्मीद है, वो निभाना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मेरे लिये टीम सबसे आगे है। यह टीम का खेल है तो आपको लचीला होना पड़ेगा और सामंजस्य बिठाना होगा। यह पूछने पर कि उत्तर प्रदेश और मध्य क्षेत्र के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले रिंकू सिंह को वनडे में पदार्पण का मौका मिलेगा या नहीं। इस पर उन्होंने कहा, हां, मुझे ऐसा लगता है। यह पूछने पर कि भविष्य में रिंकू पांचवें या छठे नंबर पर फिट होंगे तो राहुल ने कहा,उसने दिखाया है कि वह वाकई बहुत अच्छा खिलाड़ी है। हमने आईपीएल में उसे खेलते देखा कि उसमें कौशल है लेकिन उसने टी20 श्रृंखला में जो जज्बा दिखाया, दबाव में संयम दिखाया, वो देखना अच्छा रहा। मैंने उससे भी यह बात कही। राहुल ने कहा, वनडे प्रारूप में भी, उसने प्रथम श्रेणी क्रिकेट के सभी प्रारूपों में प्रदर्शन किया इसलिये हां, उसे वनडे श्रृंखला में मौका मिलेगा। वह एक और बल्लेबाज बी साई सुदर्शन के बारे में भी बात करते हुए इतने ही उत्साहित थे जिनके भी इस श्रृंखला में सीनियर पदार्पण करने उम्मीद की जा रही है।

# बांग्लादेश के खिलाफ टी 20 सीरीज में कप्तानी करेंगे केन विलियमसन

**एजेंसी। नेपियर**

बांग्लादेश के खिलाफ 27 दिसंबर से शुरू होने वाली टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम का ऐलान हो चुका है। साथ ही केन विलियमसन की कप्तान के रूप में वापसी हुई है। विलियमसन ने आखिरी बार नवंबर 2022 में भारत के खिलाफ टी20 मैच खेला था और वह घुटने की सर्जरी से उबरने के कारण इंग्लैंड में इस साल की श्रृंखला सहित प्रारूप में हालिया असाइनमेंट से चूक गए थे। विलियमसन के अलावा, जिमी नीशम और बेन सियर्स भी इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला से चूकने के बाद टी20 टीम में लौट आए हैं। सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे के चयन पर विचार नहीं किया गया। इस साल भारी कार्यभार के बाद वह आराम की अवधि पर हैं। चोट के कारण माइकल ब्रेसवेल, लॉकी फर्ग्यूसन,



मैट हेनरी और हेनरी शिप्ले बाहर हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने श्रृंखला के लिए चयन के लिए खुद को बाहर रखा। मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला अगले साल 4-30 जून तक वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए टीम की तैयारी की शुरूआत है।

## फिल साल्ट का शतक, इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराया

**एजेंसी। सेंट जॉर्ज**

सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने पहला नाबाद टी-20 शतक जमाया, जबकि युवा हैरी ब्रूक की छोटी लेकिन विस्फोटक पारी ने इंग्लैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 2-1 से बढ़त दिला दी। निकोलस पूरन ने 45 गेंदों में 82 रनों का करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया, जिसके बाद वेस्टइंडीज ने जीत के लिए 223 रनों का बड़ा लक्ष्य इंग्लैंड के सामने रखा था। साल्ट ने सिर्फ 56 गेंदों में नाबाद 109 रन बनाए और 51 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने कप्तान जोस बटलर के साथ पहले विकेट के लिए सिर्फ 11.2 ओवर में 115 रन जोड़े। बटलर और जैक के जल्दी आउट होने के बावजूद साल्ट क्रीज पर जमे रहे। फिर, लिविंगस्टोन ( 18 गेंदों पर 30 ) के साथ मिलकर दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 34 गेंदों पर 70 रन जोड़े। बाद में, ब्रुक ने आंद्रे रसेल के खिलाफ अंतिम ओवर में 24 रन बनाए और केवल सात गेंदों पर 31 रन बनाकर नाबाद रहे और इंग्लैंड को एक गेंद शेष रहते हुए जीत दिलाई, जो इस प्रारूप में वेस्टइंडीज के खिलाफ उनका सबसे सफल लक्ष्य भी है।

## वॉर्नर की शतकीय पारी के बावजूद अपनी बातों पर कायम जॉनसन

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ पर्थ टेस्ट की पहली पारी में सलामी बल्लेबाज के 164 रन बनाने के बावजूद वह अभी भी डेविड वार्नर पर अपने विचारों पर कायम हैं। मिचेल जॉनसन तब सुर्खियों में आए जब उन्होंने कहा कि वार्नर पिछले तीन वर्षों में अपने खराब फॉर्म के कारण विदाई टेस्ट श्रृंखला के हकदार नहीं थे। साथ ही वो एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें 2018 केप टाउन सैंड पेपर गेट घोटाले में शामिल होने के कारण 12 महीने के लिए प्रतिबंधित किया गया था।

# मुंबई इंडियंस के कप्तान बने हार्दिक

**एजेंसी। मुंबई**

पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ने टूर्नामेंट के 2024 सीजन के लिए तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को अपना नया कप्तान घोषित किया है। हार्दिक पांड्या ने रोहित शर्मा की जगह ली है, जिन्होंने 10 सालों तक मुंबई इंडियंस की कमान संभाली है और पांच बार टीम को चैंपियन भी बनाया। फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा कि हार्दिक को कप्तान बनाना भविष्य को ध्यान में रखते हुए 2024 आईपीएल सीजन से पहले उनके महत्वपूर्ण नेतृत्व परिवर्तन का एक हिस्सा है। यह घोषणा 19 दिसंबर को दुबई में होने वाली आईपीएल 2024 खिलाड़ी नीलामी से ठीक पहले हुई है। मुंबई इंडियंस के वैश्विक प्रदर्शन प्रमुख माहेला जयवर्धने ने कहा, ₹मुंबई इंडियंस को हमेशा सचिन से लेकर हरभजन और रिकी से लेकर रोहित तक शानदार कप्तान मिले। अब हार्दिक पांड्या आईपीएल 2024 सीजन के लिए मुंबई इंडियंस की कप्तानी संभालेंगे। हम रोहित शर्मा के नेतृत्व के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। 2013 से मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में उनका कार्यकाल यादगार रहा है। हार्दिक ने अपने पहले सीजन में गुजरात को 2022 में आईपीएल खिताब दिलाया और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे। 2023 में, हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने दूसरी बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाई, जहां वे चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उपविजेता रहे। आईपीएल 2022 और 2023 दोनों सीजन में गुजरात ने हार्दिक के नेतृत्व में लीग चरण में अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था। बाद में, रिटेंशन विंडो समाप्त होने के एक दिन बाद 25 नवंबर को मुंबई ने गुजरात से



## क्रिस्टल पैलेस ने मैन सिटी को 2-2 से ड्रा पर रोका

**मैनचेस्टर।** माइकल ओलीस की स्टॉपेज-टाइम पेनल्टी ने देर से वापसी करते हुए क्रिस्टल पैलेस को मैनचेस्टर सिटी से 2-2 से बराबरी दिला दी। क्रिस्टल पैलेस ने एतिहाद स्टेडियम में एक असाधारण देर से बदलाव पूरा किया, क्योंकि जीन-फिलिप मटेटा के गोल और माइकल ओलिसे के 97 वें मिनट की पेनल्टी ने क्रिस्टल पैलेस को 2-2 से ड्रा दिला दिया। सिटी, जो फिर से घायल एर्लिंग हालैंड के बिना था, चौथे स्थान पर है, रविवार को मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ रेड्स के घरेलू मैच से पहले लिवरपूल से तीन अंक पीछे है जबकि पैलेस 17 अंकों के साथ 15वें स्थान पर है।

# पाक कप्तान निदा डार न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे से बाहर

**एजेंसी। क्राइस्टचर्च**

पाकिस्तान की कप्तान निदा डार न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 दिसंबर को क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में होने वाले तीसरे महिला वनडे मैच से बाहर हो गई हैं। अनुभवी ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर निदा के चेहरे पर 11 दिसंबर को क्वीन्सटाउन के जॉन डेविस ओवल में पहले वनडे के दौरान एक गेंद लगी थी और चोट के लक्षण विकसित होने के बाद उन्हें हेगले ओवल में दूसरा वनडे नहीं खेलना पड़ा था। पाकिस्तान क्रिकेट




बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि डॉक्टर और टीम फिजियो द्वारा मूल्यांकन के बाद निदा में पिछले दो दिनों में काफी सुधार हुआ है। बयान में कहा गया है, ₹हालाँकि, उन्हें चोट से उबरने के लिए अभी भी कुछ और समय की आवश्यकता है और खिलाड़ी की भलाई को ध्यान में रखते हुए, निदा को और आराम करने की सलाह दी गई है और इसलिए वह दौरे के अंतिम मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगी।

## व्यापार

# संकट के साल में भी चमका अदाणी ग्रुप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में शुमार गौतम अदाणी पर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा उनके बिजनेस समूह पर स्टॉक हेरफेर और अकाउंटिंग धोखाधड़ी के आरोप लगाने के बाद कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई। अदाणी ने आरोपों को नकारते हुए इसे भारत पर सोचा-समझा हमला बताया। लेकिन, अब इंफ्रास्ट्रक्चर किंग को बर्बाद करने की इस शॉर्ट-सेलर की नाकाम कोशिश, अदाणी ग्रुप के लिए वरदान साबित हो सकती है। हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के आने के बाद बाजार लगभग धराशायी हो चुका था। इस हमले ने समूह की 9 सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार मूल्य में 150 अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान पहुंचाया था। लेकिन, अगर जवाबों में कहीं उल्लंघन पाया गया तो उन पर सेबी (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड) से जुमानें से थोड़ा अधिक लग सकता है। ऑल टाइम हाई पर कारोबार कर रहे भारतीय शेयरों को लेकर व्यापक उत्साह से रेगुलेटर की कमियां भी फिलहाल दूर हो गई हैं। अदाणी की कोलंबो बंदरगाह परियोजना में अमेरिकी सरकार का निवेश भी इस पर मुहर लगाता है। अदाणी बंदरगाहों और हवाईअड्डों जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में भारत का सबसे बड़ा निजी ऑपरेटर है। रिन्यूएबल एनर्जी और ग्रीन हाइड्रोजन में उनका निवेश पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को तेल आयात पर निर्भरता कम करने में मदद कर सकता है। हिंडनबर्ग की झूठी रिपोर्ट ने कम से कम समूह के बारे में मुंबई के वित्तीय हलकों में बेचैनी को काफी कम कर दिया है और इससे भारत की तरक्की की तस्वीर भी दिखने लगी। जब अदाणी समूह को साल की शुरूआत में एक अमेरिकी शॉर्ट-सेलर ने

### अदाणी ग्रुप का घाटा भी काफी हद तक कम

अब ना सिर्फ बाजार की रौनक लौट चुकी है, बल्कि, अदाणी ग्रुप का घाटा भी काफी हद तक कम होकर 64 अरब डॉलर पर आ गया। अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर अभी भी 18% कम हैं। साथ ही 27 अरब डॉलर अदाणी पोर्ट्स और 24 अरब डॉलर अदाणी पावर जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद से 36% और 89% ऊपर हैं। अदाणी ने संकट का भरपूर फायदा उठाया। निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के लिए उन्होंने अपनी कुछ कंपनियों में जीक्यूजी और अबू धाबी समूह इंटरनेशनल होल्डिंग जैसे निवेशकों का स्वागत किया, जिससे समूह को काफी मदद मिली। अदाणी ने स्टॉक द्वारा समर्थित कर्ज का भी भुगतान किया,



उदाहरण के तौर पर अदाणी पोर्ट्स में सिर्फ 2.4% शेयर, सितंबर तिमाही तक गिरवी रहे और दिसंबर 2022 के आखिर में 17.3% से कम हैं। कैलकुलेट रिस्क ने समूह की तेजी से वृद्धि, लेवरेज और वैल्यूएशन का टेस्ट भी लिया। जबकि, शुद्ध कर्ज करीब 22 अरब डॉलर पर काफी हद तक अपरिवर्तित है। एबिटडा में कैश फ्लो की प्रॉक्सी बढ़ गयी है, जिससे कंसोलिडेटेड अनुपात 3.3 गुना से घटकर 2.5 गुना हो गया है। एलएसईजी डेटा के मुताबिक मार्किट कैपिटलाइजेशन के हिसाब से चार सबसे बड़े बिजनेस की कमाई 89 और 202 गुना के बीच है।

## अमेजन पर होम शॉपिंग सेल शुरू, 70% तक की छूट

**रांची।** अपने घर को आरामदायक माहौल और क्रिसमस के उत सवी रनों से सराबोर करें। अमेजन.इन की होम शॉपिंग सरी के साथ इस बार सर्दियों में अपने घर को एक आरामदायक और आकर्षक स्थल के रूप में बदलें और हैवेल्स, लिवगार्ड, ल्यूमिनस आदि टॉप ब्राड्स के गीजर, रूम हीटर और अन्य जैसे सर्दियों की आवश्यक वस्तुओं पर शानदार ऑफर प्राप्त करें। अमेजन.इन पर विक्रेताओं की ओर से शानदार डील्ला के साथ उपलब्ध लोकप्रिय होस, किचन और आउटडोर उत्पादों और क्रिसमस उत्पादों पर टॉप ऑफर्स के साथ 70% तक की छूट मिल रही है। होम डेकोरेशन के लिए नैटिविटी क्रिस सेंट बैवी जीसस 60% तक की छूट, जिल्लामा केक मौला और अन्य 40 % तक, बैंकिग टूल से और एप्लाएसेस 70% तक की छूट, क्रिसमस नाइटिसम पर 70% तक की छूट मिल रही है।

# ऊंचे मूल्यांकन व अल नीनों के कारण बाजार में करेक्शन संभव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा है कि ऊंचे मूल्यांकन, अल नीनो पर चिंता और विश्व जीडीपी में मंदी के कारण बाजार में निकट भविष्य में करेक्शन की संभावना है। उन्होंने कहा, घरेलू और वैश्विक दोनों मोर्चों से सकारात्मक संकेतकों के कारण बाजार नई ऊंचाई पर पहुंच गया।

मजबूत घरेलू औद्योगिक उत्पादन और विनिर्माण पीएमआई के साथ-साथ भारत के जीडीपी पूवार्नुमान पर आरबीआई की सकारात्मक टिप्पणियों ने तेजी के रुझान में योगदान दिया। अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में गिरावट और 2024 में फेड द्वारा कई दरों में कटौती की संभावना ने बाजार में उम्मीद बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि निवेशकों ने विश्वास जताया है कि मौद्रिक नीति में सामान्यीकरण से सॉफ्ट लैंडिंग की उम्मीद करते हुए, वित्त वर्ष 2024 की दूसरी छमाही में



अमेरिकी आर्थिक विकास पर छाए बादल हट जाएंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका से मांग बढ़ने, एआई-आधारित अवसरों के बारे में उम्मीदें और फेड द्वारा 2024 में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद में इस सप्ताह आईटी क्षेत्र में 7.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। एमके वेल्थ मैनेजमेंट के अनुसंधान प्रमुख जोसेफ थॉमस ने कहा है कि फेड द्वारा दरों को बरकरार रखने के फैसले से इक्विटी बाजार सभी सेक्टर और मार्केट कैप में बढ़ गया है। अगले साल दरों में कटौती की संभावना के कारण अमेरिकी बाजार सहित लगभग सभी बाजारों में तेजी आई है।

## बड़े ब्रांडों के कारण इलेक्ट्रॉनिक सामानों के एक मजबूत निर्यातक के रूप में उभरा भारत

# पीएलआई योजना रोजगार सृजन में गेम चेंजर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा मार्च 2020 में शुरू की गई प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना भारत के विनिर्माण क्षेत्र, रोजगार सृजन और निर्यात को बड़ा बढ़ावा देने में गेम चेंजर साबित हुई है। शीर्ष वैश्विक ब्रांडों एप्पल और सैमसंग के भारत निर्मित स्मार्टफोन के नेतृत्व में देश पहली बार इलेक्ट्रॉनिक सामानों के एक मजबूत निर्यातक के रूप में उभरा है।

पीएलआई योजना के कारण प्रमुख स्मार्टफोन कंपनियों ने अपने आपूर्तिकताओं को भारत में स्थानांतरित कर दिया है। इनमें ताइवान की दिग्गज कंपनी फॉक्सकॉन, विस्ट्रॉन और पेगाट्रॉन शामिल हैं। औद्योगिक मोर्चे पर एक और बड़ी सफलता में, अमेरिकी चिप दिग्गज माइक्रोन टेक्नोलॉजीज द्वारा अहमदाबाद के पास



सेमीकंडक्टर्स का उत्पादन करने के लिए एक कारखाना स्थापित करने पर काम चल रहा है। इस साल अप्रैल-अक्टूबर में भारत के इलेक्ट्रॉनिक सामानों के निर्यात में 60 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और यह 15.5 अरब डॉलर हो गया है, जबकि 2022-23 में पूरे साल में यह 23.6 अरब डॉलर रहा था। डीपीआईआईटी सचिव राजेश कुमार सिंह के अनुसार, पीएलआई योजनाओं के परिणामस्वरूप पिछले वित्त वर्ष 2020-21 (12.09 अरब अमेरिकी डॉलर) की तुलना में वित्त वर्ष 2021-22 (21.34 अरब अमेरिकी डॉलर) में विनिर्माण क्षेत्र में एफडीआई में 76 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई। भारत को 'आत्मनिर्भर' बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित पीएलआई योजना उत्पादन क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक चैंपियन बनाने में मदद करने के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये (लगभग 26 अरब अमेरिकी डॉलर) के प्रोत्साहन परिव्यय के साथ 14 क्षेत्रों की नींव पर बनाई गई है। दूरसंचार क्षेत्र में 60 प्रतिशत का आयात प्रतिस्थापन हासिल किया गया है और भारत एंटीना, जीपीओएन (गीगाबिट पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क) और सीपीई (ग्राहक परिसर उपकरण) में लगभग आत्मनिर्भर हो गया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, पीएलआई योजना के कारण ड्रोन क्षेत्र के कारोबार में 7 गुना उछाल देखा गया है, जिसमें सभी एमएसएमई स्टार्टअप शामिल हैं। खाद्य प्रसंस्करण के लिए पीएलआई योजना के तहत, भारत से कच्चे माल की सोर्सिंग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जिससे भारतीय किसानों और एमएसएमई की आय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। फार्मा सेक्टर में कच्चे माल के आयात में भी उल्लेखनीय कमी आई है।

## 40 करोड़ के आयात कम करने के लिए पाम ऑयल की खेती पर फोकस

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी सरकार ने अगस्त 2021 में खाद्य तेल-पाम ऑयल (एनएमईओ-ओपी) पर राष्ट्रीय मिशन शुरू किया, जिसमें घरेलू तिलहन उत्पादन को प्रोत्साहित करने और पाम तेल के तहत क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से 11,040 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। खाद्य तेलों के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए भारत के विभिन्न राज्यों में आक्रामक तरीके से खेती की जा रही है। हर साल 40,000 करोड़ रुपये का लगभग 9 मिलियन टन पाम तेल आयात किया जाता है, जो खाद्य तेल के कुल आयात का लगभग 56% है। वर्तमान में लगभग 28 लाख हेक्टेयर के कुल संभावित क्षेत्र के मुकाबले, केवल 3.70 लाख हेक्टेयर में पाम तेल की खेती होती है। एनएमईओ-ओपी के तहत 2025-26 तक पाम ऑयल क्षेत्र विस्तार के लिए निर्धारित लक्ष्य पाम ऑयल के क्षेत्र को 2019-20 के दौरान 3.5 लाख

# पाकिस्तान की महंगाई दर छह महीने के उच्चतम स्तर 43% पर

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की साप्ताहिक मुद्रास्फीति दर 14 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में छह महीने के उच्चतम स्तर 43.16 प्रतिशत पर रही। खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ती जा रही है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह बात कही गई। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, मुद्रास्फीति के मुख्य चालक खाद्य पदार्थ, विशेष रूप से चीनी, दालें, अंडे और चावल थे, जिनकी कीमतों में साल भर में तेज वृद्धि देखी गई। पाकिस्तान ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स (पीबीएस) के अनुसार, संवेदनशील मूल्य संकेतक (एसपीआई) में सप्ताह-दर-सप्ताह 0.06 प्रतिशत की गिरावट आई है। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, 1 जून को समाप्त सप्ताह के बाद से यह उच्चतम स्तर था, जब एसपीआई मुद्रास्फीति 43.17 प्रतिशत थी। यह लगातार पांचवां सप्ताह था, जब एसपीआई मुद्रास्फीति 40 प्रतिशत से ऊपर



रही। 16 नवंबर को समाप्त सप्ताह के लिए, एसपीआई 41.9 प्रतिशत, 23 नवंबर (41.13 प्रतिशत), 30 नवंबर (41.06 प्रतिशत), 7 दिसंबर (42.68 प्रतिशत) और अब 43.16 प्रतिशत पर थी। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने इस सप्ताह की शुरूआत में अपनी बेंचमार्क ब्याज दर को 22 प्रतिशत की रिकॉर्ड ऊंचाई पर अपरिवर्तित रखा, क्योंकि वह गैस की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी के बाद मुद्रास्फीति के दबाव में कमी के संकेतों का इंतजार कर रहा था। एसबीपी ने उच्च मुद्रास्फीति के जवाब में पिछले दो वर्षों के दौरान ब्याज दरों में कुल 15 प्रतिशत अंक की वृद्धि की है।

## चैनलों के लिए ऑटोमैटिक एल्बम फीचर शुरू करेगा व्हाट्सएप

**नई दिल्ली।** व्हाट्सएप चैनल फीचर को लेटेस्ट एंड्रॉइड बीटा में ऑटोमैटिक एल्बम क्रिएशन प्राप्त हुआ है। व्हाट्सएप चैनलों में ऑटोमैटिक एल्बम फीचर की शुरूआत से जनता के लिए उपलब्ध होने पर चैनल मालिकों को एक महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा। डब्ल्यूए बीटा इंफो की रिपोर्ट के अनुसार, यह नई कार्यक्षमता चैनलों में शेयर किए गए मीडिया के संगठन को बढ़ाकर और उन्हें एक एल्बम में समाहित कर यूजर एक्सपीरियंस को बढ़ाती है। रिपोर्ट में कहा गया, चूंकि यूजर्स कलेक्शन तक पहुंचने और ब्राउज करने के लिए ऑटोमैटिक एल्बम पर आसानी से टैप कर सकते हैं, हमारा मानना है कि यह चैनलों में शेयर मीडिया कंटेंट के नेविगेशन को सरल बनाता है और इंडिविजुअल मैसेज बबल्स की आवश्यकता को कम करता है, और अधिक विजुअली कन्वर्सेशन व्यू प्रदान करता है। कुछ बीटा टेस्टर्स चैनलों में मीडिया साझा करते समय ऑटोमैटिक एल्बम फीचर के साथ एक्सपेरिमेंट कर सकते हैं।